आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 238, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 16

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 15

## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

### बेटी का यौन शोषण करने पर 20 साल की जेल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नौ वर्षीय बेटी का यौन शोषण करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले का खुलासा उसके पड़ोसी ने किया था। पॉक्सो के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मंगलवार को अपने आदेश में 35 वर्षीय दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

### कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ से नोएडा तक जोरदार बारिश देखने को मिलेगी। अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

# हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

## उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

## गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

**इंटरनेशनल ट्रेड-शो**

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

विवेक सक्सेना/धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं, इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।



इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

### कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

**विधानसभा चुनाव**

## जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56 प्रतिशत से अधिक मतदान

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 80.74 प्रतिशत वोटिंग

**जम्मू/ श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण की 26 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया। रात साढ़े ग्यारह बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औसतन 56.94 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट श्री माता वैष्णो देवी सीट पर 80.74 प्रतिशत और हब्बाकदल सीट पर सबसे कम 19.81 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में छह जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, गंदेरबल, श्रीनगर और बड़गाम के 26 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। प्रवासी कश्मीरी मतदाताओं ने 24 विशेष मतदान केंद्रों में मतदान किया। प्रवासी कश्मीरियों के लिए जम्मू में 19, उधमपुर में एक और दिल्ली में चार मतदान केन्द्र बनाए गए थे। दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई।

# देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जजों को दी हिदायत-टिप्पणी करने में सावधानी बरतें
- कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी मामले में सुनवाई बंद

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ हों। साथ ही न्यायालय ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए ये कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था।

शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को पाकिस्तान कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे।

### किसी गलत बात पर परदा डालना समाधान नहीं

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता और इससे जुड़ी गोपनीयता इसे बहुत खतरनाक बनाती है। इस पर प्रधान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन मैं आपको बता दूं कि किसी गलत बात पर परदा डालना कोई समाधान नहीं है बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका जवाब कूपमंडूक बने रहना नहीं है। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच में अदालती कार्यवाहियों की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल हो गई है तथा देश के ज्यादातर हाईकोर्ट ने अब लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कांफ्रेंस के लिए नियम अपना लिए हैं। सभी को सतर्क रहना होगा कि अदालत में हो रही सुनवाई की पहुंच महज वहां उपस्थिति लोगों तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य दर्शकों तक भी उपलब्ध है।

# पैरासिटामॉल, ग्लिमेपिराइड सहित 53 दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल

नई दिल्ली, एजेंसी

ड्रग रेगुलेटर ने बुखार में अक्सर खाई जाने वाली पैरासिटामॉल, विटामिन डी3 सप्लीमेंट्स सहित 53 दवाओं को गुणवत्ता परीक्षण में फेल करार दिया है। इंडियन ड्रग्स रेग्युलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने 50 से ज्यादा दवाओं को खराब गुणवत्ता का पाया है। इनमें कैल्शियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंट, डायबिटीज की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं शामिल हैं। सीडीएससीओ हर महीने दवाओं की जांच के लिए कुछ दवाओं को चुनता है। फिर उनकी जांच की जाती है।



- विटामिन, शुगर, ब्लड प्रेशर और कुछ एंटीबायोटिक्स भी शामिल

इस बार विटामिन सी और डी3 की टैबलेट्स शेल्कल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल, एंटीएसिड पैन-डी, पैरासिटामोल आईपी 500 एमजी, डायबिटीज की दवा ग्लिमेपिराइड, हाई ब्लड प्रेशर की दवा टेल्मिसर्टन जैसी दवाओं का परीक्षण किया था, जो गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गईं। ये दवाएं हेटेरो ड्रग्स, एल्केम लैबोरेटरीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, मेग लाइफ साइंसेज, प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर कई दिग्गज दवा निर्माता कंपनियों द्वारा बनाई गई थीं।

## टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा। नुरुल इस्लाम पहली बार 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से चुने गए थे।

# वक्फ बिल पर 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है।

# राहुल की नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है।

जुलाई माह में इसी याची की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया था। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। याचिका में राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता धारण करने को अपराध बताते हुए सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

नई दिल्ली, एजेंसी

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्विक रैंकिंग में मिली जगह

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।



अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।





**2500** कंपनियों ने लगाए स्टाल
**350** खरीदार पहुंच चुके हैं ट्रेड शो में



**200** से अधिक कलाकार पेश करेंगे कार्यक्रम
**04** दिन चलेगा रंगारंग कार्यक्रमों का दौर



# ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा उप्र.

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा, एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार** : इंटरनेशनल ट्रेड-शो के फलदाई आयोजन से अभिभूत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही यूपी है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है।

### एमएसएमई की महत्ता बताई

योगी ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।



ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरुआत करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यहां होंगे अनेक कार्यक्रम

योगी ने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल यूपी के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजिक विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह यूपी के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा।

### बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा प्रदेश

योगी ने बताया कि यूपी न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है, जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है।

### यूपी के उत्पाद, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा शो

ट्रेड शो मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर सीएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लोकनिर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।

#### वियतनाम के सहभागी बनने पर जताया आभार

## यह प्रदर्शनी नहीं, बल्कि अवसरों की टोकरी : उप राष्ट्रपति

**अमृत विचार, नोएडा** : उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभी के लिए अवसरों की टोकरी है। यह कार्यक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्थानीय से वैश्विक' के मंत्र को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत बड़ा महायज्ञ हो रहा है, जो 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करेगा, इसमें हम सभी को भी आहुति देनी होगी। यह बातें बुधवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के शुभारंभ के अवसर पर कहीं।। उप राष्ट्रपति ने इस बात को लेकर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में दक्षिण एशिया में प्रभावशाली जीडीपी वाला देश वियतनाम 'भागीदार देश' के रूप में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि वियतनाम को इस बात के लिए आश्वस्त होना चाहिए कि वह 'सही जगह' पर है क्योंकि वे यहां 'सर्वश्रेष्ठ लोगों' से जुड़ सकते हैं। हम भारत और यूपी के साथ-साथ वियतनाम की समृद्ध संस्कृति का भी अनुभव यहां प्राप्त कर सकते हैं।



### यूपी देश की बड़ी ताकत

उप राष्ट्रपति ने कहा कि एक तरह से यूपी का पूरा कायाकल्प हो गया है। भ्रष्टाचार अब यूपी में अतीत की बात हो गई है। सबसे बड़ा राज्य यूपी अब देश की बहुत बड़ी ताकत बन गया है।



ट्रेड शो के दौरान वियतनाम के डेलीगेट से मिलते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## उत्तर प्रदेश का हुनर



पुलिस की महिला हेल्प डेस्क के स्टाल पर अमृत विचार अखबार पढ़ती युवतियां।



उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के स्टॉल पर असलहों की जानकारी लेते युवा।



ओडीओपी स्टॉल पर 75 जिलों के उत्पादों की जानकारी देते अभिनव कुमार और उनके साथी।



परिवहन विभाग के स्टॉल पर कठपुतली के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्राप्त करते दर्शक।



पशुपालन विभाग के स्टॉल पर गोपालन की जानकारी लेते लोग।

# बाप-दादा फेरी लगाते मर गए अब विदेशों तक पहुंच रहा हुनर

## छोटे उद्यमियों ने कहा- पहले कभी सरकारों ने नहीं दिया ऐसा प्लेटफार्म

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार** : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से सजा ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में प्रदेश भर से आए कारीगरों और शिल्पकारों का कहना था कि यह पुश्तैनी काम पहले गली, बाजार और मेलों तक ही सीमित था लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब विदेशों तक पहुंचाने का मंच दे दिया है। आजादी के बाद अगर कांग्रेस और उसके बाद की सरकारों ने ऐसा किया होता तो हम आज परिचय के मोहताज और भुखमरी के शिकार नहीं होते।

बरेली से आई पिंकी द्वारा बनाए गए बांस के सामान लोगों को लुभा रहे थे। पिंकी कहती हैं कि 2023 में भी अच्छा आर्डर मिला था इस बार भी उम्मीद है। बरेली की ही अंजू जरिदोंजी का सामान दिखाते हुए कहती हैं कि पहली बार आई हूं, हैंडीक्राफ्ट में अवार्ड मिल चुका है विदेश तक हुनर को पहुंचाऊंगी।

### कई देशों तक पहुंचेगा हमारा माल : फहीम-अकील

लखनऊ के मोहम्मद फहीम और मोहम्मद अकील कहते हैं कई पुश्तों से परिवार के लोग तोप दरवाजा से लेकर चौक तक लहंगा, सूट, साड़ी आदि चिकनकारी बेचते रह गए, अंतरराष्ट्रीय बाजार तो 2023 में यहां लगे एक्सपो के दौरान ही उपलब्ध हो पाया। एक्सपो के दूसरे संस्करण का आज पहला दिन है, उम्मीद है कि और कई देशों तक हमारा माल पहुंच जाएगा। यह अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी भी तारीफ की जाए कम है।





बरेली की अंजू।



बरेली की पिंकी।



संभल के शहादत हुसैन।



पीलीभीत के रिजवान।

### विदेशों में रिजवान की बांसुरी की मांग

पीलीभीत के रिजवान भाई बांसुरी बजाते हुए बताते हैं कि अब इसकी मांग विदेश में भी हो रही है। पहले तो मेलों में बजाकर और गलियों में बच्चों को हुनर दिखाकर कुछ पैसे कमा लेता था। संभल के शहादत हुसैन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि होर्न क्राफ्ट का स्टाइल पिछली बार यहां लगाया था तो लोगों को समझ आया कि विदेशी कला उत्तर प्रदेश में कितनी मजबूत है विदेश में लोग इसी सिंह से बने क्राफ्ट में शराब पीना भी सेहत की अच्छा मानते हैं। वाराणसी से रामेश्वर सिंह अपने खिलौने के लिए तो अरुण कुमार वर्मा मीनाकारी के लिए इस मंच को बड़ा बाजार पानी के लिए बेहतर मानते हैं। मुरादाबाद के हमजा कहते हैं कि इस तरह का मंच पहले मिल गया होता तो डोमेस्टिक वायरस की बढ़ती मांग से हम आसमान छूते, पहले केवल मेले में दुकान लगाकर कुछ कमाई होती थी।



ट्रेड शो के दौरान वाद्य यंत्रों के स्टाल पर ड्रम बजाकर संगीत के प्रति प्रेम दर्शाते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी।

## निवेशकों का चहेता डेस्टिनेशन बन चुका है उत्तर प्रदेश : मांझी

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा**: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। उन्होंने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ओडीओपी योजना की सराहना करते हुए कहा कि देश में औद्योगिक वातावरण बनाने में यूपी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के आर्थिक विकास का रास्ता यूपी से जाता है। यहां योगी सरकार द्वारा विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर देने की वजह से उत्तर प्रदेश निवेशकों का चहेता डेस्टिनेशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से यूपी को एमएसएमई सेक्टर के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारत से निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है। उत्तर प्रदेश में देश की 14 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां स्थापित हैं, जिनकी संख्या 96 लाख से अधिक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, साथ ही महिला सशक्तिकरण में भी इस सेक्टर का बड़ा योगदान है।

## योगी राज में बदले हालात तो उद्यमियों के सपनों को लगे पंख

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा** : उत्तर प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नकेल का परिणाम है कि बिजनेस के क्षेत्र में प्रदेश नित नई ऊंचाई छू रहा है। शहर-ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी सुरक्षा की भावना के साथ कारोबार कर रही हैं। युवा बेहतर भविष्य के लिए नौकरी मांगने नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। यूपी के विकास और तरक्की की बानगी ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में बुधवार को ट्रेड शो में दिखी।



एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के स्टॉल पर अमृत विचार अखबार पढ़ता पाठक।

### प्रोत्साहित करती है सरकार : उत्प्रेरक

सिद्धार्थनगर के उत्प्रेरक ने एक साल पहले स्टार्टअप शुरू किया। तय समय में कारोबार तो शुरू हुआ ही, सरकार ने सब्सिडी भी दी। साथ ही लगातार प्रोत्साहित किया। इन्हें थाईलैंड सरीखे देशों में लगने वाली प्रदर्शनी में भी भेजा गया।

### ऐसे आयोजन का होना खास : आस्था

ग्रेटर नोएडा निवासी आस्था चौधरी ने कहा, , दिल्ली में भी इस तरह के आयोजन होते हैं, लेकिन ग्रेटर नोएडा से दूर होने की वजह से वहां जा नहीं पाते हैं, अपने ही शहर में इस तरह का इंटरनेशनल आयोजन होना महत्वपूर्ण है।

### स्वयं सहायता समूह की सफल गाथा हैं गुंजन

अंबेडकर नगर की गुंजन ने बताया कि उनके पति होटल पर काम करते थे। कोरोना काल में नौकरी छूट गई। गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से 10 हजार रुपये उधार लेकर पिज्जा बनाने की मशीन खरीदी। काम चल निकला तो दूसरी बार 50 हजार और बाद में एक लाख रुपये लेकर बड़ी मशीन खरीद ली।

### सरकार से मिली किट व ट्रेनिंग : आयशा

प्रयागराज की आयशा बेगम मूंज के उत्पाद बनाती हैं। मूंज बनाने के लिए सरकार ने उनकी टीम की सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। किट भी उपलब्ध कराई गई।

### सरकार दे रही अधिक सब्सिडी : संयम

मुजफ्फरनगर के संयम जॉगरी कारोबार करते हैं। संयम कहते हैं कि योगी सरकार दिल्ली के मुकाबले अधिक सब्सिडी दे रही है। बिजली भी अब 24 घंटे रहती है।

### सुरक्षित महसूस करती हैं महिलाएं : संस्कृति

वाराणसी की संस्कृति जरी क्राफ्ट का बिजनेस करती हैं। उन्होंने कहा कि योगी राज में कानून व्यवस्था की स्थिति सही हो गई। एक महिला होने के बावजूद उन्हें कभी डर नहीं लगता। सरकार सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन से महिलाओं को जोड़ रही है।

## 70 देशों का होगा प्रतिभाग 4 लाख फुटफॉल के आसार

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा** : इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रक्षा, कृषि, ई-कॉमर्स, आईटी, जीआई, शिक्षा, अवस्थापना, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, डेयरी उद्योग आदि के 2500 स्टॉल लगाए गए हैं। एमएसएमई क्षेत्र को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इस ट्रेड शो का आयोजन लगातार दूसरे साल किया जा रहा है। इस वर्ष यूपीआईटीएस में 70 देशों का प्रतिभाग और 4 लाख फुटफॉल की संभावना है। ट्रेड शो में प्रदेश के निर्यातकों, ओडीओपी और महिला उद्यमियों का प्रतिभाग बड़े स्तर पर हो रहा है। इससे छोटे उद्यमियों को ग्लोबल शोकेस मिलेगा।

**कारोबार के साथ मनोरंजन भी** | अयोध्या के शीतला प्रसाद ने फरुवाही नृत्य ने मन मोहा, कानपुर के अंकित का सुगम संगीत व वियतनाम के कलाकारों ने जमाया रंग

# देश-विदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार**: इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बुधवार से शुरू हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में जहां देशभर की 2500 विभिन्न कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादन व संस्थान की विशेषताओं की जानकारियां दे रही हैं। वही संस्कृति विभाग ने यहां आने वाले लोगों को प्रदेश की लोक कलाओं से अवगत कराने व उनके मनोरंजन की भी व्यवस्था की है।

बुधवार शाम प्रयागराज की प्रीति सिंह ने ढेढ़ीया नृत्य, बांदा के रमेश पाल ने पाई-डंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा ने फरुवाही नृत्य और नोएडा के गौरव नागर ने गुजरी नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुक्ताकाशी मंच पर नोएडा की माधवी मधुकर नए भजन, वियतनाम के कलाकारों ने लोक नृत्य और कानपुर के अंकित तिवारी ने सुगम संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।



मुक्ताकाशी मंच पर भजन गायन करतीं नोएडा की माधवी मधुकर।

गुरुवार को कौशांबी के कलाकार संतोष कुमार मसकबीन, अयोध्या की सुनिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक नृत्य नाटिका, झांसी की वंदना कुशवाहा राई लोकनृत्य, मथुरा के राजेश शर्मा मयूर, सोनभद्र के महेंद्र मादल और आजमगढ़ के उमेश कनौजिया धोबिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मुक्ताकाशी मंच पर आज शाम वोलीबिया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेजुएला के कलाकारों के साथ प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय व लखनऊ की कनिका कपूर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।

27, 28 व 29 सितंबर को पीलीभीत के बंटी राणा थारू, सोनभद्र की सुरतिया सिंहा, मथुरा के दीपक शर्मा मयूर, गाजीपुर के सुनील धोबिया, झांसी के जीके शर्मा सैरा, अयोध्या की अराधना गौतम बधवा लोकनृत्य पेश करेंगे। लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुवाही लोकनृत्य, अमेठी के त्रिपुरारी महाराज नटवरी नृत्य, प्रयागराज की बिना सिंह ढढ़ीया नृत्य और झांसी के रघुवीर सिंह यादव पाई-डंडा नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

27 सितंबर की शाम मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रिज के लोक गायन वाराणसी के विशाल कृष्णा शिव तांडव कथक नृत्य नाटिका और पवनदीप अरूणिता सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे। 28 की शाम लखनऊ की संजोली पांडे संस्कार गीत गायन, सहारनपुर की रंजना नेब कथक नृत्य (रामकथा नाटिका) व माधवा बैंड का कृष्ण भक्ति गायन होगा। शो के अंतिम दिन 29 सितंबर की शाम मुक्त काशी मंच पर महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोक गायन, आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नित्य नाटिका व डॉ.पलाश सेन यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति देंगे।

### लेजर शो से दिखेगी विकास गाथा

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा** : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के पांच दिवसीय आयोजन के दौरान बहुप्रतीक्षित आकर्षणों में लेजर शो का आयोजन भी शामिल है। इस प्रभावशाली आयोजन का शीर्षक 'उत्तर प्रदेश - समय और प्रगति के माध्यम से एक यात्रा' होगा। 27 और 28 सितंबर 2024 की शाम को इसका भव्य आयोजन होगा। यह आकर्षक शो हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में शाम 7 बजे शुरू होगा और दूसरे दिन भी इसका दोबारा प्रदर्शन होगा। तकनीकी के माध्यम से इस प्रभावशाली शो के जरिए दर्शकों को उत्तर प्रदेश के समृद्ध ऐतिहासिक और विकासात्मक माइलस्टोन को प्रदर्शित किया जाएगा। । प्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से लेकर व्यापार और उद्योग में इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक का प्रदर्शन इस शो के जरिए किया जाएगा। इस शो के जरिए दर्शक प्रगति की एक शानदार यात्रा के गवाह बनेंगे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादल छाए रहेंगे उमस बढ़ेगी बारिश होने की भी संभावना है।

| 33.0⁰ | 24.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज

- केजीएमयू में एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए सिमुलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम– 10:00 बजे
- एमिटी यूनिवर्सिटी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यशाला– 10:00 बजे
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के लोहिया सभागार में अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण की अध्यक्षता में फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा– 11:00 बजे।
- केडी सिंह स्टेडियम स्थित स्व. बीएन सिंह की प्रतिमा स्थल पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय प्रतिरोध दिवस– 12:30 बजे।
- सूर्या आडीटोरियम में रक्षा संपदा, मध्य कमान के तत्वावधान में कवि सम्मेलन– 4:30 बजे।
- निरालानगर रामकृष्ण मठ में स्वामी अभेदानंद जयन्ती पर प्रार्थना सभा और संगीत का आयोजन– 7:00 बजे।
- गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में बसंत महोत्सव – 6:30 बजे।

## एक नजर

### कर्मियों के साथ बैठक करेंगे नगर आयुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम और जलकल कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए नगर आयुक्त विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का समय और तिथि निर्धारित कर दी है। शाम 6 से 7 बजे तक बैठक होगी। 27 सितंबर को नगर निगम कर्मचारी संघ और नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ के साथ बैठक की शुरुआत करेंगे।

### लखनऊ आ रहे विमान की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

अमृत विचार, सरोजनीनगर : अबूधाबी से चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट आ रहे इण्डिगो के विमान (6ई–1457 में एक यात्री की तबीयत खराब हो गई। जिसके चलते विमान की अहमदाबाद एयरपोर्ट इमरजेंसी लैंडिंग कराई। बीमार यात्री को चिकित्सीय सुविधा दी गई। करीब 2 घंटे बाद विमान को लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

### सीतापुर रोड योजना के किसानों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : सीतापुर रोड योजना से प्रभावित किसान भी एलडीए से चबूतरों की मांग कई साल से कर रहे हैं। बुधवार को सीतापुर रोड स्थित बास मंडी में भारतीय किसान यूनियन राजू गुप्ता संगठन के बैनर तले किसानों ने महापंचायत कर आवाज बुलंद की। धरना देकर नारेबाजी की। जहां, चबूतरे दिए जाने हैं वहां अतिक्रमण का विरोध किया। जिला प्रभारी रमेश राजपूत ने बताया कि इस दौरान पहुंचे एलडीए के अधिकारियों ने 27 सितंबर से अतिक्रमण हटाकर 9 अक्टूबर को कैंप लगाकर 200 चबूतरा आवंटित करने का आश्वासन दिया।

# लीला सिनेमा के पास धंसी सड़क बनने में लगेंगे दो दिन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लीला सिनेमा हॉल के पास नवल किशोर रोड सीवर लाइन में लीकेज से धंसी थी। सड़क पर लगभग 1 फिट चौड़ा और 2 फिट गहरा गड्ढा हो गया था। बुधवार को नगर निगम के अभियंता जब सड़क सही कराने पहुंचे तो खुदाई में पता चला कि सीवर लाइन में लीकेज है। नगर निगम के नगर अभियंता किशोरी ने बताया कि सुएज इंडिया के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। सीवर में लीकेज की मरम्मत का काम कंपनी कराएगी। जिसके बाद सड़क नगर निगम बनाएगा। इसमें दो दिन का समय लग जाएगा।



शहर में सड़कें धंसने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को विकास नगर सेक्टर-6 में सड़क धंस गई। यातायात विभाग ने बैरिकेडिंग लगाकर धंसे हिस्से से आवागमन बंद करा दिया है। अमृत विचार

# एक-एक लाख की फाइलें बना कर भरने लगे सड़कों के गड्ढे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ नगर निगम ने शुरू की अब आनन-फानन टेंडर निकालने की तैयारी

अमृत विचार : 10 अक्टूबर से पहले सभी खराब सड़कें बनाने की मुख्यमंत्री की डेडलाइन जारी होने के बाद मंगलवार को गोमती नगर सहित कई इलाकों में नगर निगम ने सड़कों के गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया। इसके लिए एक-एक लाख रुपये की फाइलें बना पहले उन क्षेत्रों की सड़कें बनाई जाएंगी जहां ज्यादा गड्ढे हैं। नगर निगम के अभियंत्रण विभाग ने खराब सड़कें बनाने और गड्ढे भरने के लिए फाइलें तैयार कर आनन-फानन टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है।



सड़क पर बड़ा गड्ढा। अमृत विचार

नगर निगम के सभी 8 जोन में सड़कों पर गड्ढे और टूटी पुलिया की रिपोर्ट जोन के अभियंता पहले ही मुख्य अभियंता कार्यालय को भेज चुके हैं। अभी खराब सड़कों की रिपोर्ट आनी बाकी है। मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद नगर निगम के मुख्य अभियंता ने सभी जोन से खराब सड़कों की रिपोर्ट तत्काल मांगी है। गड्ढा भरने और सड़क बनाने के लिए गुरुवार से टेंडर निकालने का काम शुरू हो जाएगा। जैसे-जैसे टेंडर निकलते जाएंगे गड्ढे भरने और सड़कें बनाने का काम होता रहेगा।

# संसाधन विहीन रामकी पर नगर निगम मेहरबान

## टेंडर के 8 महीने में अपने संसाधन नहीं जुटा पाई हैदराबाद की कंपनी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ नगर निगम की छोटी गाड़ियों जेसीबी, डम्पर आदि का कर रही इस्तेमाल

▸▸ सभी घरों से कूड़ा कलेक्शन और डंपिंग यार्डों से समय से नहीं हो रहा उठान

अमृत विचार : शहर की साफ-सफाई का टेंडर लेने वाली कंपनी रामकी पर नगर निगम के अधिकारी कुछ ज्यादा ही मेहरबान हैं। कंपनी 8 महीने में अपने संसाधन नहीं जुटा पाई है लगभग सवा तीन सौ करोड़ सालाना का ठेका होने के बावजूद कंपनी नगर निगम के संसाधनों से ही साफ-सफाई का काम कर रही है।

हैदराबाद की कंपनी रामकी को दिसंबर 2023 में 5 जोन की सफाई का टेंडर दिया गया था। तब दावा किया गया कि कंपनी 3 महीने में अपने संसाधन जुटाकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सफाई और कूड़ा उठान शुरू कर देगी। टेंडर हए 8 महीने बीत चुके हैं। कंपनी अभी भी कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम की छोटी गाड़ियां, जेसीबी, डम्पर सहित अन्य संसाधन का इस्तेमाल कर रही है। संसाधनों के कमी के कारण कंपनी हजरतगंज समेत शहर के कई इलाकों के डम्पिंग यार्डों और घरों से कूड़ा समय पर नहीं उठा पा रही है।

> कंपनी को जल्द से जल्द संसाधन जुटाने के लिए निर्देशित किया गया है। घरों और डम्पिंग यार्डो से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। पूरा काम न करने पर भुगतान में कटौती की जाएगी।
>
> –पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

### टेंडर के बाद बदलती गईं शर्तें

रामकी कंपनी को दिसंबर 2023 में जोन 1, 3, 4, 6 और 7 में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, रोड स्वीपिंग, कूड़ा प्रबंधन और निस्तारण के लिए कूड़ा शिवरी प्लांट तक पहुंचाने का काम मिला था। टेंडर के समय अधिकारियों ने बताया था 3 महीने तक नगर निगम अपने संसाधन इस्तेमाल करने पर कंपनी से किराया नहीं लेगी। बाद में ये अवधि बढ़ाकर 1 साल कर दी गई।

### प्रतिवर्ष 329 करोड़ रुपये का भुगतान

नगर निगम 5 जोन में कूड़ा प्रबंधन के लिए रामकी कंपनी को प्रति वर्ष लगभग 329 करोड़ रुपये भुगतान करेगा। इतनी बड़ी धनराशि लेने के बाद भी कंपनी संसाधन नगर निगम के ही इस्तेमाल कर रही है। इसके बावजूद कंपनी अभी तक अपने जोनों के सभी घरों से कूड़े का उठान शुरू नहीं कर पाई है। सड़कों और नालियों की सफाई भी कार्यदायी संस्थाएं ही कर रही हैं।

### हरिहरपुर में अतिक्रमण मुक्त कराई 50 करोड़ की भूमि

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को सरोजनी नगर तहसील के हरिहरपुर गांव में लगभग 50 करोड़ मूल्य की 1,59,003 वर्ग फीट भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि हरिहरपुर गांव में गाटा संख्या 636 आदि का संयुक्त सीमांकन कराया गया। ग्राम वासियों ने बताया कि एक डीलर ने गाटा संख्या 636 में ऊसर खाते की भूमि में विनिमय कराकर 0.521 हेक्टेयर भूमि प्राप्त कर ली। उसकी आड़ में अधिक क्षेत्रफल में कब्जा कर नगर निगम की भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। अभियान में गाटा संख्या 636, 234, 221, व 632 से 1,59,003 वर्ग फीट भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। गाटा संख्या 636 में नगर निगम की बेशकीमती भूमि अंसल में स्थित लूलू मॉल के विपरीत दिशा में शहीद पथ की सर्विस लेन के पास है।

# अमिताभ ठाकुर ने की जांच की मांग, अवनीश अवस्थी बोले निराधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उत्तराखंड के बंगले से कथित 50 करोड़ रुपये कैश चोरी हो जाने का मामला

अमृत विचार: प्रदेश के एक पूर्व नौकरशाह के उत्तराखंड के बंगले से कथित 50 करोड़ रुपये कैश चोरी हो जाने की खबर राजनीतिक रंग ले रही है। इस खबर पर पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उक्त नौकरशाह का नाम लिए बिना अपने एक्स अकाउंट पर चुटकी ली तो बुधवार को राजनीतिक कार्यकर्ता और पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने अधिकारी के नाम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री से जांच की मांग रख दी।

वहीं, सेवानिवृत्त आईएएस अफसर अवनीश अवस्थी ने आरोपों को निराधार बताते हुए घटना में शामिल सभी पर कार्रवाई करने की जानकारी अपने एक्स अकाउंट पर दी। इससे पहले आजाद अधिकार सेना पार्टी बनाकर राजनीतिक राह पकड़ चुके अमिताभ ने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, पिछले दिनों यूपी के पूर्व नौकरशाह और वर्तमान में यूपी सरकार के सलाहकार के उत्तराखंड के भीमताल, हल्द्वानी स्थित बंगले से कथित रूप से 50 करोड़ चोरी हो जाने की खबर सामने आई है।

इस प्रतिक्रिया में उन्होंने अवनीश अवस्थी का जिक्र करते हुए बताया कि इसके लिए मैंने यूपी के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर इन तथ्यों से अवगत कराते हुए एक रिटायर्ड हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाकर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इसी के बाद अवनीश अवस्थी ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पलटवार किया।

उन्होंने लिखा कि मैं इन निराधार दावों की कड़ी निंदा करता हूं। साथ ही यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस विशेष घटना में शामिल प्रत्येक इकाई के खिलाफ कड़ी और निर्णायक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अपने करियर की शुरुआत से ही मैं अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध रहा हूं और सिविल सेवा में मेरा 37 साल का बेदाग करियर रहा है। जानबूझकर मेरी छवि खराब करने के ऐसे दुर्भावनापूर्ण प्रयास और तथ्यों से परे किसी विश्वसनीय स्रोत के बिना अफवाह फैलाना अनुचित है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस क्रम में उन्होंने शरारती तत्वों को चेताया कि वे आगे से झूठे दावे फैलाने से बचें, क्योंकि मैं पहले से ही अनुमेय कानूनी तरीकों के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया में हूं।

# बुखार से पीड़ित युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी क्षेत्र के कुशमौरा गांव निवासी में पवन पाल (34) को करीब 10 दिन से तेज बुखार आ रहा था। भाई काका पाल ने बताया हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। राहत मिलने पर 3 दिन पहले घर ले आए थे। मंगलवार को पवन की तबीयत फिर बिगड़ गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने प्लेट्लेटस काउंट कम होना बताया। भर्ती कर इलाज शुरू किया गया, कुछ घंटे बाद ही पवन की मौत हो गई। परिजन ने बताया कि पवन को बुखार के साथ लिवर की समस्या थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बड़ी संख्या में लोग बुखार से पीड़ित हैं।

# गर्लफ्रेंड की मांग पूरी करने को विधि छात्र बना चोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जहां रहता था उसी अपार्टमेंट के तीन फ्लैट में की वारदात

▸▸ आरोपी से मोबाइल, लैपटाप, सोने की तीन चेन बरामद

अमृत विचार: गर्लफ्रेंड की मांग पूरी करने के लिए विधि छात्र चोर बन गया। जिस अपार्टमेंट में रहता था वहीं तीन फ्लैट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने छात्र को गिरफ्तार कर बुधवार को खुलासा किया।

प्रशिक्षु आईपीएस एसीपी गोसाईंगंज किरन यादव ने बताया कि आरोपी रवि गुप्ता महराजगंज के देउवा का रहने वाला है। वह एमआर गोमती ग्रींस में रहकर विधि की पढ़ाई कर रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि पिता मजदूरी करते हैं। गर्लफ्रेंड ने कुछ मांग की थी, जिसकी वह खरीद नहीं पा रहा था। उसने ऐसे फ्लैट को निशाना बनाया, जिनमें लोग अकेले रहते थे। उनके नौकरी पर जाने के बाद काफी समय तक फ्लैट बंद रहता था। दो-तीन दिन रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया। एसीपी ने बताया आरोपी के पास से मोबाइल, लैपटाप, सोने की तीन चेन और अन्य माल बरामद किया गया है। वह इसे बेचने की तैयारी कर रहा था।

एसीपी ने बताया कि चोरों की तलाश में तीन टीमें लगाई गईं थी। गार्ड, नौकर समेत संदिग्धों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी पर चोरी का शक नहीं हो रहा था। आवंटियों से पूछताछ की गई, तब रवि पर कुछ शक हुआ था। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि लगातार चोरियों से आवंटी परेशान हो चुके थे। सीसीटीवी फुटेज में भी कोई आता-जाता नहीं दिखा। गार्ड की गतिविधियों पर नजर रखी गई। सर्विलांस टीम ने मोबाइल लोकेशन निकलवाई। उसमें पाया गया कि एक फोन उसी क्षेत्र में मौजूद रहता था। शक के आधार पर गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो रवि ने जुर्म स्वीकार कर लिया।

### पड़ोसी युवती पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : गौतमपल्ली स्थित जिया मऊ में रहने वाली महिला के बंद मकान में 3.50 लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गए। । जियामऊ इलाके में रहने वाली संध्या नायक सात सितंबर को घर पर ताला लगाकर बहन से मिलने इंदिरानगर गई हुई थी। शाम जब संध्या घर पहुंची तो मुख्य द्वार पर लगा ताला पहले से खुला मिला। संध्या ने इसपर ध्यान नहीं दिया। अगले दिन उनकी मां को सोनभद्र जाना था तो उन्होंने संध्या से अपने जेवर मांगे। संध्या ने जब अलमारी खोली तो उसमें रखे जेवर और नकदी गायब थी। पीड़िता का आरोप है कि सीसीटीवी कैमरे में मनीषा यादव के हाथ में उनके घर से चोरी किया गया बैग दिखा है। पीड़िता की शिकायत पर गौतमपल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 15 महीने में किए 25 करोड़ खर्च फिर भी लटक रहे तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिजली विभाग निर्धारित समय में केबल अंडरग्राउंड नहीं कर पाया

अमृत विचार: बन रही स्मार्ट सिटी में पावर कारपोरेशन निर्धारित 15 महीने बाद भी केबिल भूमिगत नहीं कर पाया है। केबल भूमिगत करने में करीब 25 करोड़ रुपये खर्च भी हो चुके हैं।

कैसरबाग, अमीनाबाद, चौक और अन्य बिजली की केबल लाइन सबसे पहले अंडरग्राउंड करने के लिए चिह्नित किए गए थे। इसके बाद अन्य इलाकों का चयन किया गया था। आलमबाग, कैसरबाग, नजीराबाद, भूतनाथ, चौक आदि इलाकों में केबल अंडरग्राउंड करने का कार्य किया गया। बाद में फंड के अभाव में कार्य रुक गया। समीक्षा के बाद कार्य में तेजी लाने के लिए 25 करोड़ की धनराशि आवंटित कर तीन महीने का और समय दिया गया था। इस संबंध में मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती वीके सिंह ने कहा कि केबिल अंडरग्राउंड करने में बजट की समस्या रही। कई बार उपभोक्ता भी रोड़ा बने। जैसे-जैसे बजट उपलब्ध हो रहा है, काम तेजी से कराया जा रहा है।

### कई क्षेत्रों में गड्ढे भी बंद नहीं किए

आलमबाग के कारोबारियों ने बताया कि तारों को अंडरग्राउंड करने के लिए कई जगह सड़कें खोदी गईं थीं। गड्ढों का भरने और सड़कें ठीक करने का काम नहीं किया गया। कई जगह पर तार और केबिल लटक रहे हैं। इन्हीं से बिजली आपूर्ति हो रही है।

# औचक निरीक्षण करने पहुंचे मनरेगा लोकपाल

अमृत विचार, काकोरी: ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराए गए कार्यों का हो रहा सोशल ऑडिट का औचक निरीक्षण करने मनरेगा लोकपाल आरआर जैसवार पहुंचे और बारीकियों को परखा। बुधवार को विकास खंड काकोरी की ग्राम पंचायत कुशभरी में वित्तीय वर्ष 2020-24 में मनरेगा से विकास कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना का सोशल ऑडिट चल रहा था। ग्राम सभा की बैठक में मनरेगा लोकपाल आरआर जैसवार पहुंच गए। उन्होंने पत्रावलियों को बारीकी से देखा एवं श्रमिकों से मनरेगा के विषय में जानकारी ली।

# सोना उच्चतम शिखर 77,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चांदी भी 93,000 हजार रुपये प्रति किलो के पार निकली

अमृत विचार: वैश्विक उथल-पुथल और भंडारण से सोना व चांदी अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। रिकार्ड बनाने की ओर बढ़ रही दोनों धातुओं की कीमतों की रफ्तार फिलहाल थमती नजर नहीं आ रही है। नवरात्र और सहालग से पहले दामों में उछाल से कारोबारी तो उत्साहित हैं, लेकिन कीमतें ऐसे ही बढ़ती रहीं तो ग्राहकों की जेब ढीली होना तय है।

मंगलवार को सोना 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। राजधानी के सर्राफा बाजारों में बुधवार को सोने का भाव 900 रुपये की तेजी के साथ 77,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। चांदी 93 हजार रुपये प्रति किलो के भाव को पार कर गई है। कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी शामिल है। कस्टम डयूटी कम होने के बाद माना जा रहा था कि सोना और चांदी की कीमतें घटेंगी।

पितृ पक्ष के कारण बाजारों से अभी रोजमर्रा के ग्राहक कम हैं। कारोबारी कह रहे हैं कि शुभ दिनों की दस्तक के साथ ही कारोबार पीली और धवल दोनों धातुएं और चमकेगी।

### लखनऊ में सोने का भाव

| माह | सोने की कीमत |
|---|---|
| 21 सितंबर | 76,500 |
| 23 सितंबर | 76,800 |
| 24 सितंबर | 76, 950 |
| 25 सितंबर | 77,850 |

भाव : 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम जीएसटी समेत

### अब तक का सबसे अधिक भाव : कैलाश चंद्र

चौक सर्राफा के अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन ने कहा कि सोना और चांदी अपनी सर्वकालिक ऊंचाइयों को छू रही है। दोनों धातुओं का अब तक का सबसे अधिक भाव है। यह कहां रुकेगा कहना मुश्किल है। सहालग से पहले इस तरह दाम बढ़ने से ग्राहक परेशान हैं। शादी-ब्याह पर खरीदारी से उनकी जेब पर असर पड़ेगा।

### 24 घंटे में 900 रुपये की तेजी : आदीश जैन

चौक सर्राफा बाजार के व्यापारी आदीश जैन ने कहा कि वर्ष 2023 में अगस्त में सोना करीब 60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास था। सितंबर 2024 में सोने की कीमत 77, 850 रुपये तक पहुंच गई है। 24 घंटे के दौरान 900 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी सोने में दिख रही है।

### भाव में तेजी अभी थमेगी नहीं

इंडिया बुलियन ज्वैलर्स के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल, देशों द्वारा किया जा रहा भंडारण और युद्ध को देखते हुए फिलहाल भाव गिरने वाले नहीं हैं। सोना और चांदी के भाव में तेजी अभी नहीं थमेगी। सोना अभी रिकार्ड बनाएगा। नवरात्र और सहालग से पहले सोना नया शिखर छुएगा। चार से पांच दिन में यह 78 हजार रुपये का आंकड़ा पार कर लेगा। चांदी भी 94 हजार प्रति किलो का आंकड़ा से पार कर लेगी।

जागरुकता — मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने प्रशिक्षित कर बताई गाइडलाइन

# होटल-रेस्टोरेंट में लिखें संचालक का नाम, रसोई में लगाएं कैमरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खाद्य सामग्री में मिलावट या अपशिष्ट मिलने पर एफएसडीए करेगा सख्त कार्रवाई

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती का बुधवार को राजधानी में असर दिखाई दिया। सक्रिय हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि (एफएसडीए) ने होटल, रेस्टोरेंट व खाद्य कारोबारियों को सरकार की नई गाइडलाइन बताने के साथ इसके पालन के लिए कार्यशाला के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया।

सहायक खाद आयुक्त द्वितीय विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व गोमती नगर के विराज खंड स्थित होटल कसाया में खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें खाद्य कारोबारी, होटल व रेस्टोरेंट संचालक समेत 100 लोग शामिल हुए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुप्रिया सिंह, हेमंत कुमार व अवनीश कुमार सिंह ने खाद्य पदार्थों के रखरखाव, व्यक्तिगत स्वच्छता समेत अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

सहायक आयुक्त खाद्य ने सरकार के नए आदेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा, सभी होटल व रेस्टोरेंट के किचन और सर्विस एरिया में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने हैं। संचालक का नाम, मोबाइल नंबर, लाइसेंस दर्ज करने के साथ फूड हैंडलर को मास्क प ग्लब्स भी नियमित पहनना है। स्वच्छता का विशेष ध्यान देना है। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। व्यवस्था तत्काल लागू करें। संचालकों ने सरकार के इस नियम की सराहना की।

### 1090 पर चला अभियान, मौके पर जांचे सैंपल

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि की टीम ने बुधवार शाम 1090 चौराहे पर अभियान चलाया। इस दौरान फूड सेफ्टी ऑन व्हील के माध्यम से स्ट्रीट वेंडरों को जागरूक किया। सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने चाट, पानी बताशा, फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाय आदि बेचने वालों को नए नियम बताए। इन लोगों से कहा कि, ठेले पर संचालक का नाम, मोबाइल नंबर, लाइसेंस नंबर आदि दर्ज कराएं। मास्क, ग्लब्स का प्रयोग करें। व्यक्तिगत सफाई का विशेष ध्यान दें। पानी बताशा व चाट मसाला के सैंपल भी जांचे गए, किसी में गड़बड़ी नहीं मिली।

### मिलावटी खाद्य पदार्थ मिलें तो कंट्रोल रूम में करें फोन

अमृत विचार, लखनऊ : मिलावटी खाद्य पदार्थ मिले तो कंट्रोल रूम में फोन करके इसकी शिकायत करें। जिला प्रशासन ने इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



सूर्य पाल गंगवार।

जिलाधिकारी ने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को निर्देश दिए कि ग्राहकों को खराब गुणवत्ता का खाना न परोसा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच और मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रहा है। खाद्य पदार्थ में मिलावट की आशंका पर एफएसडीए के मुख्यालय के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001805533 और जनपद स्तरीय कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित हेल्पलाइन नंबर 05223514492 पर शिकायत कर सकते हैं।

टोल फ्री हेल्पलाइन
18001805533

कलेक्ट्रेट हेल्पलाइन
05223514492

# 28 को आवंटित होंगे किसानों को चबूतरे

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण 28 सितंबर को गोमती नगर विस्तार योजना से प्रभावित ग्राम-मलेशेमऊ व मकदूमपुर के किसानों को विशेष कैम्प लगाकर चबूतरों का आवंटन करेगा। जिनकी भूमि योजना के तहत अधिग्रहित की गई थी।

बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने किसानों की मांग का त्वरित संज्ञान लेते हुए इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उन्हें चबूतरे आवंटित किये जाने हैं। पूर्व में 452 आवेदन प्राप्त हुये थे, जिनकी पुनः जांच कराने के लिए प्राधिकरण भवन में 28 सितंबर को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय कैम्प लगेगा और सभी आवेदकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। दस्तावेजों की जांच के लिए प्रभारी अधिकारी-अर्जन की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय कमेटी का गठित की गई है। समिति आच्छादित काश्तकारों के फार्मों का सत्यापन कर एक सप्ताह में पात्र/अपात्र की रिपोर्ट देगी। इस आधार पर चबूतरे आवंटित किए जाएंगे।

## एक नजर

### बाल संरक्षण आयोग के सदस्य बने लविवि के प्रोफेसर आरके सिंह



**अमृत विचार :** बाल संरक्षण आयोग के नए सदस्यों का चयन प्रदेश सरकार की ओर से कर लिया गया है। इसमें अध्यक्ष और सचिव के साथ कुल सात सदस्य बनाए गए हैं, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आरके सिंह को भी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा लखनऊ से संदीप खरे और रेनू मिश्र को भी सदस्य के तौर पर नामित किया गया है। आयोग का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। प्रत्येक तीन वर्ष पर नए आयोग की नई कमेटी का गठन किया जाता है।

### छात्रा को मिली स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल महानगर कैम्पस की छात्रा जयश्री कोलानुवाड़ा को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका के स्टीवंस इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से 1,36,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। जयश्री को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने जयश्री की सफलता पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने कहा कि सरकार की आशा के अनुरुप, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। हरीश मिश्र उप प्रधानाचार्य ने रोजगार मेले का निरीक्षण किया और कंपनियों को अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार देने का आग्रह किया।

## अमेरिकी प्रतिनिधियों ने किया लविवि का दौरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के पुस्तकालय व सूचना विज्ञान विभाग में अमेरिकी प्रतिनिधियों के एक समूह का अकादमिक दौरा हुआ। जिसके अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल तथा विभाग के छात्रों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के बीच एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

इस सत्र का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रविश प्रकाश ने किया। जिसमें पुस्तकालयों में उभरते रुझानों और सूचना पेशेवरों की बदलती भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों में मोंटगोमरी फ्लॉयड, न्यूयॉर्क से कमाल खान और लोम्बार्डो



लखनऊ विश्वविद्यालय का दौरा करते अमेरिकी प्रतिनिधि। अमृत विचार

एसोसिएट्स के आर्टिस्ट मैनेजर लुईस एहलर्स, क्षेत्रीय पुस्तकालय के निदेशक करीम खान शामिल थे। उन्होंने पुस्तकालय विज्ञान में वैश्विक सर्वोत्तम प्रचलित कार्य प्रणालियों और नवाचारों पर अपने विचार विभाग से साझा किए। छात्रों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही डॉ. प्रविश प्रकाश ने शैक्षणिक अनुभव को बढ़ाने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। भविष्य में विभाग द्वारा विवि स्तर पर इस कार्य के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता किया जायेगा।

## भर्ती की आस में भटक रहे 35 हजार अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **साल भर से मामला है कोर्ट में**
- **2693 पद पर दो वर्ष पहले निकली थी भर्ती**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) उत्तीर्ण करने वालों के लिए मुख्य सेविका की पूर्व में भर्ती निकाली गई थी। बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत मुख्य सेविकाओं की भर्ती की जाती है। इस पद के लिए अगस्त 2022 में आवेदन लिए गए थे। कुल 2693 पदों के लिए करीब 35,000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस वर्ष सितंबर में इसकी परीक्षा कराई गई थी, लेकिन मामला कोर्ट में चला गया।

भर्ती प्रक्रिया के बीच में ही बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग में संविदा पर कार्यरत 126 मुख्य सेविकाओं ने खुद को विनियमित करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जहां से उनको स्टे मिल गया। अभ्यर्थी कहते हैं कि इस स्टे का संबंध भर्ती से नहीं है, बल्कि बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग की ओर से प्रभावी तरीके से हलफनामा नहीं दिया गया। विभाग की लापरवाही के चलते करीब 35 हजार अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इसे लेकर अभ्यर्थी अनेक बार मुख्यमंत्री से गुहार लगा चुके हैं।

> सरकार बाल विकास सेवा और पुष्टाहार विभाग को आदेश दे जिससे विभाग उचित पैरवी करे और स्टे हट सके। स्टे हटेगा तभी परिणाम जारी होगा। हम लोगों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है।
>
> –नम्रता पटेल, अभ्यर्थी

> हम लोग बहुत प्रयास कर चुके लेकिन परिणाम शून्य है। बार-बार डेट लगती है, सुनवाई होती है लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। समझ में नहीं आता है, अब हम लोग क्या करें।
>
> अंजली पाठक, अनीत गौतम, अभ्यर्थी

> हम लोग गांव से आते हैं। परिवार में पढ़ने-लिखने के अलावा बार-बार धरना, प्रदर्शन करने की इजाजत घर वाले नहीं देते। फिर भी कई बार हम लोग मुख्यमंत्री योगी से अपनी बात कह चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।
>
> –सरिता चौरसिया, अभ्यर्थी

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब वह उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग जाते हैं तो वहां पर कहा जाता है कि बाल विकास सेवा और पुष्टाहार विभाग जाओ। विभाग में कहते हैं कि सरकार के पास जाओ। ऐसे में अभ्यर्थी भटकने को विवश हैं। पिछले दो वर्षों में करीब 14 बार से अधिक बार कोर्ट में यह मामला सुनवाई के लिए गया लेकिन अब तक पेंच फंसा हुआ है।

## इंजीनियरिंग : एआई में अध्ययन को ज्यादा रुझान

### एकेटीयू में एआई की शुरुआत के चार वर्ष हुए, छात्रों की पहली पसंद बनी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **विश्वविद्यालय के छात्रों ने हासिल किये 24 से अधिक पेटेंट**
- **आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में केवल 18 सीटें, हजारों में आते हैं आवेदन**

**अमृत विचार :** समय के साथ तकनीक में भी व्यापक बदलाव आ रहा है। नित नए प्रयोग मानव जीवन को आसान बनाते जा रहे हैं। अब दरवाजे बिना छुए सेंसर से खुल जाते हैं। बिजली के उपकरण आपके संकेतों पर जलते और बुझते हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर फैन तक रोबोट, सेंसर, एआई से लैस हो रहे हैं। इस तकनीक में आगे कई बदलाव होने जा रहे हैं। अब गाड़ियां आपके इशारे पर रुकेंगी और चलेंगी।

यह सब कुछ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से संभव हो रहा है। चार वर्ष पहले शुरू हुए एआई तकनीक कोर्स में एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों ने 24 से अधिक पेटेंट हासिल कर लिए हैं। इस तकनीक की




पढ़ाई में सबसे ज्यादा रुझान है।

विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडी में एआई की केवल 18 सीटें हैं, लेकिन आवेदन हजारों में आते हैं। पीजी और रिसर्च का ये कोर्स छात्रों को देश-विदेश में आसानी से रोजगार दिला रहा हैं। अब मानव श्रम की जगह ऑटोमेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पहले अधिकतर छात्र बीटेक के बाद करिकुलम आधारित कोर्स में दाखिला लेते थे, लेकिन अब सबकी पहली पसंद एआई बन गया है।

#### ऑटोमेशन का जमाना

अब तकनीकी ऑटोमेशन आधारित होती जा रही है। जिसमें मानव श्रम की जगह कृत्रिम मानवबुद्धि का प्रयोग किया जा रहा है। इसे मशीनीकरण भी कह सकते हैं, लेकिन यह सूक्ष्म तकनीक आधारित है। इसका सबसे बड़ा फायदा है, एरर फ्री वर्किंग, एक्यूरेसी, इमेज प्रोसेसिंग, स्टेंडर्ड वेट और टाइमिंग जिसे औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा रहा है।

#### इन क्षेत्रों में भी होता है उपयोग

यहां पढ़ने वाले छात्रों का कहना है कि इसका प्रयोग नैनो टैक्नोलॉजी, कोडिंग व डाटा, मशीन लर्निंग, मानव बुद्धि तकनीक में इसका व्यापक प्रयोग किया जा रहा है। इस कोर्स को कर लेने के बाद आईटी और सेंसर फील्ड समेत बैंकिंग सेक्टर, सिविल सेक्टर, इंडस्ट्रीज और मैकेनिकल फील्ड में रोजगार तुरंत मिल जाता है। इन क्षेत्रों में एआई पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी की भारी मांग है। इसके अलावा विदेशों में भी ऐसे छात्रों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

#### 200 से अधिक हुए शोध

एकेटीयू में अब तक 200 से अधिक शोध पूरे हो चुके हैं। यहां के छात्रों ने सेंसर और एआई का प्रयोग करके जहां सेंसर छड़ी, घड़ी, लॉकेट बनाया है, तेजी से मेडिकल उपकरणों के विकास में भी लगे हैं। जल्दी ही कई ऐसे सस्ते उपकरण उपलब्ध होंगे जो पैथालॉजी जाने की जरूरत को खत्म कर देंगे। जैसे अब तक हर्ट एंड लंग्स स्टेथोस्कोप, ह्यूमन हेड, मल्टी पर्पज डिसइंफैक्टर, हॉस्पीटल असीस्टेंट रोबोट बनाए जा चुके हैं।

## लिंग संवेदीकरण पर कार्यशाला का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। लिंग संवेदीकरण और उससे संबंधित कानूनों के विषय में जागरुकता बढ़ाने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। लिंग संवेदीकरण से तात्पर्य है कि सभी लिंगों के प्रति समान व्यवहार करना और उनका सम्मान करना। लीगल ऐड सेंटर के मेंबर्स ने मौजूद लोगों को कुछ महत्वपूर्ण कानून के बारे में समझाया ताकि जानकारी के अभाव में किसी भी लिंग के मानव अधिकारों का हनन न हो। विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केंद्र द्वारा डीन प्रोफेसर बीडी सिंह, केंद्र के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, हिंदी विभाग की डीन और आईसीसी की चेयरपर्सन प्रोफेसर (डॉ) रश्मि कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत में लीगल ऐड सेंटर की मेंबर गरिमा भारद्वाज की ओर से लिंग संवेदीकरण क्या है इसके बारे में बताया गया।


स्वच्छता सेवा व संकल्प कार्यक्रम के दौरान कुलपति और छात्र। अमृत विचार

## स्वच्छता, सेवा और संकल्प अभियान का लविवि में हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि समुदाय व समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। सरकार के आदेशों के अनुपालन में इस कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत ही सराहनीय पहल है। दीनदयाल शोधपीठ द्वारा विश्वविद्यालय में स्वच्छता दूत व समुदाय में स्वच्छता प्रेरक बनाने की यह अनोखी पहल है। प्रो. राय ने कहा कि 25 सितंबर 2025 को विभिन्न मानकों पर खरे उतरे तीन स्वच्छता दूतों को शोधपीठ द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों व कर्मचारियों से इस अभियान में बढ़ चढ़कर प्रतिभा करने की अपील की। कार्यक्रम में पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के निदेशक व समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि शोध पीठ समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में शोध पीठ द्वारा विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता दूत का जैकेट पहनकर उन्हें स्वच्छता किट प्रदान की गई। इन स्वच्छता दूतों ने अपने समुदाय, अपने विभाग तथा विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने हेतु विभिन्न प्रकार से अपना सहयोग संकल्पित किया।

## इस माह कम से कम दो इकाइयों को ऋण दें : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **डीएलआरसी की बैठक में डीएम ने दिए बैंक अधिकारियों को निर्देश**
- **बैंकों का ऋण जमा अनुपात 47 प्रतिशत होने पर जताई नाराजगी**
- **मोनीटरेबल एक्शन प्लान से ऋण जमा अनुपात सुधारने को कहा**

**अमृत विचार :** जिले की प्रत्येक बैंक शाखा इस महीने के अंत तक कम से कम दो बिजनेस इकाइयों को सरकारी योजनाओं में ऋण प्रदान करें। साथ ही मोनीटरेबल एक्शन प्लान से ऋण जमा अनुपात सुधार करें। ये निर्देश बुधवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक में दिए।

बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में ही जिला वार्षिक योजना के 37,308 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 34.73 प्रतिशत यानी 12,957 करोड़ ऋण दिया जा चुका है। केन्द्र सरकार की ओर से वार्षिक ऋण योजना से मिले 37,308 करोड़ रुपये से बैंक लक्ष्य प्राप्त की ओर अग्रसर हैं।

बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 47 प्रतिशत है, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। एसबीआई, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक समेत ऋण जमा अनुपात 60 प्रतिशत से कम वाले बैंकों को मोनीटरेबल एक्शन प्लान से ऋण जमा अनुपात सुधारने के लिए कहा। बैंक ऑफ इंडिया (अग्रणी बैंक) का ऋण जमा अनुपात के 87 प्रतिशत होने पर प्रशंसा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) राकेश कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक, नाबार्ड डीडीएम कृष्ण कुमार ओझा, भारतीय रिज़र्व बैंक से सहायक महाप्रबन्धक जेएस कालरा उपस्थित रहे।

## भाषा विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के अटल हॉल में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा किया गया। संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा शोधपीठ के समन्वयक डॉ. लक्ष्मण सिंह ने रखी। कार्यक्रम में शोधार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ऊपर शोधपत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर राजशरण शाही ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशियों ने हमारे ऊपर शासन, शस्त्र से नहीं, बल्कि शास्त्र से किया। पाश्चत्य विद्वानों ने आंग्ल के माध्यम से भारत को गुलाम बनाने के लिए किया। भारत में आज भी भाषाई अस्मिता के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रो. शाही ने भाषा अनुवादक के रूप में पहचान को बंद करने का आह्वान किया गया।

## एमबीए छात्रों के स्वागत को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय के प्रबंधन विभाग ने 2024-2025 के एमबीए बैच के स्वागत के लिए दो दिवसीय ऑन-बोर्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और मुख्य अतिथि आईआईटी रुड़की के प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्रो. एस.एन. रंगनेकर के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के बाद विश्वविद्यालय कुलगीत का आयोजन किया गया। अपने स्वागत भाषण में डीन प्रो. संगीता साहू ने छात्रों का स्वागत किया। प्रो. आलोक कुमार राय ने उभरते प्रबंधकों के आगामी एमबीए बैच के लिए इस यात्रा में उनका मार्गदर्शन करने के लिए अपने ज्ञान के शब्द साझा किए। मुख्य अतिथि प्रो एसएन रंगनेकर ने अपने संबोधन में छात्रों को इस प्रतिष्ठित संस्थान में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों का ध्यान अपने भविष्य के निर्माण के लिए व्यावहारिक कौशल विकसित करने की ओर केंद्रित किया।

## 30 केंद्रों पर 1 नवंबर से होगी धान की खरीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जिले को मिला 22 हजार एमटी खरीद का लक्ष्य**
- **खरीद स्थलों का चयन कर की गई जियो टैगिंग**

**अमृत विचार :** जिले में धान खरीद की तैयारी शुरू हो गई है। 1 नवंबर से फरवरी तक 30 केंद्रों पर खरीद की जाएगी। धान बेचने के लिए नए किसानों को पंजीयन कराना होगा, जबकि पुराने किसानों को नवीनीकरण कराना होगा।

डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा ने बताया कि क्रय केंद्र स्थलों का चयन करके जियो टैगिंग समेत अन्य प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मंडी समिति की ओर से इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना, फैन, बारदाना आदि उपलब्ध कराया जाएगा। 22 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य है। कॉमन धान 2300 व ए-ग्रेड धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य है। ज्यादा से ज्यादा किसान केंद्रों पर धान बेचकर सरकारी योजना का लाभ उठाएं। खरीद से पहले नए किसान जनसेवा केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीयन कराएं। जो किसान पूर्व से बिक्री करते आ रहे हैं, उन्हें पंजीयन का नवीनीकरण कराना होगा। बैंक खाते भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से लिंक कराएं। इससे खातों में भुगतान करने में समस्या नहीं आएगी।

## लविवि : कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में तकनीक को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ के तौर पर शीतल वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ तकनीक को अपनाना जरुरी है। छात्रों को तकनीक से डरने की नहीं बल्कि दोस्ती करने की जरुरत है। इस क्षेत्र में प्रयोग करते रहना चाहिए प्रयोग से ही कम कुछ नया सीखेंगे। अपने 30 वर्षों से अधिक लंबे कॅरियर में शीतल वर्मा ने कोकाकोला जैसे बड़े विज्ञापनों की ब्रांडिंग की है।

## जैविक व गौ आधारित खेती से बढ़ेगी आय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकास भवन परिसर में बुधवार को आयोजित जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी व आत्मा योजनांतर्गत किसान मेला में किसानों को भीड़ उमड़ी। कृषि, गन्ना व उद्यान विज्ञानियों ने जैविक व गौ आधारित खेती से आय दोगुनी करने का मंत्र दिया और किसानों ने रसायन मुक्त खेती का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने की। उपकृषि निदेशक अनिल कुमार यादव ने जिलेभर से आए किसानों योजनाओं की जानकारी दी। गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर से सेवानिवृत्त अरुण कुमार सिंह ने जैविक व गौ आधारित खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। सलाहकार ग्राम विकास विभाग डॉ. पीएस ओझा ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से किसानों को आमदनी बढ़ाने के तरीके बताए। ऋण की व्यवस्था व विपणन से जुड़ी सफलता की कहानी के माध्यम से जानकारी दी गई।

विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने किसानों की समस्याओं पूछीं और संबंधित


खरीफ गोष्ठी में सम्मानित लाभार्थी व साथ में अधिकारी। अमृत विचार

- **विकास भवन में खरीफ गोष्ठी में विज्ञानियों ने किसानों को बताए तरीके**

अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि किसान खेती के साथ दुग्ध उत्पादन से दोगुनी कमाई करें। योजना के तहत दो गाय की डेयरी से शुरुआत कर सकते हैं। दूध के साथ पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि रबी फसल के लिए उर्वरक और बीज की कमी नहीं है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता सहगल द्वारा किया गया।

#### स्टॉल पर जानकारी के साथ की खरीदारी

विभिन्न विभाग, एफपीओ व निजी संस्थाओं द्वारा परिसर में 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए। किसानों ने स्टॉलों पर बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र, पौधों की नई प्रजाति, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, मत्स्य पालन, मृदा परीक्षण, कीटनाशक आदि की जानकारी की और खरीदारी की। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, क्षेत्रीय कर्मचारी, पर्यवेक्षकीय अधिकारी समेत 40 लोगों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ASHRAF JAHANGIR TAMINI था। अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ASHRAF JAHANGIR TAMINI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD SALEEM TAMINI R/O- 431/253/6, NEWATI TOLA MOMIN NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र अमरजीत अपने परिवार के सदस्यों से लडाई-झगडा व अभ्रद व्यवहार करता है तथा धमकियां देता है जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र अमरजीत तथा उसके पत्नी व बच्चों से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने कृत्यों के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बेचा लाल, नि0- अलीनगर सुनहरा, पोस्ट मानस नगर, थाना - कृष्णा नगर, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राघवेन्द्र सिंह सुत रविशंकर सिंह, निवासी- ग्राम व पोस्ट भीमी, जनपद- अमेठी,** यहकि मेरी पुत्री आरोही सिंह, स्टेला मेरिस कान्वेंट सेकेन्डरी स्कूल नरायनपुर सुलतानपुर में कक्षा 9 की छात्रा है। विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश RAGHVENDER SINGH लिखा है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य कागजात में मेरा नाम Raghvendra singh जो सही एवं वास्तविक है। यह कि मेरी पुत्री आरोही सिंह के आधार कार्ड में उसका नाम AAROHI SINGH अंकित है, लेकिन विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आरोही सिंह AROHI SINGH हो गया है जबकि वास्तविक नाम आरोही सिंह AAROHI SINGH यह कि RAGHVENDER SINGH और RAGHVENDRA SINGH दोनों एक ही व्यक्ति के नाम अर्थात मेरे है। यह कि AAROHI SINGH और AROHI SINGH दोनों एक ही व्यक्ति यानी पुत्री आरोही सिंह का ही नाम है। यह कि मेरा नाम RAGHVENDRA SINGH व मेरी पुत्री का नाम A AROHI SINGH जो कि सही है विद्यालय अभिलेखों में दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मेरे बड़े पुत्र अभिषेक की आदत व चाल - चलन खराब है। बीते तीन वर्षो से वह मेरे कहने -सुनने में नहीं है और लड़ाई करता है। अभिषेक के खराब व्यवहार और क्रिया-कलाप से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नहीं है। **शेषराम वर्मा पुत्र जैसराम वर्मा, निवासी- ग्राम व पोस्ट सुरहुरपुर, थाना- दोस्तपुर, जिला- सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी- म0नं0 153 चांऊपुर, डाकखाना बेहटारम्पुरा, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील-सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALITA अंकित हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजों में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने बड़े लड़के अशरफ को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **असलम पुत्र मुन्ने मोहल्ला अली जान पुरवा कोतवाली नगर बलरामपुर जिला बलरामपुर**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, गोण्डा**

पत्रांक- 5887 /पंचदशम्/ई-निविदा 2024-25 दिनांक: 20.09.2024

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पंत्राक-5847/पंचदशम्/ई-निविदा 2024-25/दिंनाक-18.09.2024 द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-01/अधी0 अभि0/2024-25 अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियन्ता
पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य
गोण्डा

UP-219831 दिनांक 25.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-5, बहराइच**

निविदा में लाट नं0 2 निरस्तीकरण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि0अभि0/2024-25 में लाट नं0 2 निरस्तीकरण

इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 636/स0न0ख0-5,ब0/ई-टेण्डर/दिनांक 12.06.2024 द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सचू ना संख्या-01/अधि0 अभि0/2024-25 मे लाट नं0-2 को अपरिहार्य कारणो से एतद् द्वारा निरस्त की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड-5,
बहराइच

UP-219903 दिनांक 25.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**

**VACANCY/REQUIREMENT**

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar ( Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

**Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)**
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में चल रही अन्नपूर्णा सेवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रोटी कपड़ा फाउंडेशन की और से पितृपक्ष के अवसर पर मेडिकल कॉलेज में पर अन्नपूर्णा सेवा का काम लगातार चल रहा है। बुधवार को यहां छोला चावल का वितरण किया गया। यह अन्नपूर्णा सेवा लखनऊ के बाहर से आए मरीजों के तीमारदारों के लिए शुरू की गई है, जो पूरे पितृपक्ष के दौरान चलेगी। भोजन वितरण करने में प्रमुख रूप से राजेश आनंद, रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, अजय मेहरोत्रा और मीरा गर्ग आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र शिवपुरा में अनियमितता के आरोप

**अमृत विचार, निगोहां :** शिवपुरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय महिलाओं ने केंद्र की सुपरवाइजर और कार्यकत्रियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। यहां पिछले नौ महीने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषाहार नहीं मिला है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी लखनऊ और बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहनलालगंज को ऑनलाइन शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### सामाजिक सुधार में पंडित दीनदयाल का रहा योगदान

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर संस्थान के समस्त अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा माल्यार्पण के उपरान्त संस्थान के अपर निदेशक, बीडी चौधरी की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि राम कृष्ण गोस्वामी अध्यक्ष भारत चरित्र निर्माण संस्थान, नई दिल्ली उपस्थिति में एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. एसके सिंह, सहायक निदेशक द्वारा किया गया।

### पंडित दीन दयाल की जयंती धूमधाम से मनाई

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** नगर पंचायत के वार्ड नं. 1 बलियाखेड़ा में बुधवार को अंत्योदय के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। चेयरमैन निखिल मिश्रा ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सुधीर शर्मा, सभासद हरिहर यादव मौजूद रहे।

# व्हीलचेयर-स्ट्रेचर चाहिए तो जमा करें 500 रुपये

## केजीएमयू में मरीजों को व्हीलचेयर-स्ट्रेचर की सुविधा लेने के लिए करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पंजीकरण शुल्क भले ही 50 रुपये हो, लेकिन व्हीलचेयर-स्ट्रेचर की सुविधा लेने के लिए 500 रुपये सिक्योरिटी मनी के तौर पर जमा करने होते हैं। यह रकम कर्मचारियों द्वारा नकद ली जाती है। इसकी रसीद भी परिजनों को नहीं दी जाती। इस व्यवस्था के चलते मरीजों को परेशान होना पड़ता है। बुधवार को शताब्दी फेज-2 में बिहार से आए एक मरीज के परिजन स्ट्रेचर के लिए करीब आधे घंटे तक परेशान हुए।

चंपारण, बिहार निवासी प्रभु सिंह (62) को गले से जुड़ी समस्या थी। एम्स में इलाज चल रहा था। बेटे संजीव ने बताया कि बिहार से उन्हें केजीएमयू ले जाने की सलाह दी गई। जहां वह शताब्दी फेज-2 में बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे मरीज को लेकर पहुंचे। सुरक्षा गार्ड ने अंदर बने काउंटर से स्ट्रेचर लेने को कहा। काउंटर पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। करीब 20 मिनट तक इंतजार करने के बाद भी कर्मचारी नहीं आया। इस दौरान एंबुलेस में पड़े मरीज की तबियत बिगड़ने लगी। परेशान बेटा संजीव स्ट्रेचर के लिए शताब्दी फेज-1 गया। यहां भी स्ट्रेचर नहीं मिला। व्हीलचेयर थी, जिसके लिए कर्मचारी ने 500 रुपये जमा करने को कहा। पास में रुपये न होने के कारण वह दोबारा से दौड़ कर एंबुलेस में मौजूद मां के पास आया। मां से रुपये लेकर वापस शताब्दी फेज-1 पहुंच कर कर्मचारी को रुपये दिए। जिसके बाद उसे व्हीलचेयर मिल सका। लिए गए रुपये की रसीद भी नहीं दी गई। मरीज को व्हीलचेयर पर बैठने में भी दिक्क्त हो रही थी। हालांकि, देर शाम तक भी मरीज भर्ती नहीं हो सका था। परिजनों ने बताया कि डॉक्टरों ने दो यूनिट खून की व्यवस्था कर अगले दिन आने को कह कर चलता कर दिया।

**सिक्योरिटी मनी के तौर पर जमा कराये जाते हैं 500 रुपये**

स्ट्रेचर का शुल्क नहीं लिया जाता है, सिक्योरिटी मनी के रूप में 500 रुपये जमा कराए जाते हैं। जिससे स्ट्रेचर ले जाने वाला व्यक्ति खुद ही स्ट्रेचर दे जाए सिक्योरिटी न होने पर वह कहीं भी छोड़कर चले जाते हैं।

– सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू



स्ट्रेचर के इंतजार में एंबुलेस में पड़ा मरीज। अमृत विचार



व्हीलचेयर से मरीज को ले जाते परिजन । अमृत विचार

# डेंगू के 26 और मलेरिया के सात नये मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। बुधवार को भी 26 नए डेंगू के मरीज सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। ये मरीज अलीगंज, चन्दरनगर, इन्दिरानगर, टूड़ियागंज, एनके रोड- सिल्वर जुबली, ऐशबाग, रेड क्रॉस, गोसाईगंज सीएचसी क्षेत्र के हैं। इसके साथ ही 7 मरीज मलेरिया से भी पीड़ित भर्ती किये गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अब तक शहर में डेंगू के कुल 335 एवं मलेरिया के 393 पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि नगर मलेरिया एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों ने बुधवार को शहर के कई इलाकों में निरीक्षण किया और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया।

टीम ने लोगों को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की।

इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से जुड़ी जानकारी और सहायता के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कन्ट्रोल रूम नम्बर 0522-2622080 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नर्सिंग फैकल्टी की मांगों को लेकर लिखा पत्र

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेस फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने नर्सिंग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की लिए नर्सिंग फैकल्टी (ट्यूटर) की विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

भेजे गए पत्र के माध्यम से एसजीपीजीआई में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अनुराग वर्मा ने बताया कि नर्सिंग शिक्षा में ट्यूटर की बहुत अहम भूमिका होती है लेकिन प्रदेश के नर्सिंग शिक्षण संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग फैकल्टी ट्यूटर काफी ज्यादा परेशान हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग फैकल्टी की भारी कमी के चलते नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वहीं कार्य के दौरान उन्हे शिक्षण करने की भी स्वीकृति नही मिलती है। यही नहीं ज्यादातर संस्थानों में छात्र शिक्षक अनुपात का भी ध्यान नहीं रखा जाता ऐसे में दबाव के कारण उनकी कार्य क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ता है। कुछ संस्थानों में आईएनसी नर्सिंग के द्वारा जारी किए गए पाठ्यक्रम का का पालन नहीं किया जाता, जिसका साफ असर नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता है। सरकारी और निजी क्षेत्र के नर्सिंग फैकल्टी के वेतनमान में भी भारी अंतर होने के साथ पदोन्नति नीतियों का भी अभाव है साथ ही कई सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों के केवल संविदा पद ही हैं।

# शिशुओं के लिए मां के दूध के साथ पूरक आहार जरूरी

**अमृत विचार, पीजीआई :** अगर बच्चों को स्वस्थ बनाना है तो जन्म से 6 माह तक सिर्फ मां का दूध और उसके बाद डॉक्टर के परामर्श के अनुसार पूरक आहार देना जरूरी है। ये बातें डाइटीशियन मोनिका ने बुधवार को संजय गांधी पीजीआई अस्पताल के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में कही। उन्होंने बताया बच्चों को दाल का पानी नहीं बल्कि दो-दो घंटे के अंतराल में पूरक आहार और गाढ़ी चीजें देना चाहिए। इस मौके पर ट्रॉमा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर हर्षवर्धन, डॉ. प्रतीक सिंह ने डॉ.रुपाली, डॉ. अरुण कुमार और डॉ. एलके भारती ने भी लोगों को जागरूक किया। डाइटीशियन प्रीति यादव, मोनिका, दीपा मिश्रा और अमना ने एनीमिया और उसके दुष्प्रभावों, शिशु से लेकर बुजुर्गों के पोषण के बारे में जानकारी साझा की।

# प्राणायाम से फेफड़े रहेंगे स्वस्थ, डेंगू से भी होगा बचाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्राणायाम के अभ्यास की आदत फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने के साथ ही फेफड़ों की बीमारियों के जोखिम को भी कम करने में मदद करता है। रक्त प्रवाह में ऑक्सीजन के संचार को बढ़ावा देने में भो लाभकारी है। डेंगू से बचाव में भी कारगर है। डेंगू के मरीजों में शॉक सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है। नियमित प्राणायाम से इसका खतरा कम रहता है। यह जानकारी पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने दी।

वह बुधवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी भवन प्रेक्षागृह में फेफड़ा जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया बढ़ता प्रदूषण शरीर के साथ फेफड़ों की सेहत बिगाड़ रहा है। बताया कि 24 घंटे में 10 हजार लीटर हवा फेफड़ों तक जाती है और सांस के जरिए बाहर निकलती है। ऐसे में हवा में मौजूद बैक्टीरिया व वायरस फेफड़ों पर आसानी से हमला बोलते हैं। फेफड़े के संक्रमण से पीड़ित मरीज को खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ महसूस होती है। इलाज में देरी से मरीज की जान जोखिम में पड़ सकती है।

रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने कहा कि प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए पौधे रोपे। मास्क लगाएं। कूड़े को जलाने से बचें। उसे वैज्ञानिक तकनीक से निस्तारित करें। साफ-सफाई का ध्यान रखें। हाथों को साबुन से धुलने के बाद ही भोजन करें। सांस के मरीज मास्क लगाएं। वाहनों का प्रयोग कम से कम करें। सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल करें। धूम्रपान से तौबा करें। यही नहीं धूम्रपान करने वालों से भी दूरी बनाएं। इस मौके पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से प्रतियोगिता भी हुई। आईएमए व केजीएमयू पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में कई मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।




कार्यक्रम में जानकारी देते हुए डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. सूर्यकांत, डॉ. जेडी रावत व अन्य। अमृत विचार

**विश्व फेफड़ा दिवस**

**केजीएमयू के विशेषज्ञों ने किया जागरूक**

# प्रदेश में फार्मासिस्टों की बढ़ेगी भूमिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकसित राष्ट्रों की तर्ज पर प्रदेश में फार्मासिस्टों की भूमिका बढ़ाने के लिए सरकार प्रयास करेगी, जल्द ही पूरी रूपरेखा बनाकर मुख्यमंत्री से वार्ता करूंगी। ये बातें राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कही। वह फार्मासिस्ट दिवस पर बुधवार को फार्मेसिस्ट फेडरेशन एवं खुशी फॉउण्डेशन की और से मेदांता हॉस्पिटल में आयोजित वैज्ञानिक सेमिनार को संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट के जिम्मे समाज को स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी है जो वो पूरी तरह निभा रहे हैं। उन्होंने कहा फार्मासिस्ट को फार्मेसी अधिकारी पदनाम दिलाने, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में फार्मेसिस्ट की नियुक्ति का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर ऋचा द्विवेदी, डॉ.मनमीत सिंह, डॉ. सौरभ पांडेय, डॉ. अंशुल गुप्ता, डॉ. अवधेश द्विवेदी, डॉ. विनीता द्विवेदी और सुनील यादव सहित अन्य फार्मासिस्ट और डॉक्टर मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व अन्य। अमृत विचार

### इलाज में फार्मासिस्टों की भूमिका अहम

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर बुधवार को बलरामपुर चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौजूद फार्मासिस्टों ने चिकित्सा जगत में फार्मासिस्ट के अहम भूमिका पर चर्चा की। मुख्य अतिथि चीफ फार्मासिस्ट अरविन्द कुमार तिवारी और चीफ फार्मासिस्ट डीएस त्यागी ने चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के प्रति त्याग की भावना से सेवा करने पर जोर दिया। इस मौके पर डीपीए के पूर्व महामंत्री श्रवण सचान, सुभाष श्रीवास्तव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष कपिल वर्मा, रजत यादव, प्रभाकर त्रिपाठी, राजेश वरुण, केके सिंह, संगीत वर्मा, रहमान, अनिल श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, जसवंत, रिषभ गुप्ता, सचिन, पलक, आरिफ, अमीर सहित एलटी संवर्ग से सत्यप्रकाश, सुनील कुमार, नेहा वर्मा, पूजा मिश्रा, मनोज अवस्थी और नेत्र विभाग से अमृता पाटिल, सर्वेश पाटिल व डॉ. पीके श्रीवास्तव और डॉ. संजीव गुप्ता मौजूद रहे।

**जागरुकता** | विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर विशेष

# विशेषज्ञ की परामर्श बिना गर्भनिरोधक दवाएं लेना घातक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेषज्ञ की परामर्श के बिना गर्भनिरोधक दवाओं का इस्तेमाल घातक हो सकता है। आंकड़ों के मुताबिक, ज्यादातर महिलाएं बिना विशेषज्ञ के परामर्श के ही गर्भनिरोधक दवाओं का सेवन कर लेती हैं। लंबे समय तक दवाओं का इस्तेमाल करने से भविष्य में उन्हें गर्भ धारण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह कहना है हजरतगज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीता नेगी का। उन्होंने विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर जानकारी साझा की।

महाप्रबंधक, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ . सूर्यांशु ओझा बताते हैं कि परिवार को नियोजित रखने में गर्भनिरोधक साधनों की अहम भूमिका है। गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने से मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है, क्योंकि मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण असुरक्षित गर्भपात है।

**महिलाओं की पहली पसंद अंतरा इंजेक्शन :** सरकार द्वारा परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुधारने के लिए किए गए प्रयासों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2022-23 से 2023-24 तक कुल परिवार नियोजन साधनों के उपयोग में कुल 14 फीसद की वृद्धि हुई है। वहीं सबसे अधिक 41 फीसद की बढ़त त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा के इस्तेमाल में देखने को मिली। प्रदेश में प्रसव पश्चात् इंट्रायूटेरिन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (पीपीआईयूसीडी) के इस्तेमाल में 24 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि आईयूसीडी के इस्तेमाल में 12 फीसदी का इजाफा हुआ है। नॉन हार्मोनल साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया के उपयोग में 20 फीसद का इजाफा हुआ है। महिला नसबंदी में भी प्रदेश में 17 फीसद का इजाफा दर्ज किया गया है।

परिवार नियोजन के लिए कंडोम वितरण का आंकड़ा वर्ष 2021-22 में 26,28,912 था, वर्ष 2022-23 में बढ़कर 33,66,211 हो गया। वहीं, इस वर्ष महज 28,96,210 कंडोम का वितरण किया का सका।



डॉ. अनीता नेगी



डॉ . सूर्यांशु ओझा

### जागरुकता बढ़ने से आंकड़े सकारात्मक

डॉ . सूर्यांशु ओझा ने बताया कि प्रदेश में परिवार नियोजन को लेकर जागरुकता बढ़ी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) – 5 के अनुसार प्रदेश की सकल प्रजनन दर 2.4 है। एनएफएचएस – 4 में इसकी दर 2.7 थी। एनएफएचएस – 5 के अनुसार 44 फीसद लोगों ने आधुनिक परिवार नियोजन के संसाधनों को अपनाया है, जबकि एनएफएचएस –4 में यह आंकड़ा 31.7 था। परिवार नियोजन को लेकर पुरुषों की मनोवृति पर एनएफएचएस–5 के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में 15 से 49 वर्ष की आयु के 50 फीसद पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक मुद्दा महिलाओं का मामला है। 58 फीसद पुरुष यह जानते हैं कि यदि सही तरीके से कंडोम का उपयोग किया जाए तो अधिकांशत: यह गर्भ ठहरने से रोकता है।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॅान्डिलाइटिस, रुमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाशं

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में मिला अधेड़ का शव

**अमृत विचार, गोसाईगंज:** गोसाईगं थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरैया ग्राम निवासी रमेश कुमार कनौजिया (55) का शव घर में संदिग्ध हालात में मिला। परिजन ने बताया की वह गोमतीनगर में कपड़ा प्रेस करने का कार्य करता था। दो दिन पहले वह गांव आया तब से वह लगातार शराब पी रहा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा। उस अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे ट्रैक के किनारे अज्ञात युवक का पड़ा मिला शव

**अमृत विचार, काकोरी:** ठाकुरगंज कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की सुबह भूहर फाटक के रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के पास से एक झोला मिला है जिसमें बिजली वायरिंग के उपकरण पाया गया है। वहीं पुलिस युवक की शिनाख्त में जुटी है।

### पति का गला दबा, मारपीट का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** दरोगा खेड़ा निवासी महिला पूनम ने गांव के ही रामबाबू के खिलाफ उसके पति का गला दबाने के साथ ही लात घूसों से मारने पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूनम के मुताबिक बीती 22 सितंबर को उसका पति जमुना गांव में ही एक पान मसाला की दुकान पर बैठा था। तभी पीछे से अचानक पहुंचे रामबाबू ने जमुना का गला दबा दिया और लात घूसों से उसे जमकर मारा पीटा।

### घर से दवा लेने निकला युवक लापता

**अमृत विचार, पीजीआई:** पीजीआई थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिम निवासी विश्राम का बेटा नीरज सोमवार सुबह घर से मेडिकल कॉलेज दवा लेने गया था लेकिन बुधवार शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने हर जगह उसकी तलाश की पर वह नहीं मिला। परिजन ने पीजीआई थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# मेटा के अलर्ट पर 18 मिनट में बचाई छात्र की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सैरपुर क्षेत्र में युवक ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था सुसाइड करने का वीडियो

**अमृत विचार:** सैरपुर इलाके में रहने वाले इंटर के छात्र ने प्रेमिका की बात से नाराज हो एक्सपायरी दवा खाकर आत्महत्या की कोशिश की। जिसका वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया। वीडियो पर एक्शन लेते हुए मेटा कंपनी ने डीजीपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेंटर पर सूचना दी। जानकारी होते ही सैरपुर पुलिस को तत्काल अलर्ट किया गया। पुलिस ने 18 मिनट के अंदर लोकेशन पर पहुंचकर छात्र को बचा लिया।

सैरपुर पुलिस के मुताबिक मंगलवार को दोपहर 2:18 बजे इलाके के रहने वाले इंटर के छात्र ने घर में रखी पुरानी दवा का ओवरडोज लेकर आत्महत्या करने का वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया।

वीडियो देखते ही मेटा कंपनी ने तुरंत एक्शन लिया। तत्काल डीजीपी ऑफिस के सोशल मीडिया सेंटर पर ई-मेल से अलर्ट भेजा। डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देश पर एसटीएफ कंट्रोल रूम से लोकेशन ट्रेस कर पुलिस मीडिया सेल को 2:28 बजे सूचना दी गई। लोकेशन सैरपुर थानाक्षेत्र की मिली। इसके बाद 10 मिनट में सैरपुर इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ छात्र के घर पहुंचे।

छात्र समस्या सुनी और काउसिलिंग की। जिसमें छात्र ने बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड से बातचीत के दौरान लड़ाई हो गई थी। छात्र ने बताया कि गर्लफ्रेंड ने कुछ बात ऐसी कह दी जिससे वह आहत हो गया। इसी कारण आत्महत्या करना चाहता था।

इसलिए उसने घर में रखी पुरानी दवा की 10 गोलियां खा ली थी। दवा खाते समय का वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया था। इंस्पेक्टर ने तुरंत छात्र 2 गिलास पानी पिलाकर उल्टी करवा दी। परिवार के साथ इलाज के अस्पताल भिजवाया। छात्र ने दोबारा ऐसी गलती न करने का बात कही।

#### 528 लोगों को बचाया

उत्तर प्रदेश पुलिस और मेटा कंपनी के बीच मार्च 2022 से सोशल मीडिया साइट फेसबुक व इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से जुड़ा पोस्ट करता है। तो मेटा कंपनी तुरंत अलर्ट भेज देती है। 1 जनवरी 2023 से 20 सितंबर तक 528 लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

# अवैध कटान: खत्म की जा रही हरियाली

संवाददाता, काकोरी



काकोरी क्षेत्र में काटा गया आम का हरा पेड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** काकोरी क्षेत्र में आए दिन अवैध रूप से हरे भरे पेड़ों पर लकड़कट्टों का आरा चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह दिन रात अवैध कटान विभाग की मिलीभगत से हो रहे हैं और शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं हैं।

दुबग्गा वन रेंज अंतर्गत अंबर प्रिंटिंग प्रेस के सामने, बड़ागांव, सराय अलीपुर, भलिया नहर से नटकौरा मनरेगा रोड़ पर अवैध कटान का नजारा साफ दिख रहा है तो वहीं भालिया गांव निवासी रामेश्वर यादव की बाग में खड़े करीब 9 से 10 आम के पेडों को लकड़ी ठेकेदार ने काट दिया। इस अवैध कटान की ग्रामीणों ने वन विभाग सहित पुलिस को सूचना भी दी थी यह अवैध कटान दिन-रात चलती रही है। ग्रामीण इस बारे में जिम्मेदारों को जानकारी देते रहे लेकिन किसी जिम्मेदार ने मौके पर जाना तक जरूरी नहीं समझा।

> मामले की जानकारी होने पर चार लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की गई है और विभागीय कार्यवाही की जा रही है।
> –सोनम दीक्षित, रेंजर दुबग्गा

# डिवाइडर से टकराई बाइक, छात्र की मौत

## दोस्त के साथ चाय पीने गया था छात्र, ठाकुरगंज बंधा रोड पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एमसी सक्सेना कॉलेज से कर रहा था बी-फार्मा देर रात निकला था हॉस्टल से



**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के बंधा रोड पर बुधवार तड़के डिवाइडर से बाइक टकरा गई। हादसे में बी-फार्मा छात्र मनीष सिंह (23) गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक मनीष मूल रूप से मऊ जिले के रहने वाले थे। यहां एमसी सक्सेना कॉलेज से बी फार्मा फाइनल ईयर का छात्र थे। यहां हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। चाचा हरीश ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि मंगलवार देर रात उनका भतीजा अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी ठाकुरगंज स्थित बंधा रोड के पास रोड के बीच में लगे डिवाइडर से बाइक टकराई जिससे वह उछल कर लोहे की राड से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, साथी भी घायल हो गया था।

#### स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से हुआ हादसा

दोस्तों ने बताया कि जिस जगह पर घटना हुई वहां पर लाइट नहीं जल रही थी। जिसकी वजह से उसे कुछ दिखाई नहीं दिया और डिवाइडर से टकरा गया। पीछे बैठा लड़का दूर जाकर गिरा और मनीष का मुंह सीधे खंबे में लड़ा। जिससे उसका जबड़ा भी टूट गया।

#### बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**अमृत विचार,लखनऊ:** इंदिरानगर थानाक्षेत्र के खुर्रमनगर चौराहे के पास मंगलवार देर रात को तेज रफ्तार बाइक सवार ने युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील तिवारी के मुताबिक मंगलवार देर रात करीब दो बजे मड़ियांव के फैजुल्लागंज का रहने वाल नफीस खुर्रमनगर चौराहे पर पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी बीच टेढ़ी पुलिया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। विभूतिखंड थाने की पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि बुधवार दोपहर को परिजन ने सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद पोस्टमार्टम पहुंचकर शव की शिनाख्त की। वहीं, चौराहे पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया। जब तक पुलिस पहुंचती मौके से भाग गया। पुलिस ने बाइक कब्जे में ले लिया है। नंबर के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

#### बोर्ड से टकराया, हालत गंभीर

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** बुधवार रात लगभग 9 बजे लखनऊ से वापस अपने घर जा रहे बाईक सवार थाना औरास बछौली गांव निवासी अमन की बाईक रहीमाबाद थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर हरदोई लखनऊ के किनारे लगे गांव के नाम के बोर्ड से टकरा गई। जिसमें युवक टकराने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेन्टर भेजा। जहां अमन की हालत नाजुक बनी हुई है।

# दुष्कर्म मामले में लापरवाही बरतने पर अतिरिक्त इंस्पेक्टर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पांचवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों को गिरफ्तारी में पुलिस ने लापरवाही के बरती। इसकी जानकारी होने पर संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि ने सरोजनीनगर थाने के अतिरिक्त इंस्पेक्टर अनवर अहमद को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच का आदेश भी दिया है। वहीं, मुख्य आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि नाबालिग सहयोगी को देर रात पकड़ा गया। उसे बाल सुधारगृह भेजा गया है।

सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा से 5वीं कक्षा की 13 वर्षीया छात्रा को युवक और नाबालिग मिलकर कार में जबरन बैठाकर लोकबंधु के पास स्थित होटल पैराडाइज शांति इन में ले जाकर दुष्कर्म किया। मां पीड़िता को लेकर सरोजनीनगर थाने लेकर गई। मां का आरोप है कि पांच घंटे तक पुलिस उनके साथ टालमटोल करती रही। वहां मौजूद अतिरिक्त निरीक्षक अनवर अहमद ने तहरीर में दोस्त लिखने के लिए दबाव बना रहे थे। आरोपी उनके साथ खड़ा था। इसकी जानकारी होने पर जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि ने पूछताछ की तो आरोप सही पाए गए। इसके बाद जेसीपी ने अतिरिक्त निरीक्षक अनवर को निलंबित कर, विभागीय जांच के आदेश दिए।

#### होटल पर भी कार्रवाई

डीसीपी दक्षिणी केशव कुमार ने बताया कि होटल के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक टीम को लगाया गया है, जो होटल में मिले फुटेज की जांच कर रही है।

# बीमारी से हुई थी बैंक की महिला अधिकारी की मौत

**अमृत विचार लखनऊ:** विभूतिखंड इलाके में स्थित एचडीएफसी बैंक में तैनात महिला अधिकारी सदफ फातिमा (45) की मौत बीमारी से हुई थी। यह दावा उनके बहनोई ने पुलिस के सामने किया है। वह मंगलवार दोपहर को कार्यालय में बेसुध पड़ी मिली थी। वहीं, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

वजीरगंज के जीवन बेग लेन की रहने वाली सदफ फातिमा एचडीएफसी बैंक में असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट के पद पर कार्यरत थीं। मंगलवार सुबह वह दफ्तर में बने ट्रेनिंग सेंटर आईं थीं जहां दोपहर को बेहोश होकर गिर गईं। सहकर्मी उन्हें लोहिया अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। उधर, बहनोई महजर ने बताया कि सदफ को ब्लड प्रेशर की बीमारी थी।

# छात्रा समेत चार ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंदिरा नगर, ठाकुरगंज और महिंगवां क्षेत्र से सामने आए मामले



**अमृत विचार:** इंदिरा नगर थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा समेत अलग- अलग थाना क्षेत्र में चार ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इंदिरानगर सेक्टर-11 में बुधवार को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा प्रतीक्षा वर्मा (27) ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतीक्षा डिप्रेशन में चल रही थी।

ठाकुरगंज इलाके में बुधवार को ई-रिक्शा चालक समेत दो ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि ठाकुरगंज घास मंडी झोपड़पट्टी का रहने वाले हबीब (44) ने फंदा लगाकर जान दे दी। घर वालों ने बताया कि मंगलवार रात हबीब शराब के नशे में घर पर लौटे इसके बाद पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा, जिससे नाराज होकर पत्नी पड़ोस में चली गई थी। थोड़ी देर बाद जब वहां कमरे में वापस लौटी तो पति को फंदे से लटकता पाया। वहीं, ठाकुरगंज के कुड़िया घाट निवासी विशाल तिवारी (24) ने फंदा लगा लिया। पिता विजय तिवारी ने बताया कि बुधवार दोपहर उसकी बेटी स्कूल से घर लौटी तो दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो भाई विशाल को फंदे से लटकता पाया। पिता मेडिकल कालेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। वहीं, विशाल घंटा घर के पास मोमोज का ठेला लगाते थे।वहीं महिंगवां थानाक्षेत्र के इंदारा निवासी शुभम गौतम (24) ने देर रात घर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर थाना-महिंगवां की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मेट्रो स्टेशन पर कारतूस के साथ पकड़ी गई युवती

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिंगारनगर मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान युवती के पर्स से कारतूस बरामद हुआ।

इंस्पेक्टर मानकनगर अजीत सिंह के मुताबिक शांतिपुरम की रहने वाली ऋषिका राजपूत को बुधवार दोपहर में 1बजे हजरतगंज में इंटरव्यू देने के लिए सिंगारनगर मेट्रो स्टेशन पहुंची। मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तलाशी शुरू की इस दौरान पर्स में 315 बोर का कारतूस बरामद हुआ। तत्काल ऋषिका को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवती को थाने लेकर गई। जहां उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई।

# दुष्कर्म के बाद युवती हुई गर्भवती, आरोपी हिरासत में

संवाददाता, मोहनलाल गंज

▸▸ मोहनलाल गंज थाना क्षेत्र की घटना

**अमृत विचार:** दबंग युवक ने युवती से पहले दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना जान से मारने की धमकी दी। युवती जब गर्भवती हुई तो परिजनों को प्रकरण की जानकारी हुई। पीड़िता की मां ने मोहनलाल गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

मोहनलालगंज के एक गांव की रहने वाली किसान की पत्नी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया जनवरी 2024 में उसकी बेटी खेत में पिता को खाना देने जा रही थी,तभी उसे अकेला देखकर दबंग मनीष यादव निवासी मनोहरापुर ने उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमी दे फरार हो गया

25 जुलाई को बेटी की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने बेटी के गर्भवती होने की बात बताई, तब बेटी ने घटना के बारे में बताया। मां ने आरोप लगाया कि जब वह आरोपी मनीष के घर शिकायत लेकर गई तो उसके परिजन ने गालौज करते हुये पिटाई कर भागा दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक व परिजन पर रिपोर्ट दर्ज कर मनीष को हिरासत में लेकर अन्य की तलाश शुरू कर दी गयी है।

## सार-संक्षेप



उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारी।

### ब्लॉक अध्यक्ष बने धर्मचंद्र व कोषाध्यक्ष हिमांशु

**अमृत विचार , मोहनलालगंज:** उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की मोहनलालगंज ब्लॉक इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन मंगलवार को संपन्न हुआ।ब्लाक इकाई के कार्यकारिणी गठन के लिये हुये चुनाव में धर्मचंद्र को ब्लॉक अध्यक्ष, नवल किशोर को ब्लॉक मंत्री, हिमांशु त्रिपाठी को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, श्रीमती सोनू को ब्लॉक संगठन मंत्री व अनूप कुमार को ब्लॉक संप्रेक्षक चुना गया। चुनाव अधिकारी मयंक व संगठन के प्रांतीय महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव ने नवनियुक्त पदाधिकारियो को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।नवनियुक्त अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिया।

### रात में ड्रोन उड़ते देख ग्रामीण परेशान

**अमृत विचार, निगोहां:** निगोहां के आसपास पिछले कई दिनों से रात होते ही ड्रोन उड़ने से ग्रामीण दहशत में है।इसको लेकर रात जागकर गुजारने को मजबूर है। मदद के लिए ग्रामीणों ने पुलिस को भी बुलाया पर पुलिस भी कुछ पता लगाकर ग्रामीणों को संतुष्ट नही कर पाई। निगोहां के बाबू खेड़ा गांव के रहने वाले समर यादव ने बताया कि पिछले कई दिनों से उनके गांव के आसपास रात होते ही ड्रोन कैमरे उड़ते आसमान के दिखाई पड़ते है।मंगलवार रात उन्होंने निगोहां पुलिस को भी सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मौके पर आकर खुद देखा कि असमान में ड्रोन उड़ रहे है। आसपास छानबीन करने के बाद भी पुलिस भी कुछ पता नहीं लगा पाई। निगोहां थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें ऐसी घटना की जानकारी नहीं है।

### युवक की पिटाई कर मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**अमृत विचार,लखनऊ:** गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने युवक की पिटाई कर जबरदस्ती ऑन लाइन रुपये ट्रांसफर कराने और मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल बरामद किया है। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों में गोमतीनगर रघुनाथ नगर का चंदन सिंह, खरगापुर का गिरिश नारायण यादव और सदर तहसील के पास का राकेश शामिल है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों ने इंदिरानगर निवासी अजय कुमार को मंगलवार को खरगापुर में बुलाया। वहीं, पर जबरदस्ती ऑन लाइन 1500 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराया। इसके बाद पिटाई की और मोबाइल छीन लिया था।

### पड़ोसियों ने भाई- बहन को किया लहूलुहान

**अमृत विचार, पीजीआई:** आशियाना थाना क्षेत्र में भदरूख निवासी मुकेश ने पड़ोसी के खिलाफ उसको वह बहन को मारपीट कर लहूलुहान करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी कांति रावत की बकरी मंगलवार को उनके परिसर में आकर नुकसान करने लगी टोकने पर रिंकू रावत, सुनील, सनी और विश्वनाथ ने लाठियों से पीटना शुरू किया, बीच बचाव करने पहुंची बहन को भी आरोपियों ने मारीपट कर लहूलुहान कर दिया।

### पुत्र पर हंसिया से हमला कर किया घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर इलाके में बुधवार को शराबी ने अपने पुत्र को हंसिये से वार कर घायल कर दिया। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा ने बताया कि नटकुर निवासी हजारीलाल बुधवार दोपहर शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और पत्नी उषा से विवाद करने लगा। इस पर पुत्र हिमांशु (20) ने विरोध किया तो उसने हंसिया से उसके ऊपर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ:** आबकारी निरीक्षक लक्ष्मी शंकर बाजपेई द्वारा थाना नगराम अंतर्गत ग्राम भज्जा खेड़ा और छोटी खेड़ा में दबिश और छापेमारी की गई। दौरान दबिश मौके से लगभग 40 लीटर अवैध कच्ची शराब और 380 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 3 अभियोग पंजीकृत किये गये। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य आगे भी जारी रहेगा। आबकारी टीम में प्रधान, आबकारी सिपाही अजीतपाल सिंह, विजय शंकर, प्रभात कुमार, स्मिता आदि मौजूद रहे।

### प्लॉट के नाम पर ऐंठे तीन लाख

**अमृत विचार, पीजीआई:** आशियाना थाना क्षेत्र में रजनी खंड निवासी प्रभात चौधरी से खुद को ओमेक्स कंपनी का डीलर बता प्रापर्टी डीलर अजय कुमार सिंह ने तीन लाख ठग लिए। पीड़ित ने थाने पर शिकायत करते हुए बताया कि वर्ष 2022 में उसने प्लाट के लिए अजय को तीन लाख रुपये दिया और उसने जल्द ही एंग्रीमेंट कराने की बात कही। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी प्लाट का कोई एंग्रीमेंट न होने पर उन्होंने अजय के बारे में कंपनी के कार्यालय में जाकर पता किया तो उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी हुई।

# डंपर चालक ने लगाई ब्रेक, पीछे से कार व स्कूल बस टकराई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ वाहनों के टकराने से लगा लंबा जाम

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के समतामूलक चौराहे पर बुधवार सुबह स्कूल बस के आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक मार दी। जिसके कारण पीछे चल रही कार और स्कूल बस पीछे से जा टकराई। जिसमें चार लोग घायल हो गए

समता मूलक से कुकरैल जाने वाले रास्ते पर नगर निगम का डंपर जा रहा था। उसके पीछे एक कार और स्कूल बस थी। डंपर चालक ने अचानक ब्रेक मार दी, जिससे उनके पीछे चल रही कार और बस भिड़ गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। वहीं गाड़ियों की टक्कर के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। तीनों वाहनों के चालक आपस में झगड़ा करने लगे। तीनों एक-दूसरे पर हादसे का दोष मढ़ते रहे। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने सबको समझा कर जाम खुलवाया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों ने समझौता कर लिया है। फिर अगर कोई तहरीर मिलती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। डंपर के ब्रेक लगाने से पीछे चल रही स्कूल बस भी भिड़ गई। गनीमत रही कि बस में बच्चे नहीं थे। अगर होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं कार में भी चालक के अलावा कोई नहीं था।

# डिजिटल अरेस्ट कर ठगी में दो और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार किए गए है। साइबर क्राइम थाने की टीम ने इन आरोपियों को दबोचा है। इस मामले में अब तक पांच प्रांतों से 18 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है। बुधवार को दबोचे गए आरोपी कमीशन पर सऊदी अरब के खातों ठगी की रकम ट्रांसफर करते थे। इसके बदले में मोटा कमीशन मिलता था।

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में सहारनपुर के सलियर निवासी रोबिन कुमार और संभल के मोहम्मदपुर भांडा का नितिन गुर्जर शामिल है। आरोपियों के पास से चार मोबाइल, 10 एटीएम व क्रेडिट कार्ड, 3सिम, चेकबुक, तीन चेक के पन्ने, दो पेन कार्ड, दो पीएनबी और एचडीएफसी बैंक का पत्र बरामद किया गया है।

#### सऊदी में बैठे ठगों ने दो खातों में भेजे थे 1.55 करोड़

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कुबूल किया कि मास्टर माइंड सऊदी अरब से गिरोह का संचालन करता है। वहीं, बैठे हुए उसने उपलब्ध कराए गए दो भारतीय खातों में एपीके फाइल एप के जरिये 1.55 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे। यह रुपये एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन से ठगे गए थे।

#### उत्तराखंड में खोली थी फर्जी कंपनी

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उत्तराखंड में फर्जी कंपनी खोल रखी थी। जहां ऐसे व्यक्तियों को लेकर जाते थे जिनको रुपये और काम की जरूरत होती है। वहां फर्जी तरीके से खोले गए कंपनी और कार्यालय में काम देने के नाम पर दस्तावेज हासिल कर लेते है। इन दस्तावेजों के सहारे बैंकों में फर्म के नाम से खाते खुलवाते है।

#### यूएसडीटी के माध्यम से लेते थे कमीशन

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों ने कुबूल किया कि खाता फ्रीज होने के बाद 30 से 40 प्रतिशत यूएसडीटी के माध्यम से कमीशन मंगवा लेते थे। इस रकम का कुछ हिस्सा उनको देते थे जिनके दस्तावेज पर खाते खुले थे। कुछ को तो पता ही नहीं चलता था कि उनके नाम से खाते खुले हैं।

# महिला से छेड़छाड़ पड़ोसी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर के नारायण नगर इलाके में नशे में धुत पड़ोसी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की।

नारायणनगर निवासी महिला के मोहल्ले में प्रदीप कुमार रहता है। आरोप है कि चार दिन पहले पीड़िता घर से बाहर निकल रही थी। तभी प्रदीप कुमार नशे में धुत होकर आ धमका। उसने महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा। महिला के शोर मचाने पर पति और पिता मदद के लिए दौड़ पड़े। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने परिवार के सामने ही उसे अंजाम पहुंचाने की धमकी दी थी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कमलेश अध्यक्ष और राजेंद्र बने महामंत्री

संवाददाता सरोजनीनगर



नवनिर्वाचित पदाधिकारी के साथ सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के सदस्य।

▸▸ सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गया। देर शाम तक चली मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर कमलेश प्रताप सिंह चौहान एडवोकेट और महामंत्री पद पर राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजेंद्र यादव एडवोकेट विजयी घोषित किए गए।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश कुमार रुंगटा और मुख्य चुनाव अधिकारी प्रेम शंकर यादव की देखरेख में मतदान का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से निपटा। वहीं दिनेश सिंह चौहान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज कुमार और गिरधारी लाल गुप्ता को उपाध्यक्ष , सुनील कुमार को उपाध्यक्ष कनिष्ठ, रेनू वर्मा, अजय कुमार और इस्लाम खान को संयुक्त मंत्री चुना गया है।

संयुक्त मंत्री, रेनू वर्मा प्रथम,अजय कुमार इस्लाम खान इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी में अरुण कुमार, अशोक सिंह, भानु प्रताप गौड़, महेश प्रसाद, प्रमोद कुमार सिंह व राजीव चौधरी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

# एडिट कर छात्रा की फोटो की वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ:** बीकेटी क्षेत्र में एक युवक ने छात्रा का फोटो एडिट कर वायरल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया

बीकेटी में रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा सीतापुर रोड लखनऊ स्थित एक सेंटर पर कंप्यूटर और सिलाई सीखने जाती है। आरोप है कि पीड़िता का मोबाइल नंबर इटौंजा के बेहड़ा निवासी प्रदीप राजपूत ने कहीं से हासिल कर लिया और मिलने का दबाव डालने लगा। मना करने पर आरोपी ने युवती की फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। बदनामी देख पीड़िता ने परिजन को जानकारी दी। पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गन्ना संस्थान में नौकरी का झांसा देकर 5.22 लाख ऐंठे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ रकम वापस मांगने पर डीआईजी के नाम पर धमकाया

**अमृत विचार :** गन्ना संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने एजाज अनवर से 5.22 लाख रुपये ठग लिए। एसीपी गाजीपुर के निर्देश पर गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कुर्सी रोड स्थित आदिल नगर इलाके में एजाज अनवर परिवार के साथ रहते हैं। वे सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत थे। उनकी मुलाकात सुशांत गोल्फ सिटी ओमेक्स निवासी सुंदरम दुबे से हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने एजाज को बताया कि गन्ना संस्थान में सीधी नियुक्ति होनी है। रुपए खर्च करने पर आसानी से नौकरी मिल जाएगी। सुंदरम ने एक राजनैतिक पार्टी से संबंध होने का दावा किया था। कई सफेदपोश लोगों के साथ अपनी तस्वीर दिखाई। आरोपी के कहने पर पीड़ित ने उधार लेकर दिए गए बैंक अकाउंट में 5.22 लाख रुपए ट्रांसफर किए। फिर भी नियुक्ति नहीं हुई। पूछने पर सुंदरम ने इंतजार करने के लिए कहा था। जुलाई में एजाज ने रुपए लौटाने का दबाव बनाया। डीजीपी मुख्यालय में तैनात डीआईजी से संबंधों का हवाला देते हुए धमकी दी। पीड़ित ने एसीपी गाजीपुर से शिकायत की। इंस्पेक्टर गुडंबा नितीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### भारत-बांग्लादेश टेस्ट के ऑफिशियल स्कोरर बने एसपी सिंह और एपी सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम पर भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से दूसरे टेस्ट मैच खेला जायेगा। इसमे लखनऊ बीसीसीआई पैनल के इंटरनेशनल स्कोरर एस पी सिंह और कानपुर के एपी सिंह को ऑफिशियल स्कोरर नियुक्त किया गया है। वहीं लखनऊ के ही बीसीसीआई पैनल के विकास पाण्डेय और प्रयागराज के अखिलेश त्रिपाठी और रामजी तिवारी भी इस मैच में स्कोरिंग की भूमिका निभाएंगे। यह सभी स्कोरर बीसीसीआई पैनल के वरिष्ठ स्कोरर हैं, और कई वर्षों से इंटरनेशनल और बीसीसीआई के मैचों में स्कोरिंग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश से एसपी सिंह बीसीसीआई के एकमात्र ग्रेड ए स्कोरर हैं। इन सभी स्कोरर ने हाल ही में आईसीसी वर्ल्ड कप में स्कोरिंग करने के साथ आईपीएल के मैचों की 2016 से स्कोरिंग कर रहे हैं। इन सभी का बीसीसीआई के घरेलू मुकाबलों में लगभग 25 साल का अनुभव है।

### जनपदीय विद्यालयीय बालक और बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनपदीय विद्यालयी बालक और बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता लखनऊ मांटेसरी इंटर कॉलेज के ओर से 27 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। आज सुबह 6 से 8 बजे तक सभी खिलाड़ियों का वजन लिया जाएगा। लखनऊ मांटेसरी के प्रवक्ता मनोज कुमार पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में बालिकाओं में अंडर-17 और 19 वर्ग और बालकों में अंडर-14, 17 ,19 वर्ग के विभिन्न भार वर्गों मुकाबले होंगे। इच्छुक विद्यालयों से संबंधित शारीरिक शिक्षक छात्र-छात्राओं की पात्रता व उनसे संबंधित प्रपत्रों के साथ सम्पर्क कर सकते है।

## बैडमिंटन के में सिद्धार्थ बने चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसे 7 मई 2024 से 8 मई 2025 तक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में बुधवार को बैडमिंटन के मेंस सिंगल के फाइनल में कैश 11 के सिद्धार्थ ने एफओएपी 11 के वैभव को 21-9 और 21-11 के सीधे सीटों में हरा कर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच की समाप्ति पर माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, डॉ. अनुज कुमार शर्मा, अमित मलिक सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# रामस्वरूप को मिली कड़ी टक्कर तो आईपीएल को मिली जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ क्लब में नाईट गोल्फ लीग के तीसरे दिन बेहद रोमांचक मुकाबले हुए। मुकाबले में टीमों के बीच एक-एक प्वाइंट के लिए जबरदस्त भिडंत देखने को मिली। कड़ी टक्कर के बीच चैम्पियन रामस्वरूप और फेयरवे टाइगर्स के बीच जबरदस्त टक्कर हुई, जिसके चलते मैच बराबरी पर छूटा। पहले दिन की विजेता आईपीएल वॉरियर्स ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी हंटर्स पर जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान जारी रखा। आईपीएल ने गैलेक्सी पर 6-4 से जीत दर्ज की।

ट्रूफ्रेंड बेसकैंप चैम्पियंस और अमेजिंग ओरिजिंस ने भी शानदार मुकाबले जीत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। लखनऊ नाईट गोल्फ लीग में बुधवार को प्रतियोगी टीमों के बीच कड़े मुकाबले हुए। हर टीम के खिलाड़ी ने जीत के लिए जमकर पसीना बहाया। आईपीएल वॉरियर्स और स्पोर्ट्स गैलेक्सी के बीच हुए पहले एकल में गैलेक्सी के वीके सिंह ने आईपीएल वॉरियर्स के वाहिद सिद्दीकी को पराजित किया। दूसरे एकल मेंआईपीएल के मोहित यादव ने गैलेक्सी के अतुल कत्याल को शिकस्त देकर टीम की झोली में जीत डाली। तीसरे युगल मुकाबले में आईपीएल के विक्रम सभरवाल और हार्दिक सिंह ने गैलेक्सी के वीरेंद्र के श्रीवास्तव और जावीद अहमद को पराजित किया। दूसरे युगल में स्पोर्टस गैलेक्सी के सिद्धार्थ सागर और संजीव गुप्ता ने आईपीएल के विकास टंडन और मीसम अम्मार रिजवी को शिकस्त दी। चार मुकाबलों में स्कोर बराबर होने के बाद पांचवे और निर्णायक युगल मुकाबले में आईपीएल जोहेब सिद्दीकी और गगन वोहरा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए गैलेक्सी के प्रेम प्रकाश और मयंक पंत को हराकर टीम को जीत दिलाई।

### अमेजिंग की सृष्टि का जबरदस्त प्रदर्शन

डॉ. सृष्टि धोन राठौड़ ने अमेजिंग ओरिजिंस की जीत में शानदार भूमिका निभाई। उनके शानदार खेल के प्रदर्शन ने खेल प्रेमियों को आश्चर्यचकित किया। उन्होंने वेलनेस वॉरियर्स प्राइम हेल्थ सिटी के सीएस खोसला के साथ हुए पहले एकल मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन कर प्वाइंट जुटाकर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे एकल में सुधांशु कृष्णा ने वेलनेस के इरफान हुसैन को हराया। पहले युगल में अमेजिंग के पीयूष कुमार और साद अहमद रिजवी ने वेलनेस के नीरज और पवन को शिकस्त दी। दूसरा युगल वेलनेस के आदि जैन और आयुष रस्तोगी और तीसरा युगल मुकाबला वेलनेस के विजय कुमार सिंह के साथ जितेंद्र कुमार ने जीता। मुकाबले में अमेजिंग ओरिजिंस ने वेलनेस वॉरियर्स पर 6-4 से जीत दर्ज की।

### फेयरवे ने रामस्वरूप का विजय रथ रोका

शाम को सबसे रोमांचक मुकाबला रामस्वरूप टाइगर्स और फेयरवे टाइगर्स के बीच हुआ। दोनों के बीच मुकाबला 5-5 की बराबरी पर छूटा। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने धैर्य और सटीकता का प्रदर्शन किया। दोनों टीमों के बीच हुए पहले सिंगल में रामस्वरूप के आदेश सेठ और फेयरवे के आरएस नंदा के बीच मुकाबला ऑल स्क्वायर रहा। दूसरे सिंगल मुकाबले में फेयरवे के ऋषि खन्ना ने रामस्वरूप के अजय भसीन को शिकस्त देकर टीम के लिए प्वाइंट कमाए। तीसरे और चौथे युगल मुकाबले में रामस्वरूप के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। तीसरे युगल मुकाबले में अक्षय सिंह और विक्रम भार्गव और चौथे युगल मुकाबले में पंकज अग्रवाल व पी राजीव नयन ने जीत दर्ज की। जीत की कगार पर खड़ी रामस्वरूप को निर्णायक पांचवे युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। फेयरवे के सोमेश भारद्वाज और प्रभजोत सिंह ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए टीम को बराबरी तक पहुंचाया। हालांकि, दोनों टीम को बढ़त नहीं दिला सके।

### इनका भी रहा शानदार रहा प्रदर्शन

ट्रू फ्रेंड बेसकैंप चैम्पियंस के आमेर महमूद शेख ने अपनी रणनीतिक कुशलता का परिचय देते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इससे बेसकैंप चैम्पियंस को पीआर हुंडई पर 6-4 से जीत मिली। दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर रही। लेकिन अंतिम क्षणों में बेसकैंप ने बढ़त लेकरअपनी जीत सुनिश्चित की। वहीं, फेयरवे टाइगर्स के प्रभजोत सिंह के प्रदर्शन ने खेल प्रेमियों में अपनी अलग जगह बनाई।

## 45 दिवसीय अभिनय कार्यशाला शुरू

**अमृत विचार , लखनऊ :** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से उमंग फाउंडेशन ने संगीत नाटक अकादमी में बुधवार को 45 दिन की अभिनय कार्यशाला शुरू की। कार्यशाला में भारतेंदु नाटक अकादमी के आशुतोष जायसवाल और विकास दुबे प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यशाला समापन के बाद तैयार किये गये नाटक का मंचन किया जाएगा। कार्यशाला के बारे में संस्था के सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यशाला अभिनय की विभिन्न तकनीक सिखाने का काम करेगी। इसके जरिये आत्मविश्वास बढ़ेगा, भावनात्मक सीमा विकसित होगी।

# गोंडा टाइटंस, एनएचबी और बाराबंकी घंटाघर को पूरे अंक

## 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन की ओर से आयोजित 23वां आदि कवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में गोंडा टाइटंस, एनएचबी और बाराबंकी घंटाघर इलेवन ने जीत से पूरे अंक जुटाए। गोंडा टाइटंस व बाराबंकी घंटाघर ने दो मैच खेलते हुए एक-एक जीते।

चौक स्टेडियम पर पहले मैच में गोंडा टाइटंस ने लवकुश नगर अभिराज इलेवन को 7 विकेट से हराया। लवकुश नगर अभिराज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित10 ओवर में 8 विकेट पर 84 रन बनाए। हिमांशु ने 34 व विक्की ने 22 रन जोड़े। गोण्डा टाइटंस से गोविंद को चार व वरुण को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में गोण्डा टाइटन्स ने 8 ओवर में तीन विकेट पर 87 रन बनाकर मैच जीत लिया।

गोविंद ने 23 व साहिल ने 18 रन बनाकर जीत दिलाई। बेहतरीन पारी खेलने वाले गोंडा टाइटंस के गोविंद को मैन ऑफ द मैच और बेस्ट कैच लेने का पुरस्कार वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, आयोजन समिति के अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी और महामंत्री आशीष घावरी ने दिया। इस अवसर पर रमन कुमार, मोहम्मद रियाज वाल्मीकि, आर वी घावरी, रिप्पी वाल्मीकि मौजूद रहे।


गोंडा टाइटंस के गोविंद को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते आयोजक।

दूसरे मैच में एनएचबी ने बाराबंकी घंटाघर इलेवन को 10 रन से हराया। एनएचबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जयकिशन के 25 व करन के 17 रन से 5 विकेट पर 86 रन बनाए। बाराबंकी घंटाघर से सूरज और कामेश को दो-दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में बाराबंकी घंटाघर 8 विकेट पर 76 रन ही बना सका। एनएचबी से मैन ऑफ द मैच सचिन को तीन, यश और सुमित को दो-दो विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार बाराबंकी घंटाघर के अभिषेक को मिला। तीसरे मैच में बाराबंकी घंटाघर इलेवन ने गोण्डा टाइटंस को 78 रन से हराया। बाराबंकी घंटाघर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 108 रन बनाए।

जवाब में गोंडा टाइटंस आठ ओवर में 30 रन ही बना सका। बाराबंकी घंटाघर इलेवन के अक्षय को चार और मैन ऑफ द मैच कामेश को तीन विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार बाराबंकी घंटाघर के सूरज को मिला।

## डेविस कप खिलाड़ी सिद्धार्थ सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसडीएस टेनिस अकादमी के तत्वाधान में गोल क्लब में आयोजित एक सम्मान समारोह में डेविस कप खिलाड़ी सिद्धार्थ विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।लखनऊ हाईकोर्ट के वरिष्ठ जज एआर मसूदी ने सिद्धार्थ को सम्मानित करते हुए कहा कि लोगों को खेल के प्रति रुचि रखनी चाहिए जिससे वह देश का नाम रोशन करने में अहम भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में खेल टीचरों की कमी है इस पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि खेल जिंदगी के लिए बहुत ही आवश्यक है लंबे समय बाद उत्तर प्रदेश से किसी खिलाड़ी ने डेविस कप में प्रतिभा किया है। सिद्धार्थ हाल ही में भारत की तरफ से स्वीडन में खेल चुके हैं तथा जल्द ही युगांडा जाने वाले हैं। टेनिस फैकल्टी के सचिव सौरव चतुर्वेदी के अलावा पवन सागर और पूर्व डीजीपी जावेद अहमद समेत कई लोग समारोह में उपस्थित थे।

# एक साथ तीन नावों की सवारी कर रहे हैं सतेन्द्र

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लम्बे समय तक रंगमंच पर अभिनय का हुनर दिखाने के बाद सतेन्द्र यादव ने छोटे पर्दे पर चाचा चौधरी के जरिये अपनी रील लाइफ की शुरुआत की। छोटे पर्दे के जरिये जब वह घर-घर में पहचाने जाने लगे तो उन्हें फिल्म इंतकाम के जरिये बड़े पर्दे पर ब्रेक मिला। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिला कन्नौज, राइफलगंज और ऑफिसर अर्जुन सिंह आईपीएस जैसी फिल्में करने के बाद उन्होंने फिल्म क्रैश बूम बैंग में न सिर्फ अपने अभिनय के जलवे बिखेरे बल्कि अपने बेटे ज्योतिरादित्य को भी लांच करा दिया।

सतेन्द्र यादव ने जब अभिनय की दुनिया में कदम रखा था उस वक्त भी वह राजनीति की नाव पर सवार थे। लम्बे समय तक उन्होंने दो नावों में संतुलन बनाकर दिखाया और अब वह तीन नावों पर एक साथ सवार हो गए हैं। उन्होंने जन समस्या मेला समिति का गठन किया है इस समिति के जरिये उन्होंने मिशन जन सुनवाई चौपाल की शुरुआत की है। यह चौपाल उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और तेलंगाना तक पहुंच गई है। इस चौपाल के जरिये वह 2 लाख 26 हजार मामलों को सरकार तक पहुंचा चुके हैं, जिसमें अधिकांश मामलों में लोगों को न्याय मिल चुका है।



**फिल्मों के साथ जारी है जनसेवा और राजनीति का सफर**

फिल्म क्रैश बूम बैंग की डबिंग पूरी करने के बाद बुधवार को सतेन्द्र यादव उर्फ हीरो भईया लखनऊ आये तो अमृत विचार के कार्यालय में भी आये। इस मुलाकात में उन्होंने मैनपुरी की गलियों से लेकर दिल्ली के अक्षरा थियेटर तक के सफर पर बात की। अपने रंगमंच के दौर की यादों में खोये रहे। अपनी राजनीतिक जिन्दगी के अनुभव साझा किये और मिशन जन सुनवाई के जरिये आम आदमी के सवाल उठाने के तरीकों पर विस्तार से बात की।

उन्होंने बताया कि अपनी तीनों नावों में वह बहुत अच्छे अंदाज में संतुलन बनाकर रखते हैं। तीन नाव की सवारी उन्हें कभी परेशान नहीं करती।

# उत्पीड़न से लड़ने के बताए अधिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित 'जेंडर सेंसिटाइजेशन' कार्यशाला में महिला बलकर्मियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ लड़ना बताया गया। विशेष ने अपने अनुभव साझा करके जागरूक किया और अधिकार बताए।

बुधवार को गोमती नगर स्थित सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय में भापुसे महानिरीक्षक रत्न संजय के नेतृत्व में जागरुकता कार्यशाला हुई। एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव्स ट्रस्ट से वक्ता प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर नीतू व प्रोग्राम ऑफिसर अर्यमा ने महिलाओं के कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बलकर्मियों को जागरूक किया। महिलाएं कार्यस्थल पर कैसे बचें, पीड़ित महिला के अधिकार, शिकायत कहां करें जानकारी दी। महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। कई केस स्टडी पर संवाद किया।

अंत में उप महानिरीक्षक जगदीप पाल सिंह व उप महानिरीक्षक कमल कान्त व उप कमांडेंट उदय प्रताप सिंह ने वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय में जानकारी देतीं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर नीतू।

## दादा मियां का उर्स आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल एवेन्यू स्थित हजरत ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह (दादा मियां) के 117वें सालाना उर्स की शुरुआत गुरुवार (26 सितम्बर) को हो रही है। इस दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

दादा मियां की दरगाह के सज्जादानशीन सबाहत हसन शाह ने उर्स के सम्बन्ध में बुधवार को पत्रकारों को बताया कि दादा मियां ने अपनी बहुत छोटी सी जिन्दगी में इतना काम कर दिखाया जिसकी मिसाल आज के जमाने में मिलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

# लेखपाल भर्ती अभ्यर्थियों ने किया जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**राजस्व परिषद कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन**

**अमृत विचारः** लेखपाल भर्ती अभ्यर्थियों ने बुधवार को राजस्व परिषद का घेराव करके प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि चयनित होने के बाद भी नियुक्ति पत्र के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 8085 पदों पर लेखपाल भर्ती निकली थी, जिसमें 1921 पद अभी तक खाली हैं। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रदेश के कई जिलों से अभ्यर्थी पहुंचे थे।

अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि नियुक्ति देकर हमें इस परेशानी से राहत दें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा कागज पर प्रतापगढ़ से प्रदर्शन में आई संध्या मिश्रा ने कहा कि साल 2021 से वह इसकी तैयारी कर रही थी। लंबे इंतजार और परीक्षा में सफल होने के बाद अब तक नियुक्ति न मिलना बेहद चिंता का विषय है। 1921 पदों पर एक लिस्ट आयोग से जारी करने की मांग की गई है। प्रदर्शन में लवकुश, सागर मिश्रा, चंदन तिवारी, अरुन वर्मा, शक्ति सक्सेना, ईशु पटेल आदि लोग शामिल थे।

# कैप्टन व उनकी मंगेतर से दुर्व्यवहार से गुरुद्वारा कमेटी नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ओड़िसा के भरतपुर थाने में कैप्टन गुरजंत सिंह और उनकी मंगेतर के साथ हुए शारीरिक और मानसिक दुर्व्यवहार पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने रोष व्यक्त किया है। इस सम्बन्ध में कमेटी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सभी मुख्यमंत्रियों और ओड़िसा के पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजने का फैसला किया है।

राजधानी के सदर गुरुद्वारे में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा, महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी और कमेटी के अधिकृत अधिवक्ता जसबीर सिंह राजू बक्शी ने पत्रकारों को बताया कि कुछ अराजक गुंडों द्वारा किये गए अभद्र व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने के लिए कैप्टन गुजवंत सिंह अपनी मंगेतर के साथ थाना भरतपुर (भुवनेश्वर) में रात्रि एक बजे पहुंचे थे और उन्होंने घटना की जानकारी देकर गुंडों को पकड़ने तथा रिपोर्ट दर्ज करने का निवेदन किया। थाने में मौजूद महिला पुलिस ने उनकी सहायता करने से इनकार किया।



प्रेस वार्ता करते अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा, हरपाल सिंह, सतपाल सिंह व अन्य।

जब कैप्टन गुजवंत की मंगेतर ने रिपोर्ट लिखने पर जोर दिया तो उन दोनों को हिरासत में ले लिया। कैप्टन गुजवंत सिंह को लॉकअप में डाल कर पीटा गया। जबकि यह नियम है कि अगर कोई आर्मी ऑफिसर या फौजी कानून भी भंग करता है तो पुलिस को निकटतम सेना यूनिट को अथवा सेना पुलिस को सूचना देनी होगी।

कैप्टन की पिटाई की गई और एक पुलिस अधिकारी ने पीड़ित महिला का यौन शोषण किया, जिसकी मेडिकल जांच में पुष्टि हुई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा है कि देश की सरहदों की रक्षा करने वाली सेना के साथ पुलिस का ऐसा दुर्व्यवहार अत्यंत निन्दनीय है। 17 सितम्बर को दोनों को जमानत पर रिहा किया गया। मामले ने तूल पकड़ा तो उन दोषी पुलिस अफसरों का तबादला और निलंबन कर दिया गया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा है कि इस मामले को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। कमेटी ने मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ओड़िसा से मांग है कि इन दोषी पुलिस कर्मियों को सेवा से निष्कासित किया जाए और जेल भेजा जाए।

# किसानों के हितों की उठाई मांग

लखनऊ/ बख्शी का तालाब

**राष्ट्रपति को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा**

**तहसीलदार ने तहसील स्तर की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया**

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत देवरी रुखारा गांव में बुधवार को किसानों मजदूरों की ओर से किए गए सत्याग्रह के दौरान आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद जब देश भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहा है, देश का अन्नदाता किसान और देश का भविष्य छात्र नौजवान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि एक नये भारत के निर्माण के लिए हमें अम्बेडकर और भगत सिंह के रास्ते पर आगे बढ़ना होगा।

ऐक्टू के जिला सचिव कुमार मधुसूदन मगन ने कहा कि पूंजीपतियों के कर्ज माफ करने वाली मोदी सरकार किसानों के मजदूरों के क़र्ज माफ करने को तैयार नहीं है। उन्होंने किसानों मजदूरों से एकजुट होकर बदलाव की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आवाहन किया। सभा के अन्त में नायब तहसीलदार बीकेटी ने सत्याग्रह स्थल पर आकर राष्ट्रपति भारत को सम्बोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन लिया और तहसील स्तर की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

# अर्जुन चावला के योगदान पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी ने बुधवार को इंदिरा भवन स्थित कार्यालय में सिंधी भाषा के साहित्यकार अर्जुन चावला के सिंधी साहित्य में योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल, पूर्व आईजी रेलवे राजाराम भगनानी, प्रकाश गोधवानी, अशोक चांदवानी, दिनेश मूलानी और डॉ. कोमल असरानी ने झूलेलाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू कराया।

संगोष्ठी में सुधानचन्द चंदवानी ने बताया कि अर्जुन चावला का जन्म 10 फरवरी, 1931 में सिंध (पाकिस्तान) में हुआ था। आजादी के बाद वह अलीगढ़ आ गए। उनकी साहित्यिक यात्रा 17-18 साल की उम्र में शुरू हुई थी। उनकी कविताओं के अलग-अलग रूप देखने को मिलते हैं।


संगोष्ठी में बोलते सुधानचन्द चांदवानी। अमृत विचार

डॉ. कोमल असरानी ने बताया कि अर्जुन चावला की कविताएं प्रेरक भावों से सराबोर हैं। प्रकाश गोधवानी ने बताया कि अर्जुन चावला न केवल कवि हैं बल्कि एक बहुत अच्छे कहानीकार और निबन्धकार भी हैं। उन्होंने सिंधी कविताओं में गजलों को नया आयाम दिया है। प्रकाश गोधवानी ने अर्जुन चावला की लोकप्रिय कविता रोशनी थोरी आ, गुम थी न वजे, को पतंगों मतस तेल पी न वजे भी सुनायी।

उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियों में समाज की सहभागिता और बढ़नी चाहिए।

# 98वीं जयंती पर याद किये गये विहिप नेता अशोक सिंघल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल की 98वीं जयन्ती पर बुधवार को लखनऊ में भव्य समारोह में काव्यांजलि दी गई। गोमतीनगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के सभागार में कवियों ने अपनी कविताओं के जरिये अशोक सिंघल के योगदान को याद किया।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने मुख्य अतिथि के तौर पर यहां कहा कि अशोक सिंघल के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि जीवन में लक्ष्य बना लेने के बाद उसकी पूर्ति ही मिशन बन जाता है।

नरेन्द्र भदौरिया ने हिंदुत्व को आंदोलन बनाने वाले अशोक सिंघल का राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण में प्रयासों का वर्णन किया। अशोक सिंघल स्मृति न्यास की ओर से आयोजित इस काव्यांजलि को गति देते हुए शिखा भार्गव ने कहा कि अशोक सिंघल लखनऊ प्रवास पर न्यास के ट्रस्टी प्रदीप भार्गव के घर पर ही ठहरते थे। देर रात तक वह पुस्तकें पढ़ते थे।

न्यास की संरक्षक अचला भार्गव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए एक मार्मिक कविता का पाठ किया। उन्होंने बताया कि अशोक सिंघल स्मृति न्यास की स्थापना की गई है जिसके माध्यम से उनके महान कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसके ट्रस्टीज में अभिनव भार्गव व प्रशांत भाटिया आदि हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने कहा कि श्वेत वस्त्र धारण करने वाले अशोक सिंघल का जीवन सादगी की मिसाल था। उन्होंने देश में कई बड़े-बड़े कार्य किए, वह भी कानपुर में मात्र एक तख्त बराबर कमरे में रहते हुए। ऐसे समाजसेवी के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।


कार्यक्रम में चम्पत राय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्रशांत भाटिया।

अयोध्या के संत कमल नयन दास ने कहा कि उनकी इच्छा शक्ति दृढ़ थी। उन जैसे महापुरुष अपने संकल्प से जनमानस की सेवा करते हैं। राम मंदिर का स्वप्न साकार करने के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया। उनके ही संकल्प का परिणाम है कि आज देश भर में वेदाध्ययन के विद्यालय खुलते जा रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन में समता और समरसता का प्रचार करने का संकल्प ले रखा था।

विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश ने अशोक सिंघल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रयासों से भारत में हुए हिंदुत्व के उदय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रसिद्ध कवि हरिओम पंवार ने कहा कि मैंने एक बार सिंघल जी को भाषण देते हुए सुना था। उन्होंने वीर रस की कविता पढ़ते हुए कश्मीर का स्वप्न देखना बंद करो... काव्य का पाठ कर श्रोताओं को जोश से भर दिया।

इस अवसर पर कवि जगदीश मित्तल, व्यासजी, प्रमोद द्विवेदी, अतुल नारायण, विकास बौखल एवं सोनी मिश्र ने अपनी रचनाओं से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, अवध प्रांत प्रचारक कौशल, महापौर सुषमा खर्कवाल, दिनेश आदि की मौजूदगी रही।

## एक नजर

### हिस्ट्रीशीटर पर हमला करने वाले पांच गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : विपुलखंड में दरोगा के हिस्ट्रीशीटर बेटे पर फायरिंग कर फरार हुए पांच बदमाशों को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोली चलाने वाला मुख्य आरोपी साथियों संग फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। एसीपी गोमतीनगर विकास जायसवाल ने बताया कि अलीगंज निवासी दिव्यम, विशाल बोरा, सहजनवा निवासी रजत सिंह और युवराज सिंह को पकड़ा गया। आरोपियों ने 12 सितंबर की रात विपुलखंड में हिस्ट्रीशीटर धनजंय सिंह और उसके दोस्त राहुल सिंह पर फायरिंग की थी। राहुल की पत्नी जूही सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर आरोपियों को दबोचा गया। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य आरोपी अविनाश सिंह उर्फ शिंकू की तलाश की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर लापता

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां के जमादार खेड़ा अपने घर से मंदिर दर्शन करने निकला मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों ने लापता हो गया। परिवारीजनों ने इधर उधर काफी खोजबीन की कहीं पता नही चलने पर परिवारीजनों ने निगोहां थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। जमादार खेड़ा निवासी दुर्गेश ने बताया कि उसके बड़े भाई रमाकांत (35) बीते सोमवार की शाम भंवरेश्वर मंदिर में दर्शन करने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन देर रात तक वह घर नही पहुंचे जिसके बाद इधर उधर काफी खोजबीन की गई लेकिन उसके भाई का कहीं कुछ पता नही चला सका। जिसके बाद बुधवार को उसने निगोहां पुलिस को भाई की गुमशुदगी की तहरीर दी। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है तलाश की जा रही है।

# अनस याकूब को पांच वर्ष कठोर कैद की सजा

## एनआईए के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी 24 हजार जुर्माना भी लगाया

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार :** सेना के महत्वपूर्ण गोपनीय एवं प्रतिबंधित दस्तावेजों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेजने के आरोप में अनस याकूब गितैली को एनआईए के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने पाँच साल की कठोर कैद एवं 24 हज़ार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एम के सिंह ने अदालत को बताया कि इस मामले में पूर्व में सजा पा चुके दोषी सौरभ शर्मा ने भारतीय सेना में रहते हुए भारतीय सेना के गोपनीय प्रतिबंधित, दस्तावेज एवं वर्गीकृत आंकड़े पाकिस्तान आधारित आईएसआई गुप्तचर एजेंसी की एजेंट कथित नेहा शर्मा व अन्य के साथ साझा किया था। सौरव शर्मा एवं उसकी पत्नी पूजा सिंह के खाते में विदेशों से आईएसआई ने हजारों रुपए भेजे थे।यह भी कहा गया कि सौरव शर्मा की पत्नी पूजा सिंह के खाते में आरोपी अनस याकूब गिटैली ने ख़ुफ़िया जानकारी लेने लिए 4000 रुपए भेजे थे। कहा गया है कि पैसा खाते में भेजने से संबंधित स्क्रीनशॉट पहले प्रचलित नाम नेहा शर्मा को भेजा गया, उसके बाद वही स्क्रीन शॉट नेहा शर्मा ने सौरव शर्मा को भेजा, जो अभियुक्त सौरभ शर्मा द्वारा प्रयोग किए जा रहे मोबाइल फोन से विवेचना के दौरान प्राप्त किया गया है।

अदालत को बताया गया कि सौरभ को एटीएस ने 8 जनवरी 2021 को गिरफ़्तार कर इंस्पेक्टर राजीव त्यागी ने उसी दिन एटीएस थाना गोमतीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।बाद में विवेचना में आरोपी अनस याकूब की संलिप्तता सामने आने पर एटीएस ने उसे गुजरात के पंचमहल से गिरफ़्तार कर उसके पास से मोबाइल, तीन सौ रुपए, डीएल और सिम कार्ड बरामद किया था।बाद में केंद्र सरकार ने 4 फ़रवरी को मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना को एनआईए सौप दिया था, इसके बाद एनआईए के डिप्टीएसपी भालेंदु पांडेय ने मामला दर्ज होने के बाद विवेचना की और आरोपी सौरभ शर्मा तथा अनस याकूब गितैली के ख़िलाफ़ चार्जशीट दायर किया था।

मुक़दमे की सुनवाई के दौरान आरोपी सौरभ शर्मा ने कोर्ट में जुर्म स्वीकार करने की अर्ज़ी दी, इसपर कोर्ट ने आरोपी की फाइल को अनस याकूब गीतैली से अलग करक 28अगस्त को सौरभ को सजा सुनाई ।वही कोर्ट ने अनस याकूब के ख़िलाफ़ 6 सितंबर 2022 को आरोप तय करके सुनवाई की।एनआईए ने अनस याकूब के ख़िलाफ़ कोर्ट में 26 गवाहों को पेश किया और 105 दस्तावेज़ी साक्ष्य के साथ ही बरामद किए गये 13 वस्तुओं को भी पेश किया था।

### धोखाधड़ी में दो को तीन-तीन वर्ष की सजा

लखनऊ, विधिसंवाददाता, लखनऊ : सीबीआई अदालत के विशेष न्यायाधीश रवींद्र नाथ त्रिपाठी ने बैंक से धोखाधड़ी करके 68 लाख रुपए हड़पने के आरोपी कानपुर स्थित मेसर्स शिवम् ट्रेडर्स के खाते के पॉवर ऑफ़ एटॉर्नी रमेश चंद्र दत्ता व अमर पाल सिंह को तीन-तीन साल की क़ैद तथा कुल 2 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले के आरोपी कानपुर की जनरलगंज स्थित यूको बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक विजय कुमार नागर एवं मेसर्स एमवी एंड संस के खाते के पॉवर ऑफ़ एटॉर्नी विजय कुमार शुक्ला की मामले की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी।पत्रावली के अनुसार यूको बैंक, लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक ने सीबीआई से मामले की शिकायत की थी जिसपर सीबीआई ने 23 मार्च 2000 को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप था कि कानपुर के जनरलगंज स्थित यूको बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक विजय कुमार नागर ने वर्ष 1998-99 के दौरान कानपुर की मैसर्स शिवम ट्रेडर्स और मैसर्स एम.वी. एंड संस व अन्य आरोपीयो के साथ आपराधिक षड़यंत्र में अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया ।कहा गया की आरोपी शाखा प्रबंधक ने अपने विवेकाधीन अधिकार से परे जाकर फ़र्म को ग़ैरक़ानूनी रूप से क्रेडिट सुविधा/ओवरड्राइंग दिया। आरोप लगाया गया की आरोपीयो की इस साज़िश और ग़ैरक़ानूनी काम से बैंक को 68 लाख रुपए का नुक़सान हुआ। मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आरोपी यूको बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक विजय कुमार नागर, कानपुर स्थित मैसर्स शिवम ट्रेडर्स के खाते में पावर ऑफ़ अटॉर्नी धारक रमेश चन्द्र दत्ता, अजीत पाल सिंह और एम.वी. एंड संस के खाते में पावर ऑफ़ अटॉर्नी धारक विजय कुमार शुक्ला के ख़िलाफ़ 23 दिसंबर 2002 को आरोप पत्र दायर किया था।

# अधिवक्ताओं ने लिया एकजुट होने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन (यूपीटीबीए) के पंजीकृत कार्यालय वाराणसी की ओर से गठित निष्पक्ष न्याय अभियान समिति के आहवान पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राज्य कर कार्यालय स्थित सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ता कक्ष में यूपीटीबीए के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यपालिका द्वारा न्यायपालिका (अपीलीय अधिकारी) की स्वतंत्रता एवं न्यायिक अनुशासन में किए जा रहे अनधिकृत हस्तक्षेप एवं अतिक्रमण के विरुद्र एकजुटता प्रदर्शित करना था।

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री रवि शंकर राजपूत ने कहा कि विशेष चिंता का विषय यह है कि कार्यपालिका द्वारा न्यायिक प्रक्रिया में बढ़ता हुआ हस्तक्षेप न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को खतरे में डाल रहा है। विशेष रूप से अपीलीय अधिकारियों पर अपीलों को फास्ट ट्रैक मोड (खटाखट) पर निपटाने का दबाव डाला जा रहा है, जिसमें उचित सुनवाई का अवसर प्रदान किए बिना निर्णय लेने की मांग की जा रही है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि अपीलीय अधिकारियों पर राजस्व के पक्ष में निर्णय देने का दबाव बनाया जा रहा है, जो न्यायिक निष्पक्षता के मूल सिद्धांत का उल्लंघन है। यूपीटीबीए इस प्रवृत्ति को न्यायपालिका की स्वतंत्रता और कानून के शासन के लिए गंभीर खतरा मानता है। बैठक उपरांत निष्पक्ष न्याय अभियान समिति के चेयरमैन विक्रम चावला एवं यूपीटीबीए के प्रांतीय अध्यक्ष सौरभ सिंह गहलोत द्वारा जारी पत्र को पढ़ा गया। उपस्थित अधिवक्ताओं ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 31 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

इंस्पेक्टर अंजनी मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विमलेंद्र द्विवेदी श्रावस्ती के इकौना स्थित खर्चविरान का रहने वाला है। लखनऊ में वृंदावन कालोनी में रहता है। पुलिस के मुताबिक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी को आरोपी ने चार पहिया वाहन में बैठाकर अपने साथ मटियारी लेकर गया, जहां दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपी को पिछले 25 दिन से तलाश रही थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

उधर, चिनहट पुलिस ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित लौलाई निवासी सूरज बाल्मिकी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपित ने नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

दहेज हत्या के आरोपित को भेजा जेल : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या के आरोप में राहित उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित बरौना गांव का रहने वाला था। आरोपी पर दहेज हत्या का रिपोर्ट दर्ज किया था।

# सामुदायिक केन्द्र को निजी हाथों में न देने की मांग



एलडीए वीसी से मिलते एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एलडीए उपाध्यक्ष से मिला। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि सामुदायिक केंद्र और कमेटी सेंटर की बैठक में व्यापारियों से समुदाय केंद्र और कमेटी सेंटर निजी हाथों में देने, न देने पर राय मांगी थी। व्यापारी शुरू से निजी हाथों में न देने के पक्ष में हैं।

विजय ने कहा कि कमेटी सेंटर, समुदाय केंद्र और जनेश्वर मिश्र पार्क को ठेके पर देकर एलडीए ज्यादा पैसे कमाना चाहता है। संगठन ने मांग की कि जिस तरीके इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पैनल बनाया गया है, उसी प्रकार कमेटी सेंटर, सामुदायिक केंद्र व जनेश्वर मिश्र पार्क में पैनल सिस्टम बना दिया जाए।

संगठन के सुझाव से वीसी सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि हम इसको चलाना ही नहीं चाहते हैं। जब चलना नहीं चाहते थे तो आम जनता के लिए बनाया क्यों गया था। ये केंद्र निजी हाथों में देने का संगठन विरोध करेगा। जरूरत पड़ी तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।


मेट्रो स्टेशन पर सफाई कर्मियों को जानकारी देते श्रम अधिकारी। अमृत विचार

# श्रम आयुक्त ने दी सफाई कर्मियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊः स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को सेवा मित्रों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मेट्रो के सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर सफाई कर्मियों ने भाग लिया। सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने सफाई कर्मियों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्रम आयुक्त ने जागरूकता सत्र के दौरान सफाई कर्मियों की समस्याओं का समाधान भी किया।

# पुलिस को छका रहे बाहर से आए गिरोह

फहीम उल्ला खान, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** इन दिनों राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ चोर गिरोह बना पुलिस की मुस्तैदी में सेंधमारी कर ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दे रहे है। हालत ये है कि रात के समय घड़ी की सुई 12 बजाती है, तो ग्रामीणों को भय सताने लगता है। गांवों के लोगों में चोरों का जिस तरह खौफ है, उस तरह की स्थिति छह वर्ष पहले हुआ करती थी। एक माह की बात करें तो चोरों ने करीब दस से भी ज्यादा छोटी और बड़ी वारादात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है।

**गैर जनपद के चोर दे रहे वारादात :** एसीपी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि चोरी के तरीकों को देख यह आभास लगाया जा रहा है कि गैर जनपद के चोर गिरोह बनाकर राजधानी के सीमावर्ती इलाकों में वारदात को अंजाम दे रहे है। इस गिरोह को पकड़ने के लिए संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है।इसके अलावा मुखबिर तंत्र को प्रभावी बनाया गया है। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में पुलिस गस्त बढाई गई है।जल्दी ही गैंग की गिरफ्तारी कर सभी चोरियो का पर्दाफाश किया जाएगा।

**झुंझुनूं गैंग की आहट से सहमे ग्रामीण :** गौरतलब है कि वर्ष 2018 में राजस्थान के झुंझुनूं के डकैतों ने काकोरी के बनिया खेड़ा में एक ग्राम प्रधान के घर को निशाना बनाते हुए जमकर उपद्रव काटा था।इसी दौरान प्रधान के पुत्र की हत्या कर फरार हो गए थे । उसके बाद इसी गैंग ने मलिहाबाद के सरावा में पूर्व प्रधान के बेटे की हत्या कर लूट पाट की थी। उसी रात मुंशी गंज निवासी दयाराम कन्नौजिया के घर मे महिलाओं के साथ मारपीट कर लूटपाट की। ऐसे गांव के लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार हो रही चोरी के पीछे झुंझुनूं गैंग का हाथ तो नहीं। वहीं, राजधानी से सटे सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कोतवाली इलाके में कुछ गैंग वारदात को अंजाम देकर गांव में पर्चे चस्पा कर रहे है। जिसमे वह गांव वालों से लाखों रुपए की भी मांग कर रहे है।

**मटमैला गैंग की तो नही आहाटः** मलिहाबाद सर्किल में तीन थाने मलिहाबाद, माल, रहीमाबाद हरदोई उन्नाव व सीतापुर जनपद से लगते है ।इन दिनों सीमावर्ती जिले सीतापुर में मटमैला गैंग का आतंक है । जहा ये गैंग खेरिया व लोना गांव सहित आसपास चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

## सार-संक्षेप



एमजी लखनऊ ने बुधवार को अपने चिनहट शो रूम पर नए मॉडल एमजी विंडसर को लांच किया। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कम्पनी के डायरेक्टर विजय कुमार अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, चेतन्य अग्रवाल की मौजूदगी में लांच किया।

### चिड़ियाघर में चला सफाई अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा और उप निदेशक डॉ. उत्कर्ष शुक्ला, क्षेत्रीय वनधिकारी दिनेश बडोला समेत कई कर्मचारियों ने उद्यान में साफ सफाई की। निदेशक ने स्वच्छता पखवाड़े के बारे मे सभी को जानकारी देते हुए साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया किया।


वायु सेना स्टेशन बमरौली, प्रयागराज में एयर कमोडोर मनीष सिन्हा।

### मनीष ने संभाली वायु सेना स्टेशन बमरौली की कमान

अमृत विचार, लखनऊ : एयर कमोडोर मनीष सिन्हा ने बुधवार को वायु सेना स्टेशन बमरौली, प्रयागराज की कमान संभाल ली। 21 जून 1993 को कमीशन प्राप्त, एयर कमोडोर मनीष सिन्हा एक हेलीकॉप्टर पायलट और एक योग्य फ्लाइंग प्रशिक्षक हैं। उनके पास चेतक, एएलएच और मिग 21 टी-77 उड़ाने का लगभग 4050 घंटे का अनुभव है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने सूडान में संयुक्त राष्ट्र पीस कीपिंग मिशन में प्रतिनियुक्ति और मॉरीशस में भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण टीम का नेतृत्व समेत भारत और विदेश में विभिन्न परिचालन और स्टॉफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। साथ ही पश्चिम में एक फ्रंटलाइन हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन और पूर्वी क्षेत्र में एक एयरबेस की कमान संभाली है। उनकी पिछली नियुक्ति मुख्यालय आईडीएस में हुई थी, जहां उन्होंने रक्षा सेवाओं में एकीकृत संचालन में बहुत योगदान दिया था।


मंडलायुक्त रोशन जैकब को ज्ञापन देते कांग्रेस जिला अध्य वेद प्रकाश त्रिपाठी व अन्य।

### किसानों को दिया जाए भूमि का उचित मुआवजा

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधमंडल ने बुधवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि, लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास विकास ने विभिन्न गांवों में किसानों की भूमि अधिग्रहीत की है। आरोप लगाया कि इसमें न ही किसानों की सहमति ली गई और न ही उचित मुआवजा ही दिया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की आमदनी का साधन उनकी खेती योग्य पुश्तैनी जमीन हैं। वर्ष 2015 से कृषि भूमि का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया है। मूल्यांकन कर जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाया जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रधान राम सिंह, राकेश सिंह, पूर्व प्रधान राजेन्द्र तिवारी, आदित्य शुक्ला, दुर्गेश यादव, पूर्व प्रधान जागेश्वर रावत, शत्रोहन लाल, वीरेन्द्र यादव, अखिलेश कुमार आदि शामिल रहे।

### जमीन के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर पुलिस ने बुधवार को सस्ती जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित विनयखंड निवासी प्रमोद चंद पांडेय है। यह लोग किसी की भी जमीन को अपना बताकर बेच कर ठगी करते थे।

# आधी सड़क घेरकर चल रहा टैक्सी स्टैंड

## यात्रियों को बस स्टाप पहुंचना मुश्किल, चेतावनी बोर्ड का कोई असर नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पॉलिटेक्निक के पास रोडवेज बस स्टेशन के बाहर टैक्सी स्टैंड। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रोडवेज यात्रियों को बस पकड़ने के लिए पालीटेक्निक चौराहे के पास काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री बस स्टाप तक नहीं पहुंच पाते हैं, जिसकी वजह है मुख्य सड़क पर आधी सड़क घेरकर चल रहा टैक्सी टेम्पो स्टैंड। चेतावनी संबंधी बोर्ड लगने के बाद भी रोडवेज, सिटी बस स्टाप के सामने आधी सड़क तक बेतरतीब ऑटो, टेम्पो वाहनों का दिनभर कब्जा रहता है।

चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग से पालीटेक्निक की ओर जाने वाली रोडवेज बसें बस स्टाप पर नहीं खड़ी हो पाती हैं। रोडवेज चालक बसों को इधर-उधर आगे जाकर रोकते हैं, जहां यात्री बसों से उतरते और सवार होते हैं। टैक्सी, ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड पुलिस बूथ से महज कुछ ही दूरी पर है। इसके बावजूद किसी जिम्मेदार की निगाहें इस ओर नहीं जातीं। यहां राहगीरों को अब दिक्कतों का सामना करना आम बात हो गई है।

पॉलीटेक्निक चौराहे पर जिस जगह अवैध स्टैंड का संचालन हो रहा है, उसी सड़क के बीचो बीच डिवाइडर पर नगर निगम का एक चेतावनी भरा बोर्ड भी लगा हुआ है। इस बोर्ड में नगर आयुक्त लखनऊ के हवाले से बिन्दुवार तीन आदेश लिखे गए हैं। इन आदेश में पहला बिंदु है 'नो स्टॉपिंग जोन' अर्थात उक्त जगह पर वाहन रोकना प्रतिबंधित है। दूसरा बिंदु है जिसमें लिखा है कि नो वेंडिंग जोन है। अंत में तीसरा बिंदु है जिसमें नो पार्किंग जोन होने की बात है। इसके बावजूद बोर्ड से महज 15 मीटर की दूरी पर ही दर्जनों टैक्सी, ई-रिक्शा और ऑटो बेखौफ सवारियां भरते हैं। यदि बस स्टाप के सामने कोई टैक्सी टेम्पो लगाने को मना करता है तो इन चालकों की ओर से अभद्रता व मारपीट की जाती है।

इस संबंध में यूपीएसआरटीसी के पीआरओ अजीत सिंह का कहना है कि पालीटेक्निक चौराहे के पास मुख्य रोड स्थित रोडवेज बस स्टाप के सामने अवैध रुप से आटो, टेम्पो संचालकों की ओर से स्टैंड बनाने को लेकर रोडवेज बसों का संचालन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रभावी कार्रवाई के लिए नगरनिगम, ट्रैफिक विभाग, जिला प्रशासन को पत्र जारी किया गया है ।

# नगर निगम कर्मचारियों पर मारपीट व वसूली का आरोप

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचारः** आशियाना थाने क्षेत्र में फूड कार्नर चलाने वाले दंपत्ति ने अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर निगम कर्मियों पर मारपीट, वसूली करने और मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए बुधवार को थाने में तहरीर दी है।

मूलरूप से उन्नाव जिले के बांगरमऊ की रहने वाली शिल्पा पति पंकज दो बेटो अंश व अंकुश के साथ आशियाना क्षेत्र में रहती है और सेक्टर एम के पास ही विश्वनाथ एकेडमी स्कूल के पास पति के साथ चाउमीन का ठेला लगाकर अपना जीवनयापन कर रही है। शिल्पा का आरोप है कि मंगलवार शाम 5 बजे के लगभग आठ युवक उनकी दुकान पहुंचे थे और खुद को नगर निगम जोन प्रवर्तन दल की टीम बताया। महिला का आरोप है कि उन लोगों ने कहा कि यहां ठेला लगाना है तो दो हजार रुपये देने होंगे नहीं तो यहां से ठेला हटा लो। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उन लोगों ने पति को पीटना शुरू कर दिया। वहीं जब महिला ने बीच बचाव किया तो उसे भी पीटने लगे। शोरगुल सुनकर जब आस पास के राहगीर एकत्र हुए और विरोध जताया तो वह भागने लगे। आरोप है कि महिला ने वीडियो बनाना चाहा तो वह लोग महिला का फोन भी छीनकर भाग निकले। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने मामले में वायरल हुए वीडियो और तहरीर लेकर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

**ग्रीन कॉरिडोर** एलडीए उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सैन्य अधिकारियों से दिल्ली में हुई वार्ता

# पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधा बनाने का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद के मानकों के अनुरूप बंधे का बदलेगा एलाइनमेंट
- छावनी क्षेत्र में सुगम आवागमन के लिए बंधा पर बनेंगे रैम्प व अंडरपास

**अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर परियोजना पार्ट-3 के तहत पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधा निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली गई टीम की सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिल गई है। इसमें सेना की तरफ से कुछ जरूरी मांगें रखी गईं हैं, जो उपाध्यक्ष ने प्रस्ताव में सम्मलित करते हुए फाइनल ड्राफ्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं।

23 सितम्बर को इस प्रोजेक्ट को लेकर दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित सैन्य मंत्रालय में एक हाईलेवल बैठक हुई। इसमें उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। सैन्य मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी (भूमि एवं कार्य) के साथ बैठक में काफी सकारात्मक नतीजे निकले। इसमें उच्च स्तर से निर्देश दिए गए कि गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद के मानकों के अनुरूप बंधे के एलाइनमेंट को जितना हो सके नदी की तरफ शिफ्ट किया जाए। उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को पुनः स्थल निरीक्षण करके नये सिरे से एलाइनमेंट तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा सेना के अधिकारियों व स्टॉफ के सुगम आवागमन के लिए बंधे पर निर्धारित स्थानों पर रैम्प व अंडरपास बनाने के निर्देश दिए। इस क्रम में जल्द एलडीए की टीम सेना अधिकारियों के साथ निरीक्षण करके स्थान चिन्हित करेगी।

**एयरपोर्ट सीधी कनेक्टीविटी, जलभराव से मिलेगी निजात :** ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत बंधे का निर्माण होने से बारिश में सैन्य भूमि पर होने वाले जलभराव से स्थायी रूप से निजात मिलेगी। साथ ही बाढ़ से प्रभावित होने वाली सैन्य भूमि की उपयोगिता भी बढ़ जाएगी। इसके अलावा छावनी क्षेत्र में रहने वाले सेना के अधिकारियों व आम नागरिकों को एयरपोर्ट आने-जाने के लिए सीधी कनेक्टीविटी मिलेगी। शहर की बड़ी आबादी को भी राहत मिलेगी।

**छावनी क्षेत्र में बंधा का 2.8 किमी हिस्सा, समाधान :** प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन यूनिट के प्रभारी एके सिंह सेंगर ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के पार्ट-3 के अंतर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के बीच गोमती नदी के दाहिने तट पर 5.8 किमी लंबा फ्लड इम्बैंकमेंट (बंधा) का निर्माण किया जाना है। इसमें बंधा का 2.8 किमी हिस्सा छावनी क्षेत्र में आ रहा है। इसके लिए लगभग 21.81 हेक्टेयर सैन्य भूमि प्राधिकरण को हस्तांतरित की जानी है। इस सम्बंध में तैयार प्रस्ताव पर एलडीए के साथ स्थानीय स्तर पर रक्षा संपदा, सेना व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पूर्व में बैठक की गई थी। इसमें सभी की सहमति मिलने के बाद प्रस्ताव सैन्य मंत्रालय भेजा गया था। बैठक में समाधान हो गया है।

# शिविर में हुई पेंशन धारकों के स्वास्थ्य की जांच

**अमृत विचार, लखनऊः** दूरसंचार विभाग के कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा में दूरसंचार विभाग एवं बीएसएनएल के पेंशन धारकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। अपोलो अस्पताल के चिकित्सीय टीम ने जांचें की। नियंत्रक संचार लेखा उत्तर प्रदेश (पूर्व) संगीत कुमार एवं संयुक्त नियंत्रक दीपाली गुप्ता ने चिकित्सक डॉ. एमएस आलम, उनकी टीम और पेंशन धारकों का स्वागत किया। शिविर में पेंशन धारकों की ब्लड शुगर, रक्तचाप, बॉडी मास इंडेक्स, आंख एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच के साथ चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया।

## एक नजर

### पेंशनर्स कल्याण संस्था के पदाधिकारी मनोनीत

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था में चुनाव के बाद बचे पदाधिकारी मनोनीत किए गए। संस्था के महामंत्री ओंकार नाथ तिवारी ने बताया कि आनंद प्रकाश श्रीवास्तव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा डीएन प्रसाद विश्वकर्मा, देवेंद्र लाल श्रीवास्तव, अवधेश कुमार सिंह व गोपी कृष्ण श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, मोहसिन अली, राम शरण सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव व विजय कुमार श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, देवी प्रसाद तिवारी आडीटर व बाबू लाल कार्यालय सचिव बनाए गए हैं।

### कांग्रेस आरटीआई के जिला चेयरमैन बने अनूप

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने अनूप कुमार पाल को लखनऊ का चेयरमैन मनोनीत किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय पाल को चेयरमैन बनाये जाने पर बधाई दी। इस मौके पर रमेश श्रीवास्तव, सीमा देबनाथ, शशांक सक्सेना, अजय सिंह, किशन गुप्ता, राम आशीष मौर्य, अजय दुबे, लाल बहादुर मौर्य आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई ने मारा छापा

अमृत विचार, लखनऊ : सीबीआई ने अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन में कार्य करने वाली फर्मों के बिल पास करने के लिए चल रहे रिश्वतखोरी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने मंगलवार को आरडीएसओ के लेखा विभाग के तीन अधिकारी एवं कर्मचारी और रिश्वत देने वाली एक कंपनी, दो फर्मों एवं उनके संचालकों पर मुकदमा दर्ज करने के बाद लखनऊ के 5 और नोएडा के 2 ठिकानों पर छापा मारकर अहम सुबूत जुटाए हैं। छापे के दौरान क्या-क्या मिला, सीबीआई ने इसकी जानकारी अभी तक साझा नहीं की है।

# सरकारी अस्पतालों और मोर्चरी में खुले में नहीं रखे जाएंगे शव

## सभी मंडलीय व जिला स्तरीय अस्पतालों को व सीएमओ स्तर पर मिलेंगे डीप फ्रीजर

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित रखने के लिए मृतक मरीजों के शव डीप फ्रीजर में रखे जाएंगे। इसके लिए सरकारी अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को डीप फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे।

राजधानी के चार अस्पतालों में 17 शव रखने के लिए कुल नौ डीप फ्रीजर खरीदे जाएंगे। पहले चरण में 21 जिलों में 45 फ्रीजर खरीदने के लिए एक करोड़ 68 लाख रूपए राज्य सरकार ने बुधवार को जारी कर दिये हैं। डीप फ्रीजर एक शव से लेकर चार शव तक रखने वालें होंगे। स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव अर्चना वर्मा ने एक शव रखने वाले छोटे डीप फ्रीजर की कीमत डेढ़ लाख तय करते हुए कुल एक करोड़ 36 लाख 85 हजार रुपये का बजट जारी किया है।

**45** फ्रीजर खरीदने को 1.68 करोड़ रुपये मिले

### इन जिलों को मिलेंगे फ्रीजर

लखनऊ, झांसी, बलरामपुर, आगरा, रायबरेली, अलीगढ़, संतकबीर नगर, मेरठ, वाराणसी, सुल्तानपुर, गोंडा, अंबेडकरनगर, कुशीनगर, बागपत, अमेठी, बुलंदशहर, बांदा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मथुरा व बरेली

### छोटा फ्रीजर डेढ़ लाख, बड़ा तीन लाख 85 हजार का

एक शव रखने वाले डीप फ्रीजर की अधिकतम मूल्य डेढ़ लाख निधारित किया गया है, दो शव वाला फ्रीजर तीन लाख और चार शव वाले बड़े फ्रीजर की कीमत तीन लाख 85 हजार तय की गई है। लावारिस केस में पोस्टमॉर्टम के बाद भी पहचान के लिए शवों को 48 घंटे तक मर्चरी में रखा जाता है। ऐसे में शवों से बदबू आने लगती है।

### बलरामपुर अस्पताल में आठ और बरेली में 12 शव रखने के लिए मिलेंगे फ्रीजर

राजधानी स्थित बलरामपुर अस्पताल, सबसे बड़ा रेफरल मंडलीय अस्पताल होने के चलते दो-दो शव रखने वाले चार फ्रीजर उपलब्ध कराएं जाएंगे, सिविल अस्पताल और लोकबन्धु अस्पताल को दो शव वाले दो-दो, आलमबाग के 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय को एक छोटो फ्रीजर मिलेगा। इसके अलावा बरेली में एक में चार शव रखने की सुविधा वाले तीन फ्रीजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी( सीएमओ) को उपलब्ध कराए जाएंगे यानि बरेली में एक साथ 12 शव फ्रीजर में रखने की सुविधा होगी। इसी तरह मुरादाबाद,मथुरा व बुलंदशहर में चार फ्रीजर खरीदने को बजट दिया गया है।

# अगले माह लखनऊ में लगेगा कृषि भारत मेला

## इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर होगा आयोजन, 200 से ज्यादा एक्जीबिटर्स लेंगे हिस्सा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**1** लाख से अधिक किसान भी जुटेंगे

**4** हजार से अधिक बिजनेस विजिटर्स लेंगे हिस्सा

**8** राज्यों के किसान होंगे आमंत्रित

अमृत विचारः ग्रेटर नोएडा चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले का भी आयोजन किए जाने की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को कृषि मेले में शामिल किया गया है।

कृषि भारत मेला का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। साथ ही एक लाख से अधिक अन्नदाता किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

इस आयोजन से कृषि क्षेत्र में हो रहे नए-नए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा एवं अन्नदाता किसानों को इससे जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा। इन नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए अलग-अलग स्टॉल तैयार किए जाएंगे। इनमें एग्रीकल्चर टूरिज्म, सस्टेनेबिलिटी जोन, फार्मर वेलनेस जोन और यंग फार्मर्स जोन शामिल रहेंगे।

# आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार, आईटीआई सत्र अगस्त 2024-25 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 26 से 30 सितंबर 2024 के बीच वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश की कवायद को पूरा करें। मेरिट के आधार पर संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पंजीकृत और नए आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर, जबकि निजी आईटीआई संस्थानों के लिए यह तिथि 30 सितंबर तय की गई है।

# नर्सिंग केन्द्रों में 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीकरण

अमृत विचार ,लखनऊ : नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में इस सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की तिथि बढ़कर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के निर्देश पर अभ्यर्थियों के प्रवेश व इनरोलमेंट करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

# 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महा सफाई अभियान आज से

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश के सभी निकायों में 26 सितंबर गुरुवार को सुबह 05 बजे से 02 अक्टूबर रात तक '155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान' चलेगा।

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अपर निदेशक ऋतु सुहास ने बताया कि विशेष सफाई अभियान चलाकर महात्मा गांधी बापू को 155 वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि दी जाएगी, निदेशालय स्तर से अभियान की लाईव मॉनीटरिंग भी की जाएगी। अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ घर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, कल्चरर फेस्ट आदि जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा शिविर लगाकर सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, सफाई उपकरण, सुरक्षा किट वितरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

# मुठभेड़ में जाली नोटों का कारोबारी गिरफ्तार

## कुशीनगर जाली नोटकांड में अब तक 10 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः कुशीनगर जिले में पुलिस से नकली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी मुस्तकीम घायल हो गया। आरोपी मुस्तकीम पर 25 हजार का इनाम था। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कुशीनगर के बिनटोलिया गांव में पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। वहीं पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई. पुलिस की गोलीबारी की घटना में एक आरोपी बदमाश घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। बतादें कि पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया है। यह सभी गिरोह के रूप में जाली नोटों को असली नोटों के साथ मिलाकर बाजार में खपत कराते थे। गिरोह का सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ बबलू है। पुलिस के मुताबिक जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था उनमें दो समाजवादी पार्टी के हैं।

### पुलिस मुझे नोटिस देकर तो देखे: अजय कुमार लल्लू

अमृत विचार, लखनऊ : कुशीनगर में जाली नोट कांड मामले में पुलिस ने उप्र. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजने की बात पर अजय कुमार ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने चेतावनी के लहजे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक बार पुलिस नोटिस देकर तो देखे। उन्होंने कहा कि नोटिस का पूरा जवाब दिया जायेगा। कहा कि कुशीनगर पुलिस जांच को भटकाने का काम कर रही है। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पुलिस इस मामले को राजनीतिक और धार्मिक रंग देने का काम कर रही है। लल्लू ने कहा कि कुशीनगर पुलिस ऊपरी दबाव में मेरे ऊपर बयान दे रही है। उन्होंने कहा कि मैं पूछताछ का पूरा और माकूल जवाब दूंगा। मांग है कि मामले की सही जांच हो। इससे पहले इस मामले में अजय कुमार लल्लू ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कुशीनगर पुलिस पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर पुलिस ने जिन जाली नोटों के कथित आरोपियों को प्लास्टर लगा व्हील चेयर पर परेड कराई, वही आरोपी पेशी के बाद बिना प्लास्टर के खुद के पैरों पर पुलिस के साथ जा रहे हैं। वीडियो में यह स्पष्ट है। डीजीपी उत्तर प्रदेश को बताना चाहिए कि क्या यह प्लास्टर महज दिखावा था? पीआर था? कोई एजेंडा था? जनता सच जानना चाहती है। वहीं इस मामले में सपा नेता उदयवीर ने कहा था कि भाजपा में आकर लोग पाक साफ़ हो जातें हैं और दूसरी पार्टी के लोग सताये जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी अपने स्तर पर जांच करायेगी।

# 50 लाख से ज्यादा मुआवजा पाने वालों की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे और बरेली रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण में हुए घोटाले का मामला

अमृत विचारः बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे और बरेली रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण में जिन लोगों को मुआवजे के रूप में 50 लाख रुपये से ज्यादा मिला है, उनके मामलों में नए सिरे से जांच होगी। 19 लोग ऐसे चिह्नित किए गए हैं, जो संबंधित जिलों के रहने वाले नहीं हैं।

दरअसल, बरेली, पीलीभीत और उधमसिंहनगर (उत्तराखंड) में जमीन अधिग्रहण के नाम पर 200 करोड़ रुपये का घपला अभी तक सामने आ चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी और परियोजना निदेशक (पीडी) की मिलीभगत से यहां बाहरी लोगों ने जमीनें खरीदीं। जमीन अधिग्रहण की अधिसूचना की कार्यवाही के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से साठगांठ करके भू उपयोग परिवर्तन भी कराया। शासन ने फैसला किया है कि इस अधिग्रहण में जिसे भी परिसंपत्तियों (स्ट्रक्चर) के लिए 20 लाख रुपये या उससे ज्यादा का मुआवजा मिला है, उन फाइलों की भी नए सिरे से जांच कराई जाएगी। इतना ही नहीं, घोटाले में जिन भी निजी लोगों या सरकारी कर्मचारियों का हाथ सामने आएगा, उन सभी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलेगा।

# राज्यपाल ने देखा 'अविभाजित भारत'

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह के बाद भारत माता मंदिर का दौरा किया। मंदिर में संगमरमर पर उकेरी गई अविभाजित भारत का त्रिआयामी भौगोलिक मानचित्र देखकर राज्यपाल भाव-विभोर हो गईं। इस मानचित्र में भारत के पर्वत, पठार, नदियां व सागर का भव्य चित्रण किया गया है।

राज्यपाल ने मौके पर ललित कला केंद्र में प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल के साथ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहीं। मालूम हो कि भारत माता मंदिर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में है।

# काशी विद्यापीठ के मेधावियों को मिली उपाधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के 46वां दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक वितरित किए। गोल्ड मेडल पाने वाले 18 विद्यार्थियों में सात स्नातक, नौ स्नातकोत्तर और दो उत्कृष्ट खिलाड़ी शामिल रहे। राज्यपाल ने बटन दबाकर उपाधियों को डिजिलॉकर पर 'अपलोड' किया।

समारोह में स्नातक स्तर पर कुल 78,196 डिग्रियां दी गईं, जिसमें 41,474 छात्र और 36,722 छात्राएं शामिल हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर कुल 19,056 डिग्रियां दी गईं। इनमें 13,479 छात्र व 5,577 छात्राएं शामिल हैं। 53 छात्रों व 45 छात्राओं को पीएचडी की उपाधि दी गई। इस मौके पर राज्यपाल ने सात से नौ अक्टूबर को होने वाले नैक टीम के दौरे की तैयारी करने का निर्देश दिया।



काशी विद्यापीठ में सम्मानित छात्राओं के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने सोनभद्र जिले की 10 विशिष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया गया। रेखा देवी को सर्वोत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए पुरस्कृत किया गया। सोनभद्र की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने के लिए 100 किट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी आदि मौजूद रहीं।

### गोद लिए गए विद्यालयों के विद्यार्थी सम्मानित

काशी विद्यापीठ की ओर से गोद लिए गए विद्यालयों में प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 36 विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व अध्यापकों को 100 किताबें वितरित की गईं। 'स्मारिका' व 'गांधी, अंबेडकर और दीनदयाल' पुस्तक का विमोचन किया गया।

## सार-संक्षेप

### ईडी कार्यालय में नहीं पेश हुए मोहिंदर सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : नोएडा में हैसिंडा प्रोजेक्ट घोटाले में जांच के दायरे में आए पूर्व आईएएस एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह बुधवार को लखनऊ प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने पांच दिन पहले हैसिंडा के संचालकों के ठिकानों पर छापों के दौरान मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास को भी खंगाला था। जहां करोड़ों रुपये के हीरे और नामी-बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुधवार को तलब किया था। मोहिंदर सिंह के ईडी के सामने पेश होने के लिए शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने इंतजार भी किया। लेकिन न तो वह स्वयं पेश हुए न ही कोई जवाब भेजा। अब उनको दोबारा समन भेजा जाएगा। दोबारा यदि वह पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोहिंदर सिंह की तलाश विजिलेंस भी कर रही है। स्मारक घोटाले में उनसे पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित आवास पर दो वर्ष पूर्व नोटिस भेजा गया था, लेकिन बाद में पता चला कि वह विदेश में मौजूद हैं।

### ई-श्रम में पंजीकृत श्रमिकों को लाभ देने में 5 जिले आगे

अमृत विचार , लखनऊ : खाद्य एवं रसद विभाग के हालिया आंकड़ों के अनुसार, उप्र. में कुल 8.31 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। इसमें 6.73 करोड़ पंजीकृत श्रमिक पहले से सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। सत्यापन के लिए श्रमिकों की कुल संख्या 1.58 करोड़ है, जिसमें 1.49 करोड़ श्रमिकों का सत्यापन किया जा चुका है। पात्र पाए गए 26.47 लाख श्रमिकों में 2.37 लाख को राशन का लाभ मिल रहा है। वहीं सत्यापन में 122.92 लाख श्रमिक अपात्र पाए गए हैं। ई-श्रम पोर्टल के डाटा के अनुसार, चित्रकूट, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, बलिया और आजमगढ़ में सत्यापन की गति सबसे अधिक है। चित्रकूट में 1374 पात्र श्रमिकों में 498 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है। अमेठी में 8919 पात्र श्रमिकों में 2922, गौतमबुद्ध नगर में 1757 पात्र श्रमिकों में 530, बलिया में 42569 पात्र श्रमिकों में 10623 और आजमगढ़ में 22600 पात्र श्रमिकों में से 5611 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है।

### होटल व्यवसायियों के लिए नोएडा में ड्रीम प्लॉट्स योजना

अमृत विचार,लखनऊ : राज्य सरकार नवीन ओखला विकास प्राधिकरण नोएडा परिक्षेत्र में होटलों की स्थापना के लिए एक नवीन योजना लेकर आई है। नोएडा के सेक्टर 93बी, 105, 142 तथा सेक्टर 135 में ई-ऑक्शन के माध्यम से योजना के अंतर्गत प्लॉट्स का आवंटन किया जाएगा। स्कीम के अंतर्गत, 2,000 स्क्वेयर मीटर से लेकर 24,000 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र तक के इन 6 प्लॉट्स के लिए 44.08 करोड़ से लेकर 410.70 करोड़ के बीच टोटल रिजर्व प्राइस निर्धारित किया गया है। फिलहाल, 10 अक्टूबर को प्री बिड मीटिंग के जरिए ड्रीम प्लॉट्स आवंटन स्कीम को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तय होगी। 17 अक्टूबर से योजना के अंतर्गत इच्छुक आवेदनकर्ता ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करेंगे वहीं, अंतिम तिथि 9 नवंबर है।

### घटिया केबिल आपूर्ति पर नहीं हो रही कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में घटिया गुणवत्ता की केबिल आपूर्ति करने वाली निजी कंपनी के खिलाफ अब तक कार्रवाई न किए जाने पर सवाल उठाया है। परिषद ने इस मामले में ऊर्जा मंत्री से हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पूर्वांचल निगम में इस निजी कंपनी के 364 करोड़ का टेंडर का मामला लंबित है। उन्होंने प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

# बूथ ही चुनाव का कुरुक्षेत्र होता है : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संबोधित किया

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी मूलमंत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव जिला, संसदीय-विधानसभा क्षेत्र स्तर पर नहीं लड़ा जाता है, बल्कि चुनाव का कुरुक्षेत्र बूथ होता है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ मजबूत है तो चुनाव पक्ष में है। इसी बुनियादी बात को ध्यान में रखकर भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हुई है।

योगी ने कहा कि सदस्यता महाभियान का लक्ष्य राज्य के सभी 75 व सांगठनिक दृष्टि से सभी 98 जिलों में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चारबाग रोड स्थित केकेसी कॉलेज के समीप दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया। इस मौके पर मौजूद लोंगों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे।

इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद सुशील तिवारी, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार मौजूद रहे।

# केंद्र व राज्य मिलकर काम करें : एनके सिंह

अमृत विचार , लखनऊः भारत की तरक्की के लिए नई तकनीक को ग्रहण करें। केंद्र व राज्य मिलकर काम करें। गरीबी को खत्म करें। तभी विकसित भारत की परिकल्पना पूरी होगी। यह बात वरिष्ठ अर्थशास्त्री, पूर्व राज्यसभा सांसद व 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कही।

वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष बुधवार को हजरतगंज स्थित निजी होटल में दीन दयाल उपाध्याय शोध संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारें पर्यावरण की चुनौतियों को भी स्वीकार करें। उसका डटकर मुकाबला करें।

# भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा

▸▸ सपा प्रमुख अखिलेश ने सोशल मीडिया के जरिए योगी सरकार पर कसा तंज

अमृत विचार, लखनऊ : सीतापुर जिले में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार एक शिक्षक, मामले को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसा है।

उन्होंने सवालिया लहजे से कहा कि इस शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा । महमूदाबाद के इस कॉलेज को जमींदोज कब किया जाएगा । आरोप लगाया कि इस कॉलेज के शिक्षक छात्राओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं। इस कॉलेज का प्रबंधन भी इस अनैतिक कृत्य में शामिल है। इसकी जांच होनी चाहिए, कॉलेज प्रबंधन की गिरफ्तारी हो। मालूम होकि सपा ने बुधवार को सोशल मीडिया में 'एक्स' हैंडल पर आरोप लगाया गया है कि पीड़िता जिस संस्थान में पढ़ती है, वह भाजपाई भ्रष्टाचार का अड्डा है।

# प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सबसे अधिक सड़के पीडब्ल्यूडी की टूटीं, सबसे कम आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की

**10** विभागों ने शुरू किया मरम्मत का काम

अमृत विचारः एक सरकारी आंकलन के अनुसार बरसात के कारण उत्तर प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। इन सड़कों में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इनको भरने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबधित विभाग को निर्देश दिए, जिसका असर भी दिखाई देने लगा।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही लोक निर्माण विभाग सहित सड़कों के काम से जुड़े 10 विभागों ने काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग मिलकर राज्य की सड़कों के गड्ढे को भरेंगे। क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित करने लिए चलाए गए अभियान के तहत 20 सितंबर तक उप्र. की कुल 3 लाख 96 हजार 591 किमी लंबी सड़कों में से 44399 किमी. सड़कें ऐसी दिखीं, जिनमें जगह-जगह गड्ढे दिखे।

इन सड़कों को गड्ढामुक्ति अभियान की लिस्ट में शामिल किया गया है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने गड्ढामुक्ति के लिए सभी विभागों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए हैं। विभागवार कार्ययोजना तैयार करने, बजट की व्यवस्था, मरम्मत कार्य के संबंध में दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।सबसे अधिक पीडब्ल्यूडी की 39873 किमी. सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित सड़कों में सबसे अधिक 39873 किमी लंबी पीडब्ल्यूडी की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

इसके बाद नगर विकास की 1636 किमी, मंडी की 720 किमी, राष्ट्रीय राजमार्ग की 624 किमी, गन्ना विभाग की 471 किमी, ग्राम्य विकास विभाग की 313 किमी, सिंचाई विभाग की 309 किमी, पंचायती राज विभाग की 301 किमी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की 131 किमी तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की 21 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त मिली हैं।

ढिलाई | 9 से 12 सितंबर के बीच बारिश व बाढ़ से बर्बाद हुईं थी फसलें

# समय पर किए व्यक्तिगत दावे, फिर भी सर्वे में देरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कृषि विभाग के पास नहीं किसानों की फोन कॉल का विवरण

अमृत विचार : प्रदेश में 9 से 12 सितंबर के बीच बारिश और बाढ़ से बर्बाद फसलों का बीमा कंपनियां सर्वे नहीं कर पाई हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत प्रभावित किसानों ने निर्धारित समय 72 घंटे के अंदर टोलफ्री नंबर पर शिकायत करके व्यक्तिगत दावे कर दिए थे।

टोलफ्री नंबर केंद्रीय है। इस कारण कृषि विभाग के पास कॉल और व्यक्तिगत दावों का ब्योरा नहीं है। जिन जिलों में सर्वे समय पर किया गया उसकी कंपनियों ने रिपोर्ट नहीं दी है। बारिश और बाढ़ से सबसे ज्यादा फसलें झांसी, आगरा व चित्रकूट मंडल में प्रभावित हुईं थी। यहां के बीमा कराने वाले किसान क्षतिपूर्ति की आस लगाए बैठे हैं।

उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि केंद्र से कॉल व बीमा कंपनियों से जिलेवार सर्वे रिपोर्ट मांगी है। सभी जिलों के उपनिदेशक को जल्द सर्वे कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### 80 फीसद किसान को नहीं तो सरकार को करना होगा वापस

दरअसल, व्यक्तिगत दावा करने पर कंपनियों को 15 दिन में सर्वे करके जितना नुकसान उतनी क्षतिपूर्ति किसानों को देय होती है। इसमें कंपनियां खुद का नुकसान समझकर दावे निरस्त कर देती हैं और सर्वे में फसल बर्बाद नहीं दिखातीं है। अब बदली गाइडलाइन के मुताबिक नुकसान होने पर कंपनियों को क्लस्टर के कुल प्रीमियम क्लेम के रूप में 80 फीसद किसानों को भुगतान करना अनिवार्य है, नहीं तो सरकार को वापस करना है। इसके अलावा यदि 110 फीसद से अधिक नुकसान होता है तो सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### करना होगा सर्वे, कंपनियां नहीं कर पाएंगी खेल

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लागू नये नियमों के आगे बीमा कंपनियां व्यक्तिगत दावा बचाने के लिए निरस्त करके सर्वे में खेल नहीं कर पाएंगी। टोलफ्री नंबर पर दर्ज शिकायतें सीधे केंद्र से कंपनियों को सर्वे के लिए दी गई हैं। सभी का क्षेत्रों में जाकर सर्वे करके रिपोर्ट देनी है। इसकी मॉनीटरिंग करने के साथ किसानों से फीडबैक लिया जाएगा। कार्रवाई से बचने के लिए सर्वे में कंपनियों को देरी हो रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।




विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है, परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है, जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया, जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है, जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा, बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना, जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना, दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल, जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र, चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है, लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है, जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है, उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति, परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुस्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है, इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है, क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं, बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है, जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि, महत्त, अहंकार, मन, पांच संवेदी क्षमताएं, जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता, महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है, उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत, यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी, मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है, अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं, किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

# 1362 पात्रों के सत्यापन पर लगी मुहर, अब लेंगे प्रशिक्षण

**पीएम विश्वकर्मा योजना**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


हस्तकरघे पर काम करता कारीगर (सांकेतिक चित्र)।

- प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन के हिसाब से मिलेगा 500 रुपये मानदेय
- 15 हजार रुपये तक टूल किट खरीदने को मिलेगा ई-वाउचर

**अमृत विचार :** परंपरागत धंधों से जुड़े कारीगरों को आर्थिक रुप से और मजबूत बनाए जाने के लिए उन्हें संबंधित कार्य का प्रशिक्षण देकर टूल किट की सौगात दी जाएगी। यही नहीं प्रशिक्षण अवधि के समय प्रतिदिन 500 रुपये के हिसाब से मानदेय भी मिलेगा। यह सब कुछ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत साकार होने जा रहा है। लाभ लेने के लिए करीब 11 से 12 हजार लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से ढाई हजार आवदेनों पर जिला कमेटी द्वारा स्वीकृति मिल गई है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र के आवेदनों की जांच बीडीओ तो शहरी क्षेत्र के आवेदनों की जांच ईओ द्वारा कराने के बाद इनमें से 1362 आवेदन तीसरी जांच में सत्यापित हुए हैं। अब इन्हें कौशल विकास के तहत संबंधित ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद नामित संस्था से यह कारीगर 15 हजार रुपये तक अपने कार्य संबंधी टूल किट खरीद सकेंगे। आवेदनों की तीन स्तर पर सत्यापन के बाद पात्रों का चयन करने की व्यवस्था की गई है।

केंद्र सरकार द्वारा सुनार, मोची, कुम्हार, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, धोबी, दर्जी सहित 18 ट्रेड से जुड़े परंपरागत कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना संचालित की जा रही है। जिले में योजना के तहत करीब 11 से 12 हजार कारीगरों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। नगरीय क्षेत्रों में आवेदनों का सत्यापन नगर पालिका, नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। जिलास्तरीय कमेटी स्तर से 2505 आवेदनों पर स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बाद आगे की जांच प्रक्रिया में तीसरे स्तर पर एमएसएमई के तहत 1362 आवेदन सत्यापित किए गए है। जबकि शेष बचे स्वीकृति आवेदनों की जांच चल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए सत्यापित हो चुके इन आवेदकों को अब कौशल विकास योजना के तहत ट्रेडवार प्रशिक्षित किया जाएगा। छह से सात दिनों के प्रशिक्षण अवधि के समय में प्रत्येक को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उद्योग विभाग द्वारा कारीगर को 15 हजार रुपये तक एक ई-बाउचर दिया जाएगा। इसके माध्यम से वह नामित एजेंसी के जरिए अपने ट्रेड के आधार पर टूल किट ले सकेगा।

**दर्जी और राजगीर का होगा ऑफलाइन सत्यापन**

भारत सरकार की गाइडलाइन के आधार पर दर्जी और राजगीर मिस्त्री ट्रेड के आवेदनों की जांच दो बार कराई जा रही है। पहली बार ऑनलाइन आवेदन के बाद ग्रामीण स्तर पर प्रधान व बीडीओ द्वारा तो शहरी क्षेत्र में ईओ द्वारा। इसके बाद ऑफलाइन स्तर पर भी मौके पर जाकर दर्जी और राजगीर मिस्त्री का सत्यापन किया जा रहा है। बताते चले कि इन दोनों ट्रेडों में सबसे अधिक 5158 आवेदन विभाग को मिले हैं। इनमें ग्रामीण स्तर के 4565 और शहरी क्षेत्र के 593 आवेदन शामिल हैं।

> पात्र कारीगरों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण देने, टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार का ई-वाउचर दिया जाएगा। इसके साथ कारोबार को बढ़ाने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज पर एक लाख रुपये तक ऋण भी दिलाया जाएगा। गाइडलाइन के आधार पर पात्रों का चयन किया जा रहा है। -आशुतोष श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग, बाराबंकी।


अपनी मांगों के लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## अधिवक्ता हित में मांगों को लेकर प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर कचहरी से नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। संघ के पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, वर्तमान अध्यक्ष हिसाल बारी, महामंत्री अशोक कुमार, रितेश मिश्रा, देवेंद्र यादव आदि की मौजूदगी में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कचहरी से डीएम कार्यालय तक मार्च किया। वहां पर डीएम के प्रतिनिधि को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश में आये दिन अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही है। सरकार अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकता एवं सुरक्षा पर गंभीर नहीं दिख रही है। प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधि आयोग में विचाराधीन एडवोकेट प्रोटेक्शन ऐक्ट अविलम्ब लागू किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जाए। बार एवं बेंच न्यायिक प्रक्रिया के सुलभ संचालन का आवश्यक अंग होता है। अधिवक्ता समाज आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में बगैर व्यवस्थित चैम्बर व वाहन पार्किंग के अपने न्यायिक कार्यों का निष्पादन करता चला आ रहा है।

# यूपी के धर्मस्थलों को जोड़ेगा रोडवेज

**सुविधा**

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- परिवहन विभाग 100 से अधिक नई बसों को कानपुर से चलाएगा
- गंगा एक्सप्रेस-वे, आगरा एक्सप्रेस-वे समेत तैयार हो रहे कई हाईवे से मिलेगी राहत



**अमृत विचार।** योगी सरकार ने महाकुंभ के पूर्व सभी धर्मस्थलों अयोध्या, वृंदावन, वाराणसी, चित्रकूट, प्रयागराज, बिठूर को एक धागे में पिरोने का काम शुरु कर दिया है। इस कार्य में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी भूमिका निभाएगा।

प्रयागराज में 2025 में महाकुंभ होना है। सरकार की कोशिश है कि सभी धर्मस्थलों तक सड़कों का ऐसा जाल बिछाया जाये कि यदि कोई महाकुंभ से अयोध्या जाना चाहे तो एक्सप्रेस -वे से कुछ ही घंटों में पहुंच जाए। यदि कोई लव-कुश की नगरी कानपुर की बिठूर पर आना चाहे तो एक्सप्रेस वे से होते हुए कुछ घंटों में ही सफर तय कर ले। इसके लिए परिवहन विभाग सौ से अधिक नई बसों को कानपुर से चलाएगा।

**अयोध्या से प्रयागराज रूट सबसे व्यस्त**

- अयोध्या से प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज की दूरी मात्र 170 किमी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दर्शन करने के उपरांत लाखों भक्त प्रयागराज महाकुंभ में जाने का प्लान बनाते हैं। ऐसे में प्रतापगढ़ होते हुए हाईवे तैयार हो रहा है जिससे होते हुए कुछ घंटों में ही अयोध्या से प्रयागराज की दूरी तय की जा सकेगी। इसी प्रकार आगरा एक्सप्रेस-वे और यमुना एक्सप्रेस-वे होते हुए वृंदावन मथुरा पहुंचने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**एसी लग्जरी बसों को अनुबंधित करने का ऑफर**

- निगम ने प्राइवेट बस मालिकों से कहा है कि वे अपनी लग्जरी बसों को रोडवेज में अटैच करा सकते हैं। अधिकारी मानते हैं कि प्राइवेट लग्जरी एसी, नान एसी स्लीपर बसों के लगने से यात्रियों का झुकाव परिवहन बसों की ओर अधिक होगा। लखनऊ परिक्षेत्र ने कई लग्जरी बसों को अनुबंधित कर रखा है। अनुबंधित बसों में चालक वाहन मालिक का होता है और बस मालिक को प्रति किमी के हिसाब से पेमेंट मिलता है।

> महाकुंभ के लिए सौ बसों की दरकार है। कानपुर से सभी धर्मस्थलों के लिए बसों का संचालन कराया जायेगा। प्रयास है कि अनुबंधित प्राइवेट बसों को भी अटैच किया जाए ताकि स्लीपर और एसी बसों का भी संचालन किया जा सके। -अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, कानपुर परिक्षेत्र।

## दंबगई करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** अयोध्या मार्ग पर पीआरवी के सामने एक युवक की जोरदार पिटाई के मामले में आरोपी तीन लोगों को पकड़ लिया गया। तीनों आरोपी मसौली थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

बताते चलें कि मंगलवार की देर रात कुछ युवकों ने आजाद नगर के पास डा. वर्मा कोठी के सामने दो युवकों को पीटना शुरु कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर वहां पर पीआरवी पुलिस भी पहुंची, पुलिस कार्रवाई करती लेकिन उनके सामने ही युवकों ने पिटाई जारी रखी और पुलिस खड़ी तमाशा देखती रही। किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया गया। इसके बाद पुलिस ने पिटाई करने वाले आरोपियों मो. आमिर पुत्र स्व. जाकिर अली, मो. विलाल पुत्र जाकिर अली, राजा उर्फ इमरान पुत्र कादिर अली निवासी सुरसण्डा थाना मसौली को गिरफ्तार कर लिया।

# लखनऊ जा रहे कैदी की बाराबंकी में मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बस्ती कारागार में निरूद्ध कैदी को किया गया था रेफर
- 78 साल का कैदी हत्या प्रकरण में काट रहा था उम्रकैद

**अमृत विचार :** गंभीर हालत में बस्ती से लखनऊ ले जाए जा रहे कैदी की बाराबंकी से गुजरते समय मौत हो गई। हत्या के मामले में बस्ती जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी हार्ट अटैक पड़ने के बाद गंभीर दशा में बस्ती अस्पताल में भर्ती था। डाक्टरों से मौत की पुष्टि होने के बाद स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार मृतक कैदी का नाम राजाराम उम्र 78 वर्ष है, जो संतकबीरनगर जिला दुधारा थाना अंतर्गत ग्राम सईं कटई का रहने वाला था। क्षेत्र में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई, इस घटना में एक पक्ष के कई लोगों की जान चली गई थी। कैदी राजाराम को वहां की कोर्ट ने हत्या के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बस्ती जिला कारागार में निरूद्ध कैदी की तीन दिन पूर्व अचानक तबियत बिगड़ गई, हार्ट के मरीज राजाराम को जिला कारागार से बस्ती जिला अस्पताल ले जाया गया। मंगलवार की दोपहर अचानक इसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई, वहां से डाक्टरों ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन व पुलिस वृद्ध कैदी को लेकर एंबुलेंस से लखनऊ जा रहे थे। बाराबंकी से गुजरते समय ही कैदी की सांस थमने लगी। संदेह होने पर पुलिस व परिजन इसे लेकर मंगलवार की देर रात जिला अस्पताल बाराबंकी पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए धनंजय शर्मा



**संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** नेशनल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने धनंजय शर्मा को राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। इस बात की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी और जोश का माहौल है। बताते चलें की शर्मा छात्र राजनीति के जरिये मुख्य धारा की राजनीति में आये। इससे पूर्व धनंजय एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके। प्रदेश के युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग में खास पकड़ रखने के लिए जाने जाने वाले शर्मा का कहना है पार्टी ने हम पर भरोसा जता कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता की हैसियत से संगठन और पार्टी के हित में काम करता रहूंगा। प्रदेश में एनसीपी के सांगठनिक विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से लेकर विकासखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाकर काम करूंगा। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### विद्युत कर्मचारियों की समस्याओं का हो समाधान : सुमन

**संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद बाराबंकी को राज्य राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित कर दिया गया है। जिसका यह अर्थ नहीं है कर्मचारियों व जनता को भूखा मार दिया जाए, लेकिन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बाराबंकी में 1100 संविदा कर्मियों का वेतन दो-दो माह तक नहीं दिया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि संविदाकर्मियों से 24 घण्टे कार्य तो लिया जा रहा है, लेकिन वेतन भुगतान केवल दस से ग्यारह हजार रुपये ही दिया जा रहा है। जिससे इनका परिवार भुखमरी के कगार पर है, लेकिन विद्युत विभाग अपने ही कर्मचारियों वेतन भुगतान न करके मुख्यमंत्री के सपनों को नष्ट कर रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग कि है कि अविलम्ब विदुत विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

### आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जारी

**संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी। अमृत विचार :** आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में चल रहे अभियान का बुधवार को बीडीओ डॉ विनय कुमार मिश्रा ने जायजा लिया। ग्राम पंचायत थोरथिया में गोल्डेन आयुष्मान कार्ड बना रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने बताया कि योग्य लाभार्थियों का गोल्डेन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### स्व. छोटे लाल यादव के तेरहवीं संस्कार में शामिल हुए गोप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** कई बार विधायक रहे पूर्व राज्यमंत्री स्व . छोटे लाल यादव के विगत दिनों हुए निधन के बाद उनके पैतृक ग्राम बेल्हा गोपालपुर के आवास पर आयोजित उनके तेरहवीं संस्कार में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप शामिल हुए। स्मृतिशेष छोटे लाल यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कर पार्टी के लिए किए गए छोटेलाल यादव के समर्पण और संघर्ष को याद करते हुए गोप ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, प्रदेश सचिव सरताज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ती, फारुक मुबीन, कुसुम लता रावत, ज्ञान सिंह यादव, बाबुल मिश्रा, दीपक गुप्ता और जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पीड़ित को वापस मिले ठगे गए 25 हजार


पीड़ित को पैसे वापस देती साइबर क्राइम टीम। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर पीड़ित के खाते से निकाले गये 25 हजार रुपये साइबर क्राइम टीम की त्वरित कार्यवाही से पीड़ित के बैंक खाते में वापस हो गए। साइबर क्राइम ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एक शिकायती प्रार्थना पत्र मिला, जिसमें आवेदक लोकेश कुमार मिश्र निवासी भीतरी पीर बटावन थाना कोतवाली को साइबर अपराधियों ने मोबाइल नंबर पर फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर खाते से 25 हजार रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए थे। इस प्रकरण में तत्काल साइबर क्राइम थाना ने साइबर तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि 25 रुपए आवेदक के खाते में वापस कराए।

### कुशाग्र हत्याकांड : जमानत मिलने से गवाह होंगे प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार :** शहर के चर्चित कुशाग्र कनोडिया अपहरण-हत्याकांड की आरोपी उसकी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि संभव हो तो मुकदमे का निर्णय साल भर के भीतर करें। साथ ही सेशन कोर्ट को मुकदमे की सुनवाई की प्रगति रिपोर्ट जिला जल को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बता दें कि आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई एडीजे-17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट चल रही है। उधर, जमानत मिलने पर कुशाग्र के पिता मनीष कनोडिया व चाचा सुमित कनोडिया ने कहा कि आरोपी को जमानत नहीं मिलनी चाहिए थी। जमानत से गवाह प्रभावित हो सकते हैं। रचिता को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। हमें न्यायालय पर भरोसा है। आगे सभी आरोपियों को सजा जरूर मिलेगी।

### उन्नाव में ऑनलाइन जुआ खेलकर 15 लाख हारा

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** यूपी-112 कार्यालय में तैनात एक सिपाही का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस अफसरों की नींद उड़ गई। सिपाही ने खुद वीडियो वायरल कर बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रुपये हार गया है। अब उसके पास आत्महत्या करने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं है। वह आत्महत्या करने का कई बार प्रयास भी कर चुका है। सिपाही ने विभाग के अफसरों से मदद मांगी है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान में लिया। मंगलवार देररात पुलिस लाइन स्थित यूपी-112 कार्यालय में तैनात सिपाही सूर्य प्रकाश ने एक मिनट 20 सेकेंड का वीडियो वायरल करते हुए कहा कि जय हिंद सर मैं कांस्टेबल सूर्य प्रकाश यूपी-112 कार्यालय में तैनात हूं। सर मैं बीते कुछ दिनों से काफी परेशान हूं। मैं बैंक से लोन लेकर व कई लोगों से उधार लेकर ऑनलाइन गेमिंग में करीब 10-15 लाख रुपये हार गया हूं। मेरी मानसिक स्थिति बहुत खराब है। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि मैं क्या करूं। मैंने आत्महत्या का कई बार प्रयास भी किया। मेरी आखिरी उम्मीद आप हैं। सर मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अगर आप हर कर्मचारी से 500-500 रुपये का सहयोग दिला देंगे तो शायद मैं आत्महत्या न करूं। नहीं तो वह आत्महत्या कर लूंगा। महोदय से निवेदन है कि हर कर्मचारी की सैलरी से 500-500 रुपये का योगदान दिला दें जिससे मैं अपना कर्ज भर सकूं और एक सामान्य जिंदगी जी सकूं।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**संवाददाता, निन्दूरा, बाराबंकी। अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र में बैना टीकरहार गांव के पास जंगल में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। मृतक की शिनाख्त लखनऊ जनपद वासी के रूप में हुई है। शव करीब तीन दिन पुराना बताया जा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू की है। जानकारी के अनुसार बैना टीकरहार गांव के बाहर स्थित जंगल में एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता मिला। बुधवार सुबह गांव का एक किसान मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल गया था। जहां रास्ते में उसे पेड़ से एक शव लटकता देख किसान ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर वहां भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने युवक की पहचान भोला गौतम के रूप में की जो सीमा पार लखनऊ जिले का रहने वाला है। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक शराब के नशे का आदी था। वह रविवार को घर से निकला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार 3 लोगों को रौंदा

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

- एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारते हुए बाइक पर सवार तीन लोगों को रौंद डाला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग स्थित गांव बसारा के पास की है। जहां पर बाराबंकी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक पर सवार आमिल पुत्र मुख्तार निवासी मदनपुर को टक्कर मार दी। जिससे बाइक समेत आमिल सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार ने देवा थाना क्षेत्र के गांव अहिबरा निवासी अभिषेक पुत्र राजू, संजय पुत्र मोलहे को भी टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। घटना के बाद कार सवार युवक भगाने का प्रयास करने लगा। लेकिन आवागमन कर रहे राहगीरों ने उसे पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल युवकों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी फतेहपुर भेजा गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने आमिल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया, कार सवार सहित चार लोग घायल हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है अगर किसी पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर प्राप्त होती है उसे पर विधिक करवाई की जाएगी।

# काली पन्नी में लिपटे संविधान निर्माता, कब होगा लोकार्पण

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी


काली पन्नी से लिपटी डॉ . भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा। अमृत विचार

- 6 माह से कैद हैं बाबा साहब, 6 लाख की लागत से तैयार हुई थी प्रतिमा

**अमृत विचार :** संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा पिछले छह माह से अधिक समय से काली पन्नी में कैद है। पूर्व सांसद के प्रयास से शहर के नाका सतरिख स्थित आंबेडकर प्रतिमा और प्लेटफार्म का नए सिरे से कायाकल्प कराया गया था। बकायदा छह लाख रुपये की लागत से बाबा साहब की प्रतिमा लाकर लगाई गई थी लेकिन इस प्रतिमा का आज तक लोकार्पण नहीं किया गया। सवाल यह उठता है कि पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के अनावरण को लेकर जिस पर कार्ययोजना बनी तैयारियां हुई और सीएम के हाथों अनावरण हुआ तो क्या बाबा साहब की प्रतिमा का लोकार्पण को लेकर इसी तरह से तेजी नहीं दिखाई जा सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शहर के विजय उद्यान पार्क में भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण इनकी जयंती की पूर्व संध्या पर किया था। इसके साथ ही जीआईसी ऑडिटोरियम में जनसभा को भी संबोधित किया था। वहीं दूसरी ओर शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहा कहे जाने वाले सतरिख नाका चौराहे पर लगी संविधान रचयिता बाबा डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पिछले छह माह से अधिक समय से काली पन्नी में कैद हैं। इस प्रतिमा का लोकार्पण करने की अभी जरुरत नहीं समझी गई है। बताया जा रहा है कि इस प्रतिमा का निर्माण छह लाख रुपये की लागत से कराकर बाहर से मंगवाई गई है। प्रतिमा तो यहां स्थापित कर दी गई लेकिन उसे लोगों के लिए अर्पण नहीं किया गया। यहां बताना जरुरी होगा कि नाका सतरिख चौराहे पर स्थापित आंबेडकर पार्क पहले काफी नीचा था। बारिश के चलते अंदर तक जलभराव हो जाता था। यह पार्क प्रचार-प्रसार करने का स्थान बन गया था लोग इसकी दीवारों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स तक टांग देते थे। सांसद रहते समय उपेंद्र रावत ने अपने प्रयास से जहां इस पार्क के प्लेटफार्म को ऊंचा कराया वहीं बाबा साहब की भव्य प्रतिमा भी बनवाकर यहां स्थापित कराई। कहा जाने लगा कि भव्य कार्यक्रम कर प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा लेकिन छह माह से अधिक का समय बीत चुका है बाबा साहब अभी भी पन्नी के अंधेरे में कैद हैं। इसे लेकर भाजपा समेत अन्य दल द्वारा भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि बाबा साहब सबके हैं।


बाबा साहब की नई मूर्ति करीब छह लाख रुपये लागत की है और पूरे यूपी में इस तरह की अकेली मूर्ति है। नई मूर्ति स्थापित की जा चुकी है। वहीं पुरानी मूर्ति कमरे के भीतर लगवाई गई है। यहां पर लाइब्रेरी भी बनेगी। अनावरण के सवाल पर कहा कि प्रयास जारी हैं शीघ्र अनावरण करवाया जाएगा। **-उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व सांसद, बाराबंकी।**


बाबा साहब की मूर्ति को इतने दिनों से काली पन्नी में लपेटकर रखने का कारण मेरी समझ से परे है। डॉ . भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का जल्द आनावरण किया चाहिये। प्रतिमा का अनावरण क्यों नहीं हो रहा, इसे लेकर वह जिलाधिकारी से बात करेंगे। **-तनुज पुनिया, सांसद, बाराबंकी।**

## अखिलेश का पुतला फूंकने वालों पर दर्ज हो मुकदमा

**बाराबंकी । अमृत विचार :** छात्र संघ बहाली, छात्र उत्पीड़न आदि मामलों को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन करने का प्रयास किया पर इन्हें पटेल तिराहे पर ही रोक लिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। सपा के संगठन समाजवादी छात्र सभा के बैनर तले जिलाध्यक्ष सोनू रावत की अगुवाई में युवा कार्यकर्ता पटेल तिराहे पर एकत्र हुए। यहां पर वह सभी विरोध प्रदर्शन करना चाह रहे थे, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हे प्रदर्शन करने से रोक दिया। यहां पर पहुंचे एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी और सीओ सदर हर्षित चौहान को जिलाध्यक्ष की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने मांग की कि सपा मुखिया का पुतला फूंकने वालों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

# अनुज सिंह एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रेटियल जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 23 सितंबर को एसटीएफ से मुठभेड़ में मारा गया था सुल्तानपुर डकैती का आरोपी

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर में भगत जी ज्वैलर्स के यहां हुई दिनदहाड़े 1.35 करोड़ की डकैती के आरोपी की अचलगंज थानाक्षेत्र में एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में मौत के बाद डीएम ने मामले की मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने मजिस्ट्रेट को जांच सौंपते हुए रिपोर्ट देने को कहा है।


अनुज सिंह।

बीती 28 अगस्त को सुल्तानपुर में असलहों के बल पर सर्राफ भरत सोनी के प्रतिष्ठान में पड़ी डकैती में करोड़ों के जेवर बदमाश उठा ले गए थे। यूपी एसटीएफ को बदमाशों को दबोचने के लिए लगाया गया था। डकैती में शामिल अमेठी निवासी अनुज प्रताप सिंह के अचलगंज थानाक्षेत्र में गंगा कटरी के गांव कोलुहागाढ़ा में छिपे होने की सूचना पर बीती 22 सितंबर की रात से लखनऊ एसटीएफ के सीओ प्रमेश शुक्ला की अगुवाई एसटीएफ व अचलगंज पुलिस ने घेराबंदी कर 23 सितंबर कोलुहागाढ़ा-बेथर मार्ग पर बिहारी मंदिर के पास अनुज को घेरा था।

# सनातन धर्म में ऊंच-नीच, जाति वर्ग की जगह नहीं

संवाददाता, देवा, बाराबंकी


वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ करते चम्पत राय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सनातन धर्म मे छुआ छूत, ऊंच नीच व जाति-वर्ग की कोई जगह नही है भगवान श्रीराम ने सबरी, हनुमान, जटायू सरीखे लोगों को अपने गले लगाकर सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान किया इसी नाते वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये और उनकी पूजा समूचे विश्व मे होती है।

यह बात बुधवार को देवा क्षेत्र के बरेठी स्थित नारायण सेवा संस्थान में भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह के मुख्य अतिथि रहे श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने कही। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि हम सब को संयुक्त रूप से अशिक्षा को दूर करने व स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन उपलब्ध करवाने का प्रयत्न करना होगा। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के राष्ट्रीय महासचिव अनिल मिश्र ने कहा कि, नारायण सेवा संस्थान द्वारा समाज के उत्थान के लिए चलाये जा रहे बहुआयामी प्रकल्प समाज को मजबूत करने का प्रभावी उपक्रम बनेगा। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण ने सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे समाज उत्थान में बहुउपयोगी प्रकल्पों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि स्थानीय बच्चों को निःशुल्क शिक्षण प्रशिक्षण व्यवस्था बालिकाओं महिलाओं को विभिन्न आयामों में दक्षता प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। आयोजित समारोह में मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव, समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता केडी सिंह, भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, सेवा प्रमुख अवध क्षेत्र देवेंद्र अस्थाना समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**रामलला का भोग शुद्ध**

चम्पत राय ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। फरवरी या मार्च 2025 तक तक राम मंदिर का मुख्य शिखर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने मंदिर में भगवान को चढ़ने वाले भोग और प्रसाद को लेकर चल रही तरह तरह की बहस को लेकर कहा कि राम जन्मभूमि का प्रसाद इलायची दाने का है। उसमें घी, दूध या खोये का प्रयोग ही नहीं होता। भोग और प्रसाद में किसी तरह की अशुद्धि की आशंका नहीं रहती।

## एक नजर

### भाजपा हटाओ-देश बचाओ यात्रा का सपा सांसद ने किया ऐलान

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच नम्बर चौराहे पर बुधवार को निषाद समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अवधेश प्रसाद रहे। उन्होंने ऐलान किया कि आगामी 7 अक्टूबर को खेती बचाओ सांड़ हटाओ, भाजपा हटाओ, देश बचाओ, जन जागरण यात्रा मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के आस्तीकन से शुरु होगी, जो सड़कों से लेकर संसद भवन तक चलेगी। विशिष्ट अतिथि जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद रहे। अध्यक्षता निषाद समाज के मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष शिव वरदान ने की।

### नदी में डूबीं पांच युवतियां एक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार :** टड़ियावां थाने के कटैय्या मजरा अटवा निवासी प्रमोद की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका बुधवार की दोपहर अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास से निकली सई नदी से नारगुजारी ढूंढने पहुंची। बताते हैं कि पांचों सहेलियां नदी पार कर रहीं थी, उसी बीच गहराई में पहुंचते ही पानी में डूबने लगी, वहीं कुछ दूर पर ग्रामीण खड़े थे, उन्होंने लड़कियों को डूबते हुए देखा और दौड़ पड़े। चार लड़कियों को नदी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन प्रियंका का कोई सुराग नहीं लगा। शाम को शव बरामद किया गया।

### सीतापुर में छात्रा का अपहरण 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**सीतापुर :** जिले में एक छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद शाद का कहना है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री आसमा खातून स्नातक की छात्रा है। शाम तक जब कॉलेज से घर नहीं लौटी तो परिवार के लोगों तलाश शुरू की। दावा है कि इसी के बाद कुछ लोगों से खबर मिली कि उसके ही मोहल्ले के ही अल्बख्श, शमशाद, अरमान, अकील, गुफरान आदि ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है। बढ़ते विवाद के बीच मामला कोतवाली पहुंचा। पीड़ित पक्ष की ओर से छह लोगों के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी गई।

# पहली बार प्राचीन रामलीला में संत निभाएंगे पात्रों का किरदार

## संतों की बैठक में फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए किया गया ऐलान, लाइव प्रसारण भी होगा

अयोध्या कार्यालय


रामलीला को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते साधु-संत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 30 सितंबर से प्रारंभ हो रही प्राचीन रामलीला में पहली बार संत भी पात्रों का किरदार निभाएंगे। फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए संतों ने इसका ऐलान किया है। इसका प्रसारण आस्था और संस्कार चैनल पर लाइव होगा।

संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन को लेकर संतों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रामायण के प्रसंग पर अयोध्या के ही कलाकारों के द्वारा 30 सितंबर से लेकर 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक तक का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस वर्ष होने वाली रामलीला में रोजाना कोई न कोई संत रामलीला में किसी न किसी पात्र में नजर आएंगे। रामलीला न्यास के कोषाध्यक्ष महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में फिल्मी रामलीला होती है, जिसमें फिल्मी कलाकार रामलीला करते हैं। यह रामलीला अमर्यादित है। अयोध्या की धरती पर मर्यादित रामलीला का मंचन किया जाना चाहिए। वहीं महंत राघवाचार्य ने कहा कि प्रभु राम की लीला सनातन धर्म और हिंदुओं की परंपरा संस्कृति से अनुसार किया जाना चाहिए है। इस दौरान निवाड़ी अनी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महंत जन्मेजय शरण, पुजारी हेमंत दास, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, राम लखन दास नागा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### संतों की चेतावनी मर्यादा में हो रामलीला

अयोध्या में फिल्मी सितारों की रामलीला के मंचन को लेकर अयोध्या के साधु-संतों में नाराजगी है। संतों का आरोप है कि किरदार निभाने वाले कलाकारों के मन में किसी प्रकार का भाव नहीं दिखाई देता। हालांकि इस रामलीला के आयोजन को लेकर विरोध नहीं कर रहे, लेकिन लीला का मंचन मर्यादा के अनुकूल होना चाहिए। वहीं संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने चेतावनी भी दी है कि आमर्यादित रामलीला का मंचन किया गया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।

### कार्यक्रम

- 30 सितंबर को नारद मोह, रावण जन्म
- 1 अक्टूबर को श्री राम जन्म, मुनि आगमन
- 2 अक्टूबर को फुलवारी लीला, नगर दर्शन
- 3 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद
- 4 अक्टूबर को सीताराम विवाह महोत्सव, श्री राम कलेवा
- 5 अक्टूबर को कैकेई कोप भवन, वन गमन लीला
- 6 अक्टूबर को निषाद मिलन, दशरथ मरण, चित्रकूट
- 7 अक्टूबर को नककटैया, सीता हरण, सुग्रीव मिताई
- 8 अक्टूबर को बालि वध, लंका दहन
- 9 अक्टूबर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध
- 10 अक्टूबर को अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति
- 11 अक्टूबर को कुंभकर्ण, मेघनाथ वध, सुलोचना सती
- 12 अक्टूबर को अहिरावण वध, रावण वध
- 13 अक्टूबर को भारत मिलाप- भव्य शोभायात्रा
- 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक, बंदर विदाई

### कब्रिस्तान में जाली करेंसी छापने के मिले कागज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का सबूत पुलिस को मिला है। कब्रिस्तान के अंदर जाली करेंसी छापने के कागज़ पुलिस को मिले हैं। इस मामले में और भी खुलासे हुए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी मो. जाहिर बांग्लादेश के दो संगठनों के संपर्क में काफी समय से था। वह बांग्लादेश लोकेशन के वीडियो भी देखा करता था।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, मो. जाहिर जब ओडिशा में रह रहा था तो वह उसी वक्त बांग्लादेश के मौलाना के संपर्क में आया। उसकी सर्च की गई हिस्ट्री में बांग्लादेश की कई लोकेशन सामने आई है। जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस करने में जुटी हैं।

# दीपोत्सव : राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा के लिए बन रहे सात द्वार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में इस वर्ष होने वाला दीपोत्सव बेहद खास होने वाला है, जिसमें न केवल वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा बल्कि इस पूरे भव्य आयोजन को देखने के लिए 10 हजार से अधिक अयोध्यावासी भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा तैयार की जा रही है। इस दर्शन दीर्घा में प्रवेश के लिए सात द्वार का भी निर्माण किया जा रहा है।

यूपीपीसीएल के द्वारा ओम शिवम लाइट हाउस कंपनी इस दीर्घा और द्वार का निर्माण कर रही है। 300 मीटर लंबे दीर्घा में 10 हजार लोगों के बैठने कि क्षमता होंगी। ओम शिवम लाइट हाउस के सुपरवाइजर रवि कुमार बताते हैं कि आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था और सेल्फी प्वाइंट को तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही पीछे की तरफ बनाये जा रहे दीवार बनाई जा रही है, जिसमें दीवार के बीच तीन अलग अलग इमरजेंसी द्वार होगा जो अधिक भीड़ होने पर लोगों को बाहर करने के लिए खोला जायेगा। इसके साथ ही तीन और द्वार होंगे जो संपर्क मार्ग से कनेक्ट होगा। इसमें एक द्वार उत्तर और दूसरा दक्षिण दिशा में बन रहा है और बीच में दो द्वार होंगे जिससे एक तरफ से प्रवेश और दूसरे तरफ से निकास का मार्ग होगा। बताया कि अगले 15 दिनों में इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।

### दस हजार लोगों के बैठने की होगी क्षमता


राम की पैड़ी पर चल रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

### 25 लाख दीपों को जलाने के लिए सात हजार स्वयं सेवक लगेंगे

28 से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों से वर्ल्ड रिकार्ड बनाए जाने के लिए 7000 वॉलंटियर को लगाए जायेंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि राम की पैड़ी पर दर्शन दीघा का निर्माण किया जा रहा है। 23 करोड रुपए का यह प्रोजेक्ट शासन के द्वारा स्वीकृत हुआ था। अधिक लोग दीपोत्सव देख सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दीपोत्सव के पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# कुंभ कार्यों की धीमी गति पर लगाई फटकार

संवाददाता, प्रयागराज


महाकुंभ की तैयारी का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव नगर विकास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में हुई। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने सभी परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में बताते हुए चार्ट के अनुसार पीछे चल रहे क्रिटिकल प्रोजेक्ट्स के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इसके अंतर्गत बाढ़ एवं वृष्टि के कारण सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे घाट निर्माण के कार्यों में आ रही समस्या पर प्रमुख सचिव ने खास तौर पर चिंता जताई एवं बारिश रुकते ही सभी कार्यों में मैनपॉवर बढ़ाते हुए समय अंतर्गत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की प्रगति समीक्षा के लिए प्रतिदिन रात में वीसी के माध्यम से उन्हें कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं।

▸▸ **महाकुंभ 2025 के लिए कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रमुख सचिव नगर विकास ने की समीक्षा**

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन, नगर निगम एवं पीडीए द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने और गुणवत्ता संबंधी शिकायत पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्यों की गुणवत्ता में कहीं भी कोताही पाई गई तो वह स्वयं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लिखेंगे। उन्होंने अपने पूर्व में दिए गए निर्देश, जिसके अंतर्गत हर विभाग के एचओडी को अपने विभाग में अब तक किए गए कार्यों में लापरवाही बरत रहे एई, जेई तथा ठेकेदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। उसके अनुपालन में अब तक कितनों पर कार्रवाई की गई है उसकी भी जानकारी उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया।

# रेल पर्यटन को नया आयाम देगी गर्वी गुजरात ट्रेन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** देशवासियों को गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के दर्शन कराने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रेल के अधीन आने वाले इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा देश में समय-समय पर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेनों का संचालन किया जाता है। आईआरसीटीसी द्वारा "गर्वी गुजरात" भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गर्वी गुजरात भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 1 अक्टूबर को दिल्ली से रवाना की जाएगी। यह ट्रेन पर्यटकों को गुजरात के प्रमुख आध्यात्मिक और विरासत स्थलों पर ले जाएगी। पहली बार इस ट्रेन के रूट में गुजरात के वडनगर को भी शामिल किया गया है।

गर्वी गुजरात भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन कई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है। इस ट्रेन में यात्रियों के खानपान के लिए दो डाइनिंग रेस्टोरेंट एवं एक आधुनिक रसोई। इसके कोचों में शॉवर क्यूबिकल,

▸▸ **गाड़ी में यात्रियों को उपलब्ध होंगी अत्याधुनिक सुविधाएं**



सेंसर-आधारित वॉशरूम फंक्शन और एक फुट मसाजर की भी सुविधा हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। ट्रेन में हर कोच में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और सुरक्षा गार्ड की भी व्यवस्था है। इस ट्रेन की क्षमता 150 यात्रियों की है। पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दिल्ली सफदरजंग, गुड़गांव, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा, अजमेर रेलवे स्टेशन पर चढ़ और उतर सकते हैं।

गर्वी गुजरात भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का पूरा सफर 10 दिनों का है। इस दौरान पर्यटक इस ट्रेन के माध्यम से सोमनाथ, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर और पावागढ़ में महाकाली मंदिर जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे।

# पच नहीं रही रेलवे की कामयाबी

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले दस साल के दौरान ऐसे तो कई क्षेत्रों में शानदार कामकाज हुए हैं। लेकिन इस कालखंड में रेलवे की गति और शक्ति में जिस तरह से प्रगति हुई है, वह अभूतपूर्व है। इस अवधि में रेलवे में जैसा आमूलचूल व्यवस्थागत बदलाव हुआ है, वह बाकियों के लिए अनुकरणीय भी है।

कभी कोयले की धूल और काला धुआं उड़ाती भारतीय रेल आज बुलेट की गति से निशब्द होकर पटरियों पर दौड़ने के लिए कमर कस चुकी है। पिछले दस सालों में न सिर्फ पटरियों पर ट्रेनों की रफ्तार कुलांचे भर रही है, बल्कि यात्रा द्रुत, सुगम और सुरक्षित भी हुई है। मौसम संबंधी बाधाओं और चंद अपवादों को छोड़ दें तो आज ट्रेनों की लेटलतीफी भी बीते कल की बात हो चुकी है। देश के कोने-कोने से वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों की लगातार बढ़ती मांग इस बात की गवाही है कि देशवासियों का भारतीय रेल पर भरोसा मजबूत हुआ है। ऐसे में सवाल है कि रेलवे की यह तेज तरक्की किनकी आंखों में चुभ रही है? कौन है, जो रेलवे के बदलते चेहरे को फिर से उस पुराने दौर में लौटाना चाहता है? आख़िर

▸▸ **रेलवे को लेकर लगातार फैलाई जा रही हैं अफवाह**

▸▸ **छोटी और मामूली बातों का बनाया जा रहा बतंगड़**

▸▸ **राष्ट्रविरोधी तत्वों के भी निशाने पर है रेल**

कौन सी ताकतें हैं, जो रेल को बेपटरी करना चाहती हैं।

पिछली कुछ घटनाओं पर गौर करें तो यह बात शीशे की तरह साफ़ नज़र आती है कि देश में चल रही मौजूदा राजनीतिक खींचतान में रेलवे को भी एक मोहरा बनाने की कोशिशें चल रही हैं। रेलवे की वर्तमान यशोगाथा मुद्दाविहीन विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी को तो फूटी आंख नहीं सुहा रही है। कभी वंदे भारत के इंजन में फाइबर शीट के इस्तेमाल को लेकर बेतुकी और मूर्खतापूर्ण बयानबाजी हो या कभी सोशल मीडिया में पुराने रेल हादसों के फोटो-वीडियो को वायरल करने का मामला, ऐसा लगता है कि कांग्रेस को रेलवे की दमदार प्रगति पच नहीं रही है। इसी के चलते वह छोटी-मोटी और मामूली बातों को भी लेकर रेल के पीछे हाथ धोकर पड़ी रहती है।

ताज़ा मामला महाराष्ट्र के कसारा नामक स्थान पर जबलपुर-मुंबई गरीब रथ ट्रेन में सांप के घुस जाने का है। घटनाक्रम कुछ ऐसा है कि कसारा होम सिग्नल के पास यह ट्रेन खड़ी थी। यात्रियों के गेट खोल देने के चलते एक डिब्बे में सामने के जंगल से एक सांप घुस आया। यात्रियों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन सांप अंदर प्रवेश कर गया। ऐसे में ट्रेन में मौजूद रेलवे के स्टाफ ने बेहद तत्परता से पहले तो सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिर उस डिब्बे को काटकर बाकी ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

पूरे घटनाक्रम में रेलवे स्टाफ़ की सक्रियता और तत्परता के साथ-साथ यात्रियों का सहयोग भी सराहनीय रहा। यहां पिछले दिनों ब्रिटेन में कुछ ऐसी ही मिलती-जुलती घटना का जिक्र ज़रूरी है, जहां ट्रेन के एक डिब्बे में गिलहरी घुस आने के बाद कुछ इसी तरह कोच को खाली कराया गया और गाड़ी आगे रवाना की गई। इस पर वहां सभी ने रेलवे की ब्रिटिश रेल व्यवस्था की सराहना की। दूसरी ओर, महाराष्ट्र की सांप वाली घटना को देखें तो यहां रेलवे पर कांग्रेसी भोंपू कुछ तरह बजने लगा, मानो रेलवे के किसी स्टाफ ने सांप पकड़कर डिब्बे के अंदर छोड़ दिया हो। दरअसल, इन सबके पीछे रेलवे के तेजी से बदल रहे चेहरे को ढंकने और उल्टा उसे बदनाम करने की कोशिशें हैं।

## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4. 1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5. 1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6. 1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7. 1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10. 1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का, दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3. 1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8. 1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9. 1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



### वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | ■ | ■ | ■ | 2 धे |
| ■ | ■ | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| ■ | 5 गे | ■ | लु | ■ | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | ■ |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | 7 त |
| ■ | मू | ■ | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | ■ | ना |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.25 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 23.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष** – आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन** – आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क** – आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या** – आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला** – आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक** – आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**धनु** – आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन** – आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जॉनी आई लव यू — सुबह : 08.56
- कोहराम — रात : 08.49

&pictures
- टॉइलेट - एक प्रेम कथा — सुबह : 10.45
- रनवे 34 — रात : 08.00

SONY PIX
- द लीजेंड ऑफ टार्जन — सुबह : 10.02
- वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 10.46
- धमाल — रात : 08.00

ZEE ACTION
- वेधा — सुबह : 10.40
- मक्खी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## एक नजर

### डेंगू के तीन संदिग्ध मरीज अस्पताल में भर्ती

**हल्द्वानी :** डेंगू मच्छर का डंक गहरा होता जा रहा है। बुधवार को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डेंगू के दो संदिग्ध मरीज भर्ती हुए हैं। वहीं एक संदिग्ध मरीज बेस अस्पताल में भर्ती हुआ है। तीनों मरीजों के ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये हैं। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि बेस अस्पताल में डेंगू के दो एलाइजा पॉजिटिव मरीज भर्ती हैं। जिनकी सेहत में पहले से सुधार है। जिले में अब तक डेंगू के 25 मामले सामने आये हैं। इनमें से पांच नैनीताल तथा अन्य बाहरी जिलों के हैं। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सोर्स रिडक्शन व फॉगिंग कार्य कर रही हैं।

### गुलदार ने तीन मवेशियों को बनाया निवाला

**रानीखेत :** विकासखंड ताड़ीखेत के अंतर्गत निकटवर्ती अम्याड़ी गांव में विगत मंगलवार रात गुलदार ने गौशाला का दरवाजा तोड़ दो गाय सहित कुल तीन गोवंशीय पशुओं को मार डाला। अम्याड़ी गांव में मंगलवार गुलदार ने सुरेश चंद्र पांडे के गौशाले का दरवाजा तोड़कर वहां बंधी दो दुधारू गायों को निवाला बना लिया तथा बछिया को साथ उठा ले गया। इससे गांव में दहशतहै। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश पांडे ने प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# पारिवारिक सुरक्षा के लिए विवाह विच्छेद की अनुमति उचित : कोर्ट

## झूठे मुकदमे में पति व उसके परिवार को फंसाने का मामला

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▸▸ झूठे आपराधिक आरोपों के बाद पति या पत्नी को संबंध में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : कोर्ट

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि तलाक एक सिविल कार्यवाही है। यह संस्था संबंध-विच्छेद होने के बावजूद पति या पत्नी को झूठे आपराधिक मामले दर्ज करके अपने विपक्षी से बदला लेने के लिए कभी भी प्रेरित नहीं करती है। ऐसे मुकदमों से विपक्षी की प्रतिष्ठा और सामाजिक मर्यादा को नुकसान पहुंचता है, इसलिए ऐसे मामलों में भविष्य के जोखिम को देखते हुए विवाह-विच्छेद की अनुमति देना उचित होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा दिए गए तलाक के आदेश को चुनौती देने वाली तृप्ति सिंह की याचिका को खारिज करते हुए दिया और तलाक के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

मामले के अनुसार, पक्षकारों का विवाह वर्ष 2002 में हुआ और उन्हें एक बेटा भी हुआ। वर्ष 2006 में अपीलकर्ता ने अपना वैवाहिक घर छोड़ दिया, जिसके बाद विपक्षी/पति ने तलाक की कार्रवाई शुरू की। मालूम हो कि अपीलकर्ता ने विवाह के 6 वर्ष बाद और पति द्वारा तलाक की याचिका दाखिल करने के बाद दहेज की मांग के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कोर्ट ने पाया कि दोनों पक्ष शिक्षित हैं। इसके बावजूद अपीलकर्ता ने केवल प्रतिशोध और विपक्षी को परेशान करने के उद्देश्य से दहेज की मांग के झूठे आपराधिक मामले दर्ज करवाए, जिसके कारण पति के पारिवारिक सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और बाद में उन्हें जमानत दे दी गई। हालांकि अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अपीलकर्ता द्वारा अपने ससुराल वालों के द्वारा किए गए बुरे व्यवहार के कारण आपराधिक मामले दर्ज करवाए गए, लेकिन कोर्ट ने पाया कि ऐसे आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं। इसके अलावा अपीलकर्ता का यह भी तर्क है कि वह अपने पति के साथ वैवाहिक संबंध को पुनर्जीवित करने के लिए आपराधिक कार्यवाही में अपने बयान से मुकर गई, साथ ही अपीलकर्ता ने पक्षकारों के बीच समझौता होने का भी दावा किया, लेकिन कोर्ट के समक्ष ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि विपक्षी के माता-पिता भले ही अपीलकर्ता के ससुराल वाले हों, लेकिन माता-पिता की अकारण गिरफ्तारी और उनके खिलाफ झूठे आपराधिक आरोपों के बाद विपक्षी को ऐसे संबंध में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई 30 को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में बुधवार को दो घंटे चली सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट से प्रार्थना की कि पहले रिकॉल आवेदन पर सुनवाई की जाए। इसके बाद मुकदमे की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए।

दरअसल, जनवरी 2024 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले के सभी मुकदमों को एक साथ सुनने का आदेश जारी किया गया था। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था, लेकिन इस पर तब सुनवाई नहीं हो सकी। अब कोर्ट मामले की अगली सुनवाई यानी आगामी 30 सितंबर को वाद बिंदु तय करने से पहले मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल रिकॉल एप्लीकेशन पर सुनवाई करेगी। दूसरी ओर वाद संख्या 13 के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने वाद बिंदु दाखिल किया और कोर्ट से प्रार्थना की है कि इन्हीं बिंदुओं के आधार पर मामले का शीघ्र निस्तारण हो।



**चुनाव** बुधवार को चुनाव के दौरान जम्मू पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करतीं स्थानीय महिलाएं। ● एजेंसी

# हलफनामा दाखिल करने में राज्य प्राधिकारी लापरवाह

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ महाधिवक्ता और प्रमुख सचिव (विधि) को ऐसे मुद्दों का संज्ञान लेने का दिया निर्देश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य प्राधिकारियों और उनके अधिवक्ताओं द्वारा हलफनामा दाखिल करते समय बरती जाने वाली लापरवाही पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसी कमियों को दूर करने के लिए बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद राज्य प्राधिकारियों तथा राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं का रवैया बहुत ही लापरवाह है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की एकलपीठ ने भदोही के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा एक मामले में दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे में हुई त्रुटियों को रेखांकित करते हुए की। कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता के अनुरोध पर निश्चित भूमि के लिए स्टांप शुल्क मूल्यांकन को चुनौती देने वाले उपरोक्त मामले में पहले भी कई बार स्थगन आदेश दिया था। फरवरी 2024 से लेकर गत 30 अगस्त तक कोई जवाबी हलफनामा दाखिल न होने पर कोर्ट ने सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी।

अंत में कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (विधि) को ऐसे मुद्दों का संज्ञान लेने का निर्देश दिया है।

### छेड़छाड़ मामले में पूर्व सभासद समेत तीन को 3 वर्ष की कैद

**बरेली :** घर में घुसकर किशोरी (16) के साथ छेड़छाड के आरोपी पूर्व सभासद शेखरपाल, गंजा उर्फ राकेश और जगीरा को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट रामानंद ने प्रत्येक को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि कुछ दिनों से फाल्तूनगंज निवासी कालीबाड़ी का पूर्व सभासद शेखर पाल, जगीरा और वीरेंद्र घर के सामने शराब पीकर बेटी से छेड़छाड़ करते है।

# एनएचएआई के दो पीडी समेत 18 अधिकारी-कर्मचारी दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**भूमि अधिग्रहण घोटाला**

▸▸ मंडलस्तरीय कमेटी की जांच रिपोर्ट कमिश्नर ने शासन को भेजी

▸▸ बीपी पाठक के बाद तत्कालीन पीडी अमित रंजन पाए गए दोषी

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे और रिंग रोड भूमि अधिग्रहण घोटाले की मंडलस्तरीय जांच में एनएचएआई के तत्कालीन परियोजना निदेशक (पीडी) बीपी पाठक के साथ अमित रंजन चित्रांशी को भी दोषी पाया गया है। कमेटी की रिपोर्ट में वैल्युअर, साइट इंजीनियर, नोडल एजेंसी के जिला प्रतिनिधि और कई लेखपालों को भी घोटाले में भागीदार बताया गया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को यह रिपोर्ट शासन को भेज दी।

जांच रिपोर्ट में कुल 18 नाम हैं। चार भूमि अध्याप्ति अधिकारियों की भूमिका को भी संदिग्ध बताते हुए विशेषज्ञ एजेंसी से विस्तृत जांच कराने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि परिसंपत्ति के अधिक मूल्यांकन में मुख्य रूप से एनएचएआई के तत्कालीन पीडी अमित रंजन चित्रांशी, बीपी पाठक, संयुक्त सर्वे रिपोर्ट और संयुक्त मूल्यांकन रिपोर्ट देने के लिए एनएचएआई के साइट इंजीनियर पीयूष जैन, पारस त्यागी, एनएचएआई की ओर से नामित एजेंसी साईं सिस्ट्रा ग्रुप के जिला प्रतिनिधि उजैर अख्तर, एसए इन्फ्रा स्ट्रक्चर कंसलटेंसी लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि राजीव कुमार, सुनील कुमार, शिवम सर्वेइंग सिस्टम, वैल्यूअर रविंद्र गंगवार, सुरेश कुमार गर्ग दोषी हैं। गांव उगनपुर के तत्कालीन लेखपाल मुकेश मिश्रा, गांव अमरिया के लेखपाल विनय कुमार, गांव हुसैन नगर और सरदार नगर के दिनेश चंद्र, बिलहरा माफी के आलोक कुमार, मुड़लिया गौसू के मुकेश गंगवार, गांव हेतमडांडी के तेजपाल, गांव भैसहा के लेखपाल ज्ञानदीप गंगवार और विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के तत्कालीन भूमि अर्जन अमीन अनुज वर्मा को भी दोषी बताया गया है।

## दो पैन कार्ड मामले में 30 सितंबर को होगी सुनवाई

**अमृत विचार, रामपुर :** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में दो पैन कार्ड मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हुई। अब इस मामले में 30 सितंबर को बहस होगी।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। पिछली तारीख पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आपित्त दाखिल की थी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि इस मामले में अब 30 सितंबर को सुनवाई होगी।

# अतिक्रमण के चलते शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

संवाददाता, बहजोई (संभल)

▸▸ कलेक्ट्रेट परिसर में शव लाने को लेकर पुलिस से भिड़ी महिलाएं

▸▸ रास्ते से अवैध कब्जा हटाने के आश्वासन पर शव का किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में अतिक्रमण से रास्ता तंग हो जाने की वजह से शवयात्रा नहीं निकल पाई तो रास्ते पर कब्जे के विरोध में ग्रामीण शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कलेक्ट्रेट परिसर में शव ले जाने पर अड़ी महिलाओं से पुलिस की जमकर नोकझोंक हुई। एएसपी व डिप्टी कलेक्टर ने रास्ता खाली कराने का आश्वासन दिया तब जाकर ग्रामीणों ने गांव में ले जाकर शव का अंतिम संस्कार किया।

मंगलवार को गांव बमनेटा निवासी ग्रामीण राजेंद्र की सांड़ के हमले में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद गांव की दर्जनों



कलेक्ट्रेट परिसर में शव लेकर जा रहे ग्रामीणों को रोकती पुलिस। अमृत विचार

महिलाएं व पुरुष राजेंद्र के शव को लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने गांव के रास्ते पर अवैध कब्जे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में कुछ दबंगों ने रास्ते की भूमि पर अपने मकान बना लिए हैं। जिसको लेकर कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्हें अंतिम संस्कार के लिए दीवार के ऊपर चढ़कर शव ले जाना पड़ता है। हंगामा इतना बढ़ा कि महिलाएं शव कलेक्ट्रेट के अंदर ले जाने की जिद करने लगीं।

सूचना पाकर डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया व एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस से महिलाओं की जमकर नोकझोंक हुई। एएसपी ने ग्रामीणों को अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन दिया तब जाकर 1 घंटे बाद महिलाएं शांत हुईं। उन्होंने शव ले जाकर गांव में अंतिम संस्कार किया।

## जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

▸▸ विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**मैं जांच का सामना करने को तैयार: सिद्धारमैया**

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

### विजय शर्मा का अवैध अस्पताल आज होगा सील

**बरेली :** डी-फार्मा की फर्जी डिग्री के मामले में जेल गए विजय शर्मा का अस्पताल गुरुवार को सील किया जाएगा। वह बिना पंजीकरण के शांति विहार में अस्पताल चला रहा था।

करीब एक सप्ताह पहले पुलिस की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शांति विहार में अस्पताल में जाकर जांच की थी। जिस भवन में अस्पताल चल रहा था, वहां एक परिवार का निवास कर रहा था, इसकी वजह से उस दौरान अस्पताल सील नहीं किया गया था। टीम ने अस्पताल पर नोटिस चस्पा कर अस्पताल संचालन के दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। बुधवार को समय सीमा समाप्त हो गई है, ऐसे में अब गुरुवार को अस्पताल सील किया जाएगा।

# प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी युवती को भाई ने पीटा

संवाददाता, ढकिया (रामपुर)

▸▸ भाई को जेल भिजवाने के लिए पुलिस से की शिकायत

**अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी के घर जा पहुंची। युवती के प्रेमी के घर पहुंचने पर गुस्साए भाई ने बहन को प्रेमी के घर से बुलाकर पिटाई शुरू कर दी। इससे गुस्साई युवती ने पुलिस बुला ली। पुलिस आरोपी भाई को पकड़ कर ढकिया चौकी ले गई। जहां युवती भाई को जेल भिजवाने की जिद पर अड़ गई। लेकिन पुलिस व कुछ ग्रामीणों ने युवती को समझा बुझाकर प्रेमी से उसकी शादी करा दी। बाद में मामला शांत हो गया।

ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव में 14 सितंबर से चार दिवसीय मेला लगा हुआ था। इस गांव की एक युवती का 3 वर्षों से गांव के ही दूसरी बिरादरी के युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसके चलते युवती मेले के दौरान प्रेमी के घर जा पहुंची। जिसके बाद से युवती व उसके भाई में विवाद शुरू हुआ। गुस्साई युवती भाई को जेल भिजवाने के बात करने लगी। भाई-बहन का विवाद देख पुलिस दोनों को ढकिया पुलिस चौकी ले आई। युवती जिद पर अड़ी देख ग्रामीणों व पुलिस ने उसके भाई और परिजनों को समझाया। ग्रामीण व पुलिस से शादी कर लेने की इजाजत मिलने के बाद युवती ने भाई को माफ किया।

### तमंचे के बल पर महिला से दुष्कर्म

**बरेली :** दूसरे समुदाय के युवक ने तमंचे के बल पर महिला से दुष्कर्म किया। युवक ने वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी और डेढ़ वर्ष तक जबरन संबंध बनाता रहा। उसने महिला के अपहरण की भी कोशिश की। थाना बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र की महिला के मुताबिक, उसके पति की मौत हो चुकी है। चार बच्चों का भरण पोषण करने के लिए वह शहामतगंज में किराये के मकान में रहती है। उसके पड़ोस में जरीना के घर फतेहगंज पश्चिमी निवासी नाजिम का आना जाना था। एक दिन रात में नाजिम उसके कमरे में घुस आया और सिर पर तमंचा रखकर दुष्कर्म किया।

# मुठभेड़ : बदमाश के पैर में लगी गोली, एक सिपाही घायल

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** जसपुर में मंगलवार देर रात हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी फरार होने में सफल रहा। बदमाशों से हुई इस मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हो गया। बदमाश 10 दिन पूर्व सराफा कारोबारी व उसके बेटे के साथ हुई लूट में शामिल था।

मंगलवार को रात करीब 2 बजे पुलिस टीम सूत मिल रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। रुकने पर बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपने बचाव में जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई फायरिंग



मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश से अस्पताल में पूछताछ करते एसएसपी। अमृत विचार

▸▸ सराफा कारोबारी व उसके बेटे से बदमाशों ने लूटी थी ज्वैलरी व नकदी

के चलते बदमाश भाग खड़े हुए। इस बीच एक बदमाश के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा।

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा काशीपुर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ ही अस्पताल में बदमाश से भी पूछताछ की। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान कुण्डा थानाक्षेत्रांतर्गत ग्राम सरबरखेड़ा निवासी दिलशाद के रूप में हुई है। जो जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग पर हुई सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना में शामिल है। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल भी घायल हुआ है।

बता दें कि 14 सितंबर की शाम मो. जुलाहान, जसपुर निवासी संजीव कुमार वर्मा रेहड़ (बिजनौर) स्थित ज्वैलर्स की दुकान को बंद कर बेटे के साथ लौट रहे थे। जैनेसिस इंटर कॉलेज तिराहे के पास तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनका बैग लूट लिया था। बैग में लगभग 20-25 ग्राम सोने की ज्वैलरी व लगभग 250 ग्राम चांदी का सामान व 50,000 रुपये नगद थे।

**बंदरबांट** बरेली नगर निगम ने बंदर पकड़वाने के लिए किया पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा रेट पर अनुबंध

# एक बंदर पकड़ने पर फर्म को मिलेंगे 779 रुपये

विश्वदीपक त्रिपाठी, बरेली

**अमृत विचार :** वादों से अगर हालात बदल जाते तो बरेली कब का स्मार्ट सिटी से इंटरनेशनल सिटी बन चुका होता। इन्हीं वादों के पीछे की हकीकत यह है कि बरेली नगर निगम ने सप्ताह भर पहले बंदर पकड़ने वाली फर्म से प्रदेश में सबसे ज्यादा रेट पर सौदा किया है। यही फर्म मथुरा में मात्र 100 रुपये के रेट पर एक बंदर पकड़ रही है, लेकिन बरेली में उसे एक बंदर के लिए 779 रुपये दिए जाएंगे। बंदरबांट की इस तैयारी पर नगर निगम के अफसरों ने चुप्पी साध ली है।

शहर में बंदरों की भरमार है। तमाम इलाकों में बंदरों की वजह से लोगों का जीना दूभर है। नगर निगम बोर्ड की बैठक में लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने की तैयारी तो की गई है लेकिन इस तरह के सवाल उठ रहे है कि बंदर पकड़वाने का ज्यादा फायदा किसे होने वाला है। वजह यह है कि नगर निगम ने सप्ताह भर पहले मथुरा की जिस फर्म को शहर में बंदर पकड़ने का ठेका दिया है, उसके लिए प्रति बंदर कई गुना ज्यादा रेट तय किया है। यह फर्म शहर में काम शुरू कर चुकी है। दिलचस्प यह है कि इतने महंगे रेट पर काम करने के बावजूद उस पर सवाल उठ रहे हैं।

टेंडर होने के बाद शहर में बंदर पकड़ने का काम शुरू हो गया है। किसी जगह बंदर हैं तो लिखित रूप से या फिर 1533 पर कॉल कर सूचना दी जा सकती है।

- डॉ. आदित्य तिवारी, पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी

▸▸ **सभी 17 नगर निगम में एक ही फर्म :** बंदर पकड़ने वाली मथुरा की फर्म को सिर्फ बरेली नहीं, प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों से ठेका मिला है। टेंडर की शर्तों के मुताबिक, सबसे कम 100 रुपये प्रति बंदर की दर पर इस फर्म ने मथुरा और फिर दो सौ रुपये की दर पर फिरोजाबाद में ठेका लिया है, लेकिन लखनऊ और वाराणसी में 745 रुपये के रेट पर उसका टेंडर मंजूर हुआ है। इसी तरह दूसरे नगर निगमों में भी वह अलग-अलग रेट पर बंदर पकड़ रही है। दिलचस्प यह भी है कि दो वर्ष पहले इसी फर्म ने बरेली में भी सिर्फ 140 रुपये प्रति बंदर के रेट पर ठेका लिया था।



▸▸ **मंकी कैचर का इस्तेमाल :** बंदरों को पकड़ने के लिए फर्म मंकी कैचर का उपयोग करती है। उन्हें पकड़ने के बाद जालीदार पिंजड़े में कैद किया जाता है और फिर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जाता है। नियमों के मुताबिक इस बीच बंदरों के खाने का भी इंतजाम करना होता है। बंदरों के साथ हिंसा करने पर पाबंदी है। ऐसा करने पर वन विभाग कार्रवाई कर सकता है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से झील में गिरा शिक्षक

**भीमताल :** तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक शिक्षक को टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक झील में जा गिरा। काफी मशक्कत के बाद दो नाव चालकों ने शिक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला। क्षेत्र के लोगों ने तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बुलंदशहर स्थित इंटर कॉलेज के छात्रों का दल भीमताल घूमने आया था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने शिक्षक सुनील कुमार शर्मा को टक्कर मार दी। जिससे वह झील में गिर गये। घटना के बाद छात्रों ने शोर मचाया तो बाइक सवार को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय विद्यालय का प्रधानाचार्य रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिद्वार

▸▸ सीबीआई ने 30 हजार रुपये लेते रंगे हाथों दबोचा

**अमृत विचार :** सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय भेल (हरिद्वार) के प्रधानाचार्य को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपी संविदा कर्मचारियों से प्रतिमाह के हिसाब से रिश्वत मांग रहा था। सीबीआई ने आरोपी के घर और दफ्तर की तलाशी भी ली, जिसमें कई दस्तावेज व अन्य सामग्री बरामद हुई है।

रिश्वत के संबंध में अरविंद कुमार ने शिकायत की थी। अरविंद दिल्ली की फर्म की ओर से स्कूल में नियुक्त है। उसके अलावा यहां पर अन्य लोग भी माली, गार्ड, सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। अरविंद कुमार पिछले 10 वर्षों से कार्यरत है और वह सुपरवाइजर का कार्य भी कर रहे है। आरोप है कि बीते काफी समय से स्कूल का प्रधानाचार्य राजेश कुमार उसे धमका रहा था। प्रधानाचार्य ने अरविंद कुमार से सभी संविदा कर्मियों से प्रतिमाह 10 हजार रुपये इकट्ठा कर 80 हजार रुपये की मांग की। अरविंद 50 हजार देने पर सहमत हो गया, लेकिन प्रधानाचार्य नहीं माना। तब अरविंद ने सीबीआई से प्रधानाचार्य की शिकायत कर दी। सीबीआई ने ट्रैप टीम बनाकर प्रधानाचार्य राजेश कुमार को 30 हजार रुपये लेते दबोच लिया।

### अंत्योदय परिवारों को निशुल्क तीन सिलेंडर

**देहरादून :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर राज्य में अंत्योदय राशन कार्डधारकों के लाभार्थियों के लिये वित्त मंत्री ने खजाना खोला है। इस मौके पर वित्त मंत्री ने अंत्योदय राशन कार्डधारकों को दिए जाने वाले मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलेंडर योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया है।

वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत अंत्योदय परिवारों के पुनरूत्थान के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलेंडर देने संबंधी योजना को 2022-23 में लागू किया गया था। यह योजना इस वर्ष मार्च माह में समाप्त हो गई थी। सरकार ने इस योजना को अति महत्वपूर्ण पाते हुए इसे बढ़ाने का विचार किया है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,350 |
| सोना रवा | 77,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,300 |
| चांदी (999) | 91,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

## बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा- निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा



एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

### कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन

प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

**समय सीमा :** प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

**कीमत निर्धारण :** इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

**खुला ट्रेडिंग :** प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन-डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

**समाचार का प्रभाव :** यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।



### जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

### प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार-चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार-चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

**मार्गदर्शन :** प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

## भारत का खाद्यान्न उत्पादन 33.22 करोड़ टन पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का खाद्यान्न उत्पादन जून में समाप्त फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गेहूं और चावल की बंपर फसल से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। चावल उत्पादन रिकॉर्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था।

# ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम पर सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

# कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय



देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ-साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

### राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

### जितिया पर्व पर स्नान के दौरान 25 की डूबकर मौत

**पटना।** बिहार में औरंगाबाद, पूर्वी व पश्चिम चंपारण, सारण, सीवान, पटना, रोहतास, अरवल और कैमूर जिले में बुधवार को जितिया पर्व पर स्नान के दौरान 25 लोगों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार औरंगााबाद में आठ, पूर्वी चंपारण और सारण में पांच, पश्चिम चंपारण में दो तथा सीवान, पटना, रोहतास, अरवल और कैमूर में एक-एक लोगों की डूबने से मौत हो गई। सारण के ओल्हनपुर और टेहटी गांव में दो बच्चों की नदी डूबने से मौत हो गई।

# कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं

## गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी



हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- मोदी बोले- कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में 370 वापस लाना चाहती है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं करते, वे अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं। मोदी ने सोनीपत जिले के गोहाना में चुनावी रैली में कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को वापस लाना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले बहादुरों के बलिदान का अपमान होगा।

जम्मू-कश्मीर का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीन चरणों में से दो चरण का मतदान हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वहां शांति पसंद नहीं करते और हरियाणा के बहादुर सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव होते हैं तो हरियाणा की बहादुर माताएं खुश होती हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगियों को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहती है। वह वहां फिर से आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहती है। मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस देश के दुश्मन के एजेंडे को भारत में लागू करना चाहती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस को सबक सिखाएंगे।

### राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन-ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन-ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन-ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।

### वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे व न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश के लिए बाध्य होगी। कोर्ट ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कह सकते क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? हालांकि वह इस स्तर पर संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना मुश्किल है कि शिंदे ने पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं। पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

## चिकित्सा छात्रों को देनी होंगी एक वर्ष सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली सरकार के तहत चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की टिप्पणी पर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों काले कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने जारी वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कानूनों को फिर लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उनको फिर से लाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। गांधी ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री?

### कंगना ने टिप्पणी ली वापस

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

# रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलील पर लगाई फटकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

# गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

### तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

**चेन्नई।** तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

## आरएसएस ने चूहों की तरह राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की। भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।

## जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय शृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय शृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह शृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह शृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस शृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।



- 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

## ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।



### ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## खेल डायरी



### चावला ने विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी कमल चावला ने बुधवार को यहां आईबीएसएफ विश्व पुरुष 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के फाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल पर 6-2 की जीत से अपना पहला आईबीएसएफ विश्व 6 रेड खिताब हासिल किया। भारत के लिए मलकीत सिंह ने तथा महिला वर्ग में विद्या पिल्लई और कीर्तना पांडियान ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट के 2017 चरण में उप विजेता रहे 45 वर्षीय चावला ने पहले दो फ्रेम 23-47, 18-47 से गंवा दिए। लेकिन उन्होंने फिर शानदार वापसी करते हुए लगातार छह फ्रेम 71-0, 41-7, 64-0, 43-0, 33-20, 36-29 से जीत हासिल की। चावला ने सेमीफाइनल में जर्मनी के रिचर्ड विएनोल्ड को हराया था। मलकीत सिंह ने इसी वर्ग में सेमीफाइनल 0-6 से हारने से कांस्य पदक जीता।

### ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

**बीजिंग।** जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा।



मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेरिस 2024 पैरालंपिक के तमिलनाडु के पदक विजेताओं को पुरस्कार से एक से दो करोड़ रुपये के प्रोत्साहन राशि के चैक सौंपे। पैरा बैडमिंटन की तुलसीमति को दो करोड़ जबकि नित्या श्री और मनीषा को एक-एक करोड़ का चैक सौंपा।

### मकाऊ ओपनः श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**मकाऊ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

# भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

### ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।





कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

### खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगेः हाथुरुसिंघा

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

### पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की शृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

## धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

- उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

### मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यून्स (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

## एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है।सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।



### अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।



## ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह शृंखला में 2-1 से आगे है। शृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉड्र्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

### सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# भारत अब रुकने वाला नहीं : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की 10वीं वर्षगांठ पर बुधवार को दोहराया कि विनिर्माण को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षी पहल ने एक सपने को एक शक्तिशाली आंदोलन में बदल दिया है और इसके प्रभाव से पता चलता है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है।

लिंक्डइन पर एक ब्लॉग में उन्होंने उन सभी की सराहना भी की, जिन्होंने इस पहल को शानदार सफलता बनाने में भूमिका निभाई और कहा कि इनमें से प्रत्येक एक अग्रणी, दूरदर्शी और नवोन्मेषी हैं। उन्होंने कहा कि इनके अथक प्रयासों ने कार्यक्रम की सफलता को शक्ति दी है, जिससे भारत वैश्विक आकर्षण के साथ-साथ जिज्ञासा का भी केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा, 'यह सामूहिक अभियान है और प्रकृति में यह अथक है। इसने एक सपने को एक शक्तिशाली आंदोलन में बदल दिया है। 'मेक इन इंडिया' का प्रभाव दिखाता है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है।' मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आज भारत के पक्ष में बहुत कुछ जाता है, क्योंकि यह लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग का एक आदर्श मिश्रण है।



● 'मेक इन इंडिया' की 10वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने इस पहल को बताया शानदार सफलता

### 90 से अधिक देशों को सैन्य सामान निर्यातः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 2023-24 में मूल्य के लिहाज से 1.27 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है और वह अब 90 से अधिक मित्र देशों को हथियार और सैन्य साजो सामान निर्यात कर रहा है। मंत्री ने राजग सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की 10वीं वर्षगांठ पर एक्स पर कहा कि भारतीय सशस्त्र बल अब भारतीय सरजमीं पर निर्मित हथियारों का उपयोग कर रहे हैं और देश वैश्विक रक्षा औद्योगिक परिदृश्य में उभर रहा है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### चीन ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के लिए मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता।

यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया।

रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### संयुक्त राष्ट्र अतीत में अटका हुआ है, ग्लोबल साउथ को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता : जयशंकर



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के अतीत में अटके रहने का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों को अब और नजर अंदाज नहीं किया जा सकता तथा संशोधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी श्रेणी में उनका उचित प्रतिनिधित्व विशेष रूप से आवश्यक है। जयशंकर ने ये टिप्पणियां जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की एक बैठक में एक न्यायपूर्ण विश्व और एक टिकाऊ ग्रह का निर्माण विषय पर कीं। जयशंकर ने कहा दुनिया एक परस्पर जुड़े हुए और बहुध्रुवीय क्षेत्र में तब्दील हो गई है और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से इसके सदस्यों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। फिर भी संयुक्त राष्ट्र अतीत में अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है, जिससे इसकी प्रभावशीलता और विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

### भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा।

# विधवाओं के मेकअप पर हाईकोर्ट की टिप्पणी बेहद आपत्तिजनकः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने श्रृंगार सामग्री और एक विधवा के बारे में एक हाईकोर्ट की टिप्पणी को अत्यधिक आपत्तिजनक करार देते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणी एक अदालत से अपेक्षित संवेदनशीलता और तटस्थता के अनुरूप नहीं है। न्यायालय 1985 के हत्या के एक मामले में पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर विचार कर रहा था, जिसमें एक महिला का उसके पिता के घर पर कब्जा करने के लिए अपहरण कर लिया गया था और बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी। हाईकोर्ट ने मामले में पांच लोगों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा था और दो अन्य सह-आरोपियों को बरी करने के फैसले को खारिज कर दिया था।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस प्रश्न की जांच की थी कि क्या पीड़िता वास्तव में उस घर में रह रही थी, जहां से उसका कथित तौर पर अपहरण किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि महिला के मामा और एक अन्य रिश्तेदार तथा जांच अधिकारी की गवाही के आधार पर हाईकोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि वह उक्त घर में रह रही थी। पीठ ने कहा कि जांच अधिकारी ने घर का निरीक्षण किया था और कुछ मेकअप सामग्री को छोड़कर कोई प्रत्यक्ष सामग्री नहीं जुटाई जा सकी, जिससे पता चले कि महिला वास्तव में वहां रह रही थी। पीठ ने कहा कि बेशक, एक अन्य महिला, जो विधवा थी, वह भी घर के उसी हिस्से में रह रही थी।

पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस तथ्य पर ध्यान दिया था, लेकिन यह कहते हुए इसे टाल दिया कि चूंकि दूसरी महिला विधवा थी, इसलिए श्रृंगार (मेकअप) का सामान उसका नहीं हो सकता था, क्योंकि विधवा होने के कारण उसे श्रृंगार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।"

● पटना हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान की थी टिप्पणी



# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओरआसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।



● एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

# उप्र की संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' ऑस्कर में ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि

**लंदन।** लंदन निवासी भारतीय मूल की फिल्मकार संध्या सूरी की फिल्म संतोष को ऑस्कर पुरस्कार की अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर शामिल किया गया है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा बाफ्टा को यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' को अगले साल होने वाले ऑस्कर पुरस्कार की अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। संतोष की कहानी भारत के उत्तर प्रदेश राज्य की पुलिस पर आधारित है। सूरी ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा मैं उत्तर प्रदेश में शूटिंग करना चाहती थी क्योंकि मैं मूल रूप से वहीं से हूं और साथ ही मैं बहुत सारे लाइव लोकेशन पर फिल्मांकन करना चाहती थी। मेरे लिए प्रामाणिकता की भावना भरना बहुत महत्वपूर्ण था। मैं वृत्तचित्र फिल्म निर्माण की पृष्ठभूमि से आती हूं और इससे मुझे लगता है कि मैं कुछ वास्तविक बना रही हूं। सूरी का जन्म और पालन-पोषण उत्तर-पूर्व इंग्लैंड के डार्लिंगटन में हुआ है। वह खुद को लगातार भारत की ओर आकर्षित पाती हैं।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

यरुशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया। उधर, हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।

### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

### 51 की मौत, 223 घायल

**तेल अवीव।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बुधवार को इजराइली हमलों में 51 लोगों की मौत हो गई और 223 घायल हो गए। यह संख्या पिछले दो दिनों में लेबनान में मारे गए 564 लोगों और 1,800 से अधिक के घायल होने के अतिरिक्त है।

# रूस पर हमले का समर्थन करने वाली परमाणु शक्ति को आक्रमणकारी माना जा सकता है



**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि रूस पर किसी अन्य देश द्वारा हमला किए जाने का समर्थन करने वाले परमाणु शक्ति संपन्न देश को मास्को के परमाणु सिद्धांत के नए संस्करण के तहत आक्रमण में भागीदार माना जाएगा। परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन पर विचार करने वाली रूस की सुरक्षा परिषद की बैठक में पुतिन ने घोषणा की कि दस्तावेज के संशोधित संस्करण के अनुसार किसी परमाणु शक्ति संपन्न देश के समर्थन से किसी गैर-परमाणु शक्ति वाले देश द्वारा उनके देश के खिलाफ किए गए हमले को रूसी संघ पर उनके संयुक्त हमले के रूप में देखा जाएगा। परमाणु हथियारों के उपयोग की शर्तों को स्पष्ट करने वाला यह परिवर्तन पुतिन द्वारा अमेरिका और अन्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सहयोगियों को दी गई चेतावनी के बाद किया गया है। चेतावनी में कहा गया था कि यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए पश्चिमी देशों द्वारा आपूर्ति किए गए हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने का मतलब होगा कि रूस और नाटो के बीच युद्ध चल रहा है।

# आईआईटी दिल्ली ने विकसित की हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट

नई दिल्ली, एजेंसी

डीआरडीओ ने आईआईटी-दिल्ली के साथ मिलकर हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित की है, जो उच्चतम खतरे के स्तर से निपटने में सक्षम है और जिसके आगे और पीछे के कवच 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करते हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चयन-मानदंड के आधार पर कुछ भारतीय उद्योगों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहायता के लिए चुना गया।

डीआरडीओ ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर 'अभेद्य' (एडवांस्ड बैलिस्टिक्स फॉर हाई एनर्जी डिफीट) नाम से ये हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित की गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये जैकेट आईआईटी, दिल्ली में स्थित डीआरडीओ उद्योग अकादमिक उत्कृष्टता केंद्र में तैयार की गई हैं। केंद्र तीन उद्योगों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करने के लिए तैयार है। विभिन्न बीआईएस स्तरों के लिए 8.2 किलोग्राम और 9.5 किलोग्राम वजन वाली ये मॉड्यूलर-डिजाइन जैकेट 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करती हैं।

● डीआरडीओ की मदद से तैयार जैकेट 360 डिग्री सुरक्षा देगी



# बांग्लादेश जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया। यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा।

**खगोल विज्ञान** | डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।